सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 07 जुलाई, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 184, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेमीकंडक्टर उद्योग में वैश्विक खिलाड़ी बन सकता है भारत

भारत के पास सेमीकंडक्टर उद्योग में वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिए प्रतिभा और गहन विशेषज्ञता है। } 14

## सहकारी संस्थाओं के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहकारी क्षेत्र ग्रामीण और कृषि अर्थव्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, और उन्होंने सहकारी संस्थाओं के बीच सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। } 16

### संक्षेप

## इस माह के अंत में शुरू होगी नीट-यूजी काउंसिलिंग प्रक्रिया

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया इस माह के अंत तक शुरू हो सकती है। काउंसलिंग सत्र जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना थी। हालाँकि काउंसलिंग अधिकारियों ने कोई तारीख या कार्यक्रम अधिसूचित नहीं किया था। सूत्रों ने कहा कि कुछ मेडिकल कॉलेजों को अनुमति पत्र जारी करने की प्रक्रिया अभी जारी है और अतिरिक्त सीट जोड़े जाने की संभावना है। आधिकारिक सूत्र कहा यह प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद काउंसलिंग की तिथि घोषित की जाएगी।

## कांवड़ियों पर फिर बरसेंगे फूल

मेरठ। उत्तर प्रदेश सरकार आगामी कांवड़ यात्रा पर हेलीकॉप्टर से निगरानी रखेगी और कांवड़ियों पर फूल भी बरसाएगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक विज्ञप्ति के अनुसार राज्य के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद मंडलों के वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों तथा उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। यह बैठक मेरठ मंडलायुक्त सभागार में हुई। कांवड़ यात्रा 22 जुलाई के बाद शुरू होने की उम्मीद है। बयान के अनुसार समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने बताया कि पूरी यात्रा पर हेलीकॉप्टर से निगरानी रखी जाएगी और पिछले वर्षों की तरह श्रद्धालुओं पर फूल भी बरसाए जाएंगे। सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखा जाना चाहिए।

## मुजफ्फरनगर मामला : कोर्ट में पेश हुए मंत्री व पूर्व विधायक

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में 2013 में हुए सांप्रदायिक दंगे में भड़काऊ भाषण देने के सिलसिले में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिलदेव अग्रवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान एवं अन्य आरोपी एक स्थानीय सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) में शनिवार को पेश हुए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तारीख तय की है। अभियोजन अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे के आरोपी उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व भाजपा विधायक उमेश मलिक और महंत नरसिंहानंद सरस्वती एवं अन्य यहां विशेष एमपीाएमएलए अदालत में पेश हुए।

## विदेशी मेडिकल स्नातकों की परीक्षा की निगरानी के लिए कमान केन्द्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) 2024 शनिवार सुबह निर्बाध रूप से शुरू हो गई और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा की निगरानी के लिए दिल्ली स्थित राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) मुख्यालय में कमान केन्द्र स्थापित किया गया है। एक अधिकारी ने बताया, सभी परीक्षा केंद्रों पर (परीक्षा) सामग्री सफलतापूर्वक डाउनलोड कर ली गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुचारू रूप से प्रारंभ हुई। गृह मंत्रालय के अधिकारियों की एक टीम ने एनबीईएमएस मुख्यालय का दौरा किया है। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। एफएमजीई एक अहम परीक्षा है और इसके बाद ही विदेशी मेडिकल स्नातक को देश में चिकित्सा सेवाएं देने का पात्र माना जाता है। यह परीक्षा 21 राज्यों के 50 शहरों में 71 केंद्रों पर आयोजित हो रही है। परीक्षा दो पालियों में - सुबह नौ से 11.30 बजे और अपराह्न दो बजे से शाम 4.30 बजे तक होगी। अधिकारियों के अनुसार, 71 केंद्रों के लिए 255 मूल्यांकनकर्ता नियुक्त किए गए हैं, 53 संकाय सदस्यों को उड़न दस्ते के रूप में नियुक्त किया गया है। साथ ही, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करने के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बनी सहमति

### नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने पीएम मोदी से कहा- एफटीए पूरा करने के लिए तैयार

एजेंसी



लंदन। ब्रिटेन के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर ने शनिवार सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री आवास डाउनिंग स्ट्रीट के अनुसार, उन्होंने कहा कि वह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

भारत और ब्रिटेन दो वर्षों से अधिक समय से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन दोनों देशों में आम चुनावों के बीच 14वें दौर में वार्ता रुक गई थी। उम्मीद है कि अब स्टॉर्मर के नेतृत्व वाली नई लेबर सरकार फिर वार्ता शुरू करेगी। लेबर सरकार को इस सप्ताह भारी बहुमत से वोट मिला है। नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री की हिंद-प्रशांत क्षेत्र से संबंधित अंतरराष्ट्रीय फोन वार्ता के संबंध में डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि शनिवार को सबसे पहले मोदी से बात हुई और उसके बाद जापान और ऑस्ट्रेलिया से बात की गई। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा, दोनों नेताओं ने चुनावी जीत पर एक-दूसरे को बधाई दी और ब्रिटेन तथा भारत के बीच संबंधों की मजबूती पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे दोनों पक्षों के लिए लाभकारी समझौता करने के लिए तैयार हैं। दोनों नेताओं ने जल्द से जल्द मिलने की उम्मीद जताई। जनवरी, 2022 में जब बोरिस जॉनसन ब्रिटिश प्रधानमंत्री थे, तब से दोनों पक्ष 38.1 अरब पाउंड की द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को बढ़ाने के लिए एक समझौते पर पहुंचने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके बाद से वार्ता को ब्रिटेन में राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा। पहले लिज ट्रस को थोड़े समय के लिए प्रधानमंत्री बनाया गया, उसके बाद ज षि सुनक ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री बने।

वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मसूद पेजेश्कियान को ईरान का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर शनिवार को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे गर्मजोशी भरे और दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हूं।

सुधारवादी उम्मीदवार पेजेश्कियान ने शनिवार को ईरान के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सईद जलीली को हरा दिया, जिन्हें कट्टर विचारों वाला माना जाता है। पेजेश्कियान ने आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहे ईरान के पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने और देश में अनिवार्य हिजाब कानून में ढील देने का वादा किया है।

# यूपी में बाढ़ से निपटने को सरकार तैयार

### ❍ मुख्यमंत्री योगी ने तैयारियों का लिया जायजा ❍ बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 10 करोड़ आवंटित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी में बाढ़ के हालातों से निपटने के लिए योगी सरकार ने प्रभावित जिलों के लिए 10 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इस फंड से इन इलाकों में जरूरी सामग्री खरीदी की जा सकेगी। योगी सरकार ने बरसात के मौसम में संभावित बाढ़ से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 24 अति संवेदनशील और 16 संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। इन चौकियों पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी के जवान तैनात है। इसके अलावा सभी बाढ़ प्रभावित जिलों में आपदा मित्र और नाविकों को नावों के साथ तैनात किया गया है। बाढ़ प्रभावितों की सहायता के लिए यूपी सरकार ने 40 में से 39 जिलों में खाद्यान्न की निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली है। अति संवेदनशील और संवेदनशील दोनों क्षेत्रों में कुल 612 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। इन चौकियों पर एनडीआरएफ की सात टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमें तैनात हैं। खाद्य पैकेटों के लिए निविदा प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। केवल गाजीपुर के लिए निविदा प्रक्रिया बाकी है। जल्द ही इसे अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत पहुंचाने के लिए ये पैकेट वितरित किए जाएंगे। पहले प्रकार के खाद्य पैकेट में दो पैकेट लाई, 2 किलोग्राम भुने चने, प्लास्टिक के पैकेट में 1 किलोग्राम गुड़, 10 पैकेट बिस्कुट, एक पैकेट माचिस और मोमबत्ती, दो नहाने का साबुन, एक 20 लीटर का जरीकेन और 12 गुणा 10 वर्ग फीट का एक तिरपाल शामिल है। दूसरे प्रकार में प्रति व्यक्ति 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 2 किलो अरहर दाल, 10 किलो आलू, 200 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम मिर्च पाउडर, 200 ग्राम सब्जी मसाला, एक लीटर सरसों का तेल और एक किलो नमक का पैकेट शामिल है। उत्तर प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए विशेष रूप से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राहत कार्य पर नजर रखें अफसर, प्रभावितों को दें मदद : योगी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश के दृष्टिगत सम्बन्धित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावितों को मदद प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने आपदा से प्रभावित लोगों को अनुमन्य राहत राशि का अविलम्ब वितरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि आपदा से हुई जनहानि में प्रत्येक प्रभावित परिवार को 4 लाख रुपये की अनुमन्य राहत राशि अविलम्ब प्रदान की जाए। जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिए हैं कि जल भराव की स्थिति में जल निकासी के लिए प्रभावी प्रबन्ध किए जाएं। नदियों के जल स्तर की सतत निगरानी की जाए। फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाएए ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के लिए अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

## नये दौर के अनुरूप चलाने होंगे तकनीकी पाठ्यक्रम : योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि आज का समय तकनीकी का समय है और नये दौर के अनुरूप तकनीकी पाठ्यक्रम चलाने होंगे। योगी आदित्यनाथ ने यहां सहजनवा के हरदी में राजकीय पॉलिटेक्निक के आवासीय और अनावासीय भवनों का उद्घाटन करने के बाद एक कार्यक्रम में कहा कि आज का समय तकनीकी का समय है और इसके लिए युवाओं को नए दौर के तकनीकी पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान करनी होगी ताकि वे किसी भी तरह समय से पीछे न रह सकें। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कुछ युवा विभिन्न ऑनलाइन फर्जी कंपनियों की लालच में फंसकर अपना धन और समय दोनों बेकार कर देते हैं, ऐसे में साइबर सुरक्षा भी एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। योगी ने संभावना जतायी कि साइबर सुरक्षा के लिए भी डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम चलवाकर प्रशिक्षित युवाओं को तैयार किया जा सकता है। साइबर सुरक्षा में प्रशिक्षित युवा साइबर से संबंधित विभिन्न मुद्दों में अपना योगदान दे सकते हैं और रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयास किया जाना चाहिए कि युवा आज ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में 24 घंटे के अंदर बारिश से जुड़ी घटनाओं में 13 लोगों की मौत

लखनऊ। यूपी में पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गयी। राहत विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राहत आयुक्त की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि पिछले 24 घंटों में राज्य में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गयी।

बयान के अनुसार, शुक्रवार शाम साढ़े छह बजे से शनिवार शाम साढ़े छह बजे तक फतेहपुर में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य की डूबने से मौत हो गई। बयान के मुताबिक रायबरेली जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य की बारिश से जुड़ी घटना में जान चली गई। बयान में कहा गया कि बुलंदशहर, कन्नौज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, कौशांबी, प्रतापगढ़, उन्नाव और मैनपुरी जिलों में भी एक-एक व्यक्ति की मौत की खबर है। उत्तर प्रदेश में औसतन 18.3 मिलीमीटर बारिश हुई। राहत विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 75 जिलों में से 45 में अधिक बारिश ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गुजरात में भी अयोध्या जैसा होगा भाजपा का हश्र : राहुल

एजेंसी



अहमदाबाद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन ने अयोध्या में भाजपा को हराकर राम मंदिर आंदोलन को पराजित कर दिया है जिसे लालकृष्ण आडवाणी ने शुरू किया था। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले चुनाव में भाजपा का गुजरात में भी यही हश्र होगा। गांधी ने कहा कि कांग्रेस को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनौती दी गई है और धमकी दी गई है, लेकिन वह गुजरात में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को उसी तरह हराएगी, जिस तरह उन्हें अयोध्या में हराया गया। गांधी यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कुछ दिन पहले ही कांग्रेस और भाजपा के बीच गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर झड़प हुई थी, जब भाजपा के कार्यकर्ता हिंदुओं पर उनकी (गांधी की) टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करने वहां गए थे। गांधी ने कहा उन्होंने (भाजपा) हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## न्यायिक जांच आयोग ने हाथरस घटना स्थल का किया दौरा

### सरकार ने दो महीने में जांच रिपोर्ट सौंपने के दिये निर्देश

जिला संवाददाता



हाथरस में हुई भगदड़ की घटना की जांच के लिए मौके पर पहुंचा न्यायिक जांच आयोग

हाथरस। एसआईटी के बाद अब न्यायिक जांच आयोग की टीम हाथरस हादसे की जांच करने पुलिस लाइन पहुंच गई है। टीम ने पहुंचते ही पुलिस-प्रशासिनक व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। उसके बाद आयोग की टीम फुलरई मुगलगढ़ी में घटना स्थल पर पहुंची। टीम ने सिकंदराराऊ ट्रामा सेंटर को भी देखा।

2 जुलाई को हाथरस जनपद में सिकंदराराऊ के फुलरई-मुगलगढ़ी में साकार हरि बाबा के सत्संग उपरांत हुए हादसे की जांच के लिए न्यायिक जांच आयोग की टीम 12 बजे के लगभग हाथरस की पुलिस लाइन पहुंची। न्यायिक जांच आयोग की टीम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व आईएएस हेमंत राव और पूर्व आईपीएस भवेश कुमार सिंह हैं। पुलिस लाइन पहुंचते ही आयोग की टीम ने पुलिस-प्रशासनिक व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में हाथरस डीएम, एसपी, सीएमओ, एडीएम, एसडीएम, एडीजी, एलआईयू आदि मौजूद रहे। वहां के बाद आयोग की टीम दोपहर 3:40 मिनट के लगभग घटना स्थल फुलरई मुगलगढ़ी पहुंची। पूरे घटना स्थल का निरीक्षण किया। सत्संग कार्यक्रम स्थल के सामने सड़क पार के खेत और उससे पहले गहराई को देखा। रिटायर्ड न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पूरा स्पॉट देखा कि किधर से आए, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया मुख्य आरोपी

जिला संवाददाता



नोएडा। उत्तर प्रदेश के हाथरस में दो जुलाई को मची भगदड़ के मामले में मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर को शनिवार को मजिस्ट्रेट अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में गिरफ्तार किए गए एक अन्य संदिग्ध संजू यादव को भी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इससे पहले, हाथरस के पुलिस अधीक्षक (एसपी) निपुण अग्रवाल ने संवाददाताओं को बताया कि पुलिस मधुकर और अन्य संदिग्धों की रिमांड हासिल करने के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

❍ यूपी में आरपीआई को भी मिले हिस्सेदारी (पृष्ठ-02)
❍ विस उपचुनाव को लेकर भाजपा मुख्यालय पर मंथन (पृष्ठ-02)
❍ ओछी राजनीति कर रही है कांग्रेस : नड्डा (पृष्ठ-14)
❍ आमीबा संक्रमण से अब तक चार लोगों की मौत (पृष्ठ-14)
❍ एक देश, एक चुनाव समय की मांग : माणिक साहा (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** पुलिस अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध : जम्मू-कश्मीर के डीजीपी स्वैन

# घाटी में भाड़े के विदेशी सैनिक फैला रहे दहशत

एजेंसी



डोडा/जम्मू। पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन ने शनिवार को कहा कि सीमा पार से दुश्मन जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बरकरार रखने के मद्देनजर लोगों में भय का माहौल पैदा करने के लिए भाड़े के विदेशी सैनिकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी स्वैन ने कहा कि पुलिस अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डोडा जिले के गंदोह इलाके में हाल में आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान बहादुरी के लिए सात विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को पदोन्नत करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पुलिस प्रमुख ने कहा कि लोग सुरक्षा एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। गंदोह इलाके में 26 जून को हुई मुठभेड़ में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गए थे। इस इलाके में एक दशक से अधिक समय में यह पहली मुठभेड़ थी। पाकिस्तान का नाम लिए बिना स्वैन ने कहा कि हमारे विरोधी और दुश्मन ने यह सोचकर चुनौती पेश की है कि यह सीमावर्ती क्षेत्र है और वे इसका फायदा उठाकर विदेशी आतंकियों के जरिए आतंकवाद को पुनर्जीवित कर सकते हैं लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे।

## कुलगाम में चार आतंकी ढेर, एक सैनिक शहीद

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को दो जगहों पर हुई मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर हो गए जबकि सेना का एक जवान वीरगति को प्राप्त हो गया। आतंकियों के शव मुठभेड़ स्थल पर पड़े हुए हैं। पूरे इलाके की घेराबंदी की गई है। आईजी बीके बिर्दी ने बताया कि फ्रिसल चिन्नीगाम में चार आतंकी मारे गए हैं। गत एक माह में सुरक्षाबल छह आतंकियों का खात्मा कर चुके हैं। शनिवार सुबह पुलिस और विशिष्ट इनपुट के आधार पर कुलगाम के मुदरघम इलाके में घेराबंदी कर जैसे ही सुरक्षाबल संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़े तो आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें एक जवान घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बसपा नेता की हत्या में आठ संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी

❍ समर्थकों ने सीबीआई जांच की मांग की

चेन्नई। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के सिलसिले में कम से कम आठ संदिग्धों को पकड़ा गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। हालांकि दिवंगत नेता के समर्थकों और नेताओं ने सवाल उठाया है कि गिरफ्तार किए गए संदिग्ध क्या असली अपराधी हैं।

आर्मस्ट्रांग के समर्थकों ने दावा किया कि उनकी हत्या योजना बनाकर की गई थी और उन्होंने 52 वर्षीय आर्मस्ट्रांग की मौत की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की मांग की। मोटरसाइकिल सवार छह लोगों के एक समूह ने चेन्नई नगर निगम के पूर्व पार्षद आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को पेरम्बूर में उनके घर के पास हत्या कर दी थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने आर्मस्ट्रांग की हत्या की घटना पर शनिवार को दुख जताया और कहा कि इस मामले के आरोपियों को रातभर चले अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा पुलिस ने हत्या में शामिल लोगों को रात भर चले अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को मामले की जांच तेजी से करने और दोषियों को कानून के अनुसार सजा दिलाने का आदेश दिया है।

# यूपी आने वाले कांवड़ियों को उनके राज्य उपलब्ध करायें आईडी

## सीएम योगी के निर्देश के बाद मुख्य सचिव और डीजीपी ने मेरठ में कांवड़ यात्रा को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**मेरठ/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में उच्च स्तरीय बैठक में पवित्र सावन मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों को तैयारियां पुख्ता करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में शनिवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने मेरठ में पश्विमी उत्तर प्रदेश के आलाधिकारियों सहित चार राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को सफल और सुरक्षित बनाने पर विस्तार से चर्चा की।

- **मीटिंग में दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद**
- **पूरी यात्रा की सीसीटीवी और ड्रोन से होगी मॉनीटरिंग, पुलिस तय करेगी डीजे की ध्वनि सीमा**
- **यात्रा की मॉनीटरिंग के लिए स्थापित किये जाएंगे 8 कंबाइंड कंट्रोल रूम**

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कांवड़िए अपने साथ भाले, त्रिशूल या किसी प्रकार का हथियार लेकर नहीं चल सकेंगे। वहीं कावड़ यात्रा के रूट पर डीजे पर पाबंदी नहीं रहेगी, लेकिन नियमानुसार ध्वनि सीमा होनी आवश्यक है। साथ ही कावड़ यात्रा की सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इतना ही नहीं कांवड़ यात्रा के दौरान तिरंगा लेकर चलने वाले श्रद्धालुओं पर विशेष नजर रहेगी। इसके अलावा दूसरे राज्यों के अधिकारियों को कांवड़ियों को आईडी अवश्य उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है।




**यूपी-उत्तराखंड में बनाए जाएंगे 8 कंबाइंड कंट्रोल रूम :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। ऐसे में मेरठ में कांवड़ यात्रा समन्वय बैठक में दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान बैठक में मेरठ के सीमावर्ती जनपदों के वरिष्ठ अधिकारी ऑनलाइन जुड़े जबकि रेंज और मंडल के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने बताया कि कांवड़ रूट के सभी 12 जिलों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। इसको दो भागों में बांटा गया है। इसमें एक ग्रुप में वरिष्ठ अधिकारी जबकि दूसरे ग्रुप में थाना स्तर के अधिकारी जानकारी साझा करेंगे। कांवड़ यात्रा की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन से की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पूरी यात्रा को 5 जोन में बांटा गया है। यात्रा रूट पर जगह-जगह पर हेल्थ शिविर, कांवड़ शिविर बनाए जाएंगे। यहां पर कांवड़ियों के ठहरने, आराम करने एवं खाने पीने की व्यवस्था उपलब्ध होगी। वहीं महिलाओं के लिए अलग शिविर की व्यवस्था की गयी है। हेल्थ शिविर में एंटीवेनम इंजेक्शन भी मौजूद रहेंगे। यूपी उत्तराखंड में 8 कंबाइंड कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। इसका संचालन उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अधिकारी करेंगे ताकि कांवड़ियों को सभी सुविधाएं दी जा सकें।

**सभी राज्य अपने यहां से यात्रा के लिए निकलने वाले श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराएं आईडी कार्ड :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि यात्रा को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन रूट से यात्रा निकलती है, वहां से भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली एक्सप्रेस वे, देहरादून एक्सप्रेस वे और चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर 21 जुलाई की रात 12 बजे से भारी वाहनों का प्रवेश बैन रहेगा। वहीं पुलिस यात्रा के दौरान डीजे पर बजने वाले गानों और ध्वनि सीमा को तय करेगी। यात्रा के दौरान दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान के बार्डर पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। यहां डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता, आईबी, इंटेलिजेंस, एलआईयू की टीम एक्टिव रहेगी। कांवड़ रूट पर शराब और मांस की दुकानें बंद रहेंगी। इसके अलावा बिजली के खंभों को पॉलीथिन और ट्रांसफॉर्मर को जाली से कवर किया जाएगा ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो सके। यात्रा के मार्ग पर शिविर को हाइवे और एक्सप्रेव वे से दूरी पर बनाया जाएगा। डीजीपी ने बताया कि दूसरे राज्यों के अधिकारियों को कांवड़ियों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं ताकि किसी भी समस्या के दौरान उनसे संपर्क कर सहायता प्रदान की जा सके। वहीं ग्रुप में चलने वाले कांवड़ियों के ग्राम और थाने का उल्लेख करने को कहा गया है।

# महाकुंभ 2025 : सावन के पांच सोमवार को बंद रहेंगे निर्माण कार्य

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भगवान भोलेनाथ को समर्पित पवित्र सावन मास 22 जुलाई को सोमवार से शुरू हो रहा है। जलाभिषेक के लिए शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। ऐसे में महाकुम्भ के मद्देनजर प्रयागराज के शिवालयों में कराए जा रहे निर्माण कार्य सावन के पांचों सोमवार को बंद रहेंगे।

पर्यटन विभाग की ओर से महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के शिवालयों की भव्यता दिखाने के लिए सौंदर्याकरण कराया जा रहा है। इनमें प्राचीन दशाश्वमेध मंदिर, नागवासुकि मंदिर, कोटेश्वर महादेव, मनकामेश्वर महादेव मंदिर, पड़िला महादेव और दरियाबाद स्थित तक्षक तीर्थ प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन शिवालयों में सौंदर्याकरण का कार्य चल रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सावन में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। जिन शिवालयों में सौंदर्गीकरण का कार्य कराया जा रहा है, वहां की कार्यदायी संस्था को सोमवार को कार्य बंद रखने के लिए कहा गया है। सावन मास में इस बार पांच सोमवार पड़ रहा है। पहला 22 जुलाई, दूसरा 29 जुलाई, तीसरा पांच अगस्त, चौथा 12 अगस्त व पांचवां सोमवार 19 अगस्त को पड़ रहा है। इन पांच सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इसीलिए पर्यटन विभाग ने उप्र स्टेट टूरिज्म डवलपमेंट व उप्र प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड जैसी कार्यदायी संस्था को सोमवार के दिन सौदर्यीकरण का कार्य ना करने के लिए पत्र लिखा है। महाकुम्भ 2025 में दूसरे जिलों से आने वाले वाहन अब शहर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। पहली बार प्रयागराज मेला प्राधिकरण और यातायात पुलिस ने ऐसा प्लान तैयार किया है कि कानपुर से आने वाले वाहन भी शहर के बाहर बाहर सीधे बाईपास के जरिए आएंगे। मलाका से उन्हें स्टैनली रोड पार्किंग लाया जाएगा और यहां से श्रद्धालु मजार तिराहे के रास्ते रीवर फ्रंट टाइप रोड से संगम जाएंगे। अब तक कुम्भ मेलों में कानपुर से आने वाले वाहन सीधे शहर में आते थे। इस बार प्रशासन ने ऐसा ब्लू प्रिंट तैयार किया है, जिससे यहां के वाहन भी बाहर ही रहे। कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को कोखराज थाने के सामने से बाईपास पर लाया जाएगा। इधर से फाफामऊ की ओर लाकर मलाका में निर्माणाधीन सिक्स लेन पुल से सीधे स्टैनली रोड तक लाया जाएगा। यहां से सभी को सीधे संगम भेजा जाएगा। कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद का कहना है कि हमारा प्रयास है कि इस बार न तो लोग आमने. सामने आएं और साथ ही किसी स्नान पर्व पर शहर भी प्रभावित न हो।

# यूपी में आरपीआई को भी मिले हिस्सेदारी : आठवले

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आरपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्र की मोदी सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार में जिस तरह अपना दल, निषाद पार्टी को हिस्सेदारी मिली है, वैसे ही आरपीआई को भी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए।

- **आरपीआई ने महाराष्ट्र में 8 से 10 विधानसभा सीटों की मांग की**

शनिवार को यहां पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से भाजपा को 70 सीटें मिलने की उम्मीद को झटका लगा है। अपने दम पर केवल 33 सीटें भाजपा को मिली है। विपक्षी पार्टियों के संविधान में बदलाव, आरक्षण हटाओ के झूठ से भाजपा को नुकसान हुआ है। इसलिए उत्तर प्रदेश में भाजपा को आरपीआई को साथ में लेने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री आठवले ने कहा कि आगामी कुछ महीनों बाद महाराष्ट्र में चुनाव है। एनडीए गठबंधन वहां 170 से 180 सीटें जीतकर सरकार बनाने जा रहा है। आरपीआई ने भी वहां 8 से 10 विधानसभा सीटों की मांग की है। केंद्रीय मंत्री ने हाथरस घटना को लेकर कहा कि जिस बाबा के सत्संग में भगदड़ हुई, उसकी संपत्ति कुर्क करके जिन गरीब परिवारों के लोगों की मौत हुई है, उन्हें मुआवजा देना चाहिए। इसके लिए वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे। हाथरस में 121 लोगों की मौत की घटना बेहद दुःखद एवं गंभीर है। जल्द आयोजक की गिरफ्तारी होगी। मुख्यमंत्री योगी जी के निर्देश पर रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में कमेटी गठित हुई है, जो मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता को इंडिया गठबंधन द्वारा आरक्षण हटाने, संविधान खत्म करने का झूठ फैलाकर एनडीए सरकार के खिलाफ ब्लैकमेल किया गया। इसलिए भाजपा की सीटें कम हुई। इसके बावजूद केंद्र में एनडीए की सरकार बनी, इससे ये साबित होता है कि मोदी की लोकप्रियता कम नहीं हुई। मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा संविधान का सम्मान किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की इकोनॉमी विश्व में 10 वें से 5 पर आ गयी। अबकी बार उसे तीसरे नम्बर पर ले जाने का लक्ष्य है। महिला आरक्षण जैसा शानदार बिल पास हुआ, जो कभी बाबा साहेब का सपना था। मोदी ने बाबा साहेब का संविधान जम्मू कश्मीर में लागू किया। संविधान लागू होने से जम्मू-कश्मीर के एससी/एसटी/ओबीसी को आरक्षण मिला है। बड़ी संख्या में नेशनल हाइवे बन रहे हैं, जिससे देश का इन्सफ्रास्ट्रकचर मजबूत हुआ है। मोदी सरकार ने देश के 80 करोड़ लोगों को 5 साल तक फ्री अनाज देने का निर्णय, तीन करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय बेहद सराहनीय है। आरपीआई की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा रवींद्रालय, चारबाग में आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में लगातार तीसरी बार मंत्री बनने के बाद रामदास आठवले को सम्मानित किया गया।

# प्रशासनिक चूक से सबक नहीं लिया गया तो भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं होंगी : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि अगर हाथरस में हुई भगदड़ की घटना में प्रशासनिक चूक से सबक नहीं लिया गया तो भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं और होंगी।

यादव ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार भगदड़ की घटना में मामूली गिरफ्तारियां करके अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रही है। इस हादसे में 121 लोगों की जान चली गई थी। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कि उप्र शासन-प्रशासन हाथरस हादसे में अपनी नाकामी छुपाने के लिए छोटी-मोटी गिरफ्तारियां दिखाकर सैकड़ों लोगों की मौत से अपनी जिम्मेदारी का पल्ला झाड़ना चाहता है। उन्होंने कहा, कि अगर ऐसा हुआ तो इसका मतलब ये निकलेगा कि इस तरह के आयोजन में हुई शासनिक-प्रशासनिक विफलता से किसी ने कोई सबक नहीं लिया और ऐसी दुर्घटनाएं भविष्य में भी होती रहेंगी।

उन्होंने कहा, कि शासन-



प्रशासन किसी खास मंशा से व्यर्थ में ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर रहा है जो मूल आयोजन स्थल से दूर थे और गिरफ्तारी के बाद उनको ही दोषी ठहराये जाने की तैयारी कर रहा है। ये गिरफ्तारियां स्वयं में एक षड्यंत्र हैं। इन गिरफ्तारियों की तुरंत न्यायिक जांच हो, जिससे उप्र की भाजपा सरकार का खेल जनता के सामने लाया जा सके। सपा प्रमुख ने अपने पोस्ट के साथ एक पत्र भी साझा किया, जिसमें मैनपुरी जिले के निवासी अंकित यादव ने लिखा था कि उसके पिता (रामलड़ैते यादव) को भगदड़ की घटना के सिलसिले में गलत तरीके से फंसाया गया है और उसके पिता का इस घटना से कोई संबंध नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस में हुई भगदड़ की घटना की जांच के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया, जो इस संभावना की भी जांच कर रहा है कि धार्मिक सभा में मची भगदड़ के पीछे कोई साजिश तो नहीं थी।

# देश की एकता के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जीवन अर्पण कर दिया : भूपेन्द्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रणेता को कृतज्ञ नमन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर किया पुष्पार्चन**

भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सिविल हॉस्पिटल, लखनऊ स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर नमन किया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन करके नमन किया।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि देश की एकता और अखण्डता के लिए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना सर्वस्व जीवन अर्पण कर दिया। मां भारती के अमर सपूत, जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रहित में किये गये कार्य तथा उनका आदर्श व्यक्तित्व हमसभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। एक देश, एक विधान और एक निशान के लिए जम्मू-कश्मीर में परमिट व्यवस्था का विरोध करते हुए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्प को पूरा किया है और उन्हें सच्चे अर्थों में श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता के लिए बलिदान दिया। डा. मुखर्जी ने संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए प्रेरित किया। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा प्रशस्त मार्ग पर चलते हुए संगठन सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के संकल्पो को पूरा करते हुए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। भाजपा की राजनीति का ध्येय वैभवशाली राष्ट्र निर्माण है। जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ जन-जन की आत्मनिर्भरता से पूर्ण हो रहा है।

# नाबालिग वाहन चलाते पकड़े गये तो पिता को होगी जेल

**लखनऊ।** नाबालिक वाहनों से फर्राटा भरते सड़क पर मिले तो लड़के-लड़कियों के पिता को जेल हो सकती है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ एक बार फिर ट्रैफिक पुलिस सख्ती करने के साथ ही चेकिंग अभियान चलाने जा रही है। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे दो अथवा चार पहिया वाहन चलाते मिले तो बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की ओर से मोटर वाहन यान अधिनियम की धारा 199 क के मुताबिक बच्चे के आश्रितों को जेल या 25 हजार जुमार्ना भरना पड़ेगा। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस की ओर से शनिवार को एक दिशा निर्देश जारी किए गए है। जहां बच्चों की ओर से वाहनों का संचालन किसी भी दशा में उचित नहीं होगा। अभिभावकों से अपील भी की गई है कि 18 वर्ष से कम आयु वाले स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा बिना ड्राइविंग लाइसेंस के दो पहिया व चार पहिया वाहन चलाया जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

# विस उपचुनाव को लेकर भाजपा मुख्यालय पर मंथन

## भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष की अध्यक्षता में हुई संगठनात्मक बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक हुई। यह बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में हुई। इसमें प्रदेश महामंत्रियों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों ने हिस्सा लिया।

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष पहली बार प्रदेश मुख्यालय पर पहुंचे है और अभी प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होना है। ऐसे में यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। सूत्रों के अनुसार बैठक के दौरान प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव की तैयारियों के विषय में बीएल संतोष ने जानकारी हासिल की। इसमें उन्होंने पदाधिकारियों को जीत हासिल करने के लिए प्रत्येक विधानसभा की क्षेत्रीय और जातिगत समीकरण को समझा। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों से उन विधानसभा में संगठन के मुख्य उद्देश्य सेवा को बढ़ाने का निर्देश दिया ताकि वहां जनता के बीच पकड़ मजबूत हो सकें। उन्होंने संगठनात्मक स्तर पर समन्व बेहतर बनाने के लिए भी दिशा-निर्देश दिये। उपचुनाव तैयारियों में लगाये गये पदाधिकारियों से उन्होंने इस बात की भी जानकारी की ली कि उन विधानसभा में बहुलता किन जातियों की है।



माना जा रहा है कि इस बैठक में बीते लोकसभा चुनाव के परिणाम पर भी चर्चा की गयी और यह भी देखा गया कि चुनाव में किन कारणों से परिणामों में इतना असर पड़ा हालांकि इसकी रिपोर्ट पूर्व में ही दी जा चुकी है। बीएल संतोष के सामने इंडिया गठबंधन की ओर से किये गये दावों और मिलने वाले चुनौतियों से किस प्रकार से सामना किया जाना है। इस पर भी विस्तृत चर्चा हुई है। इससे पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष के भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने पटका पहनाकर उनका स्वागत किया।

# एसिड पीड़िताओं से मिले अजय राय, जानीं समस्याएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लगातार खेत खलिहानों से लेकर छात्रों, किसानों, महिलाओं, नौजवानों, दलितों, पिछड़ों मुस्लिमों, तथा समाज के तमाम समुदायों के बीच में हर मुद्दे पर संवाद कर रही है।

- **कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सीरोज कैफे एसिड पीड़िताओं से की मुलाकात**
- **राजधानी के केजीएमयू में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसिड पीड़िता से की मुलाकात**



इसी कड़ी में शनिवार को राजधानी लखनऊ स्थित सीरोज कैफे गोमती नगर पहुंचकर एसिड पीड़िताओं के बीच जाकर उनसे मुलाकात कर उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश की और उनके आने वाले जिंदगी में हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहने का यकीन दिलाया। उन्होंने कहा कि करूणा, सहयोग, साथ कांग्रेस की मूल विचारधारा है।

हमारे नेता राहुल गांधी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति से रोज मिलकर उनके जिंदगी में दुख और परेशानियों को समझने का प्रयास करते हैं और उनके दुख अपना दुख बना लेते हैं। हम भी राहुल गांधी के रास्ते पर चलते हुए एक नैतिक और आदर्शवादी राजनीति कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज इसी क्रम में लखनऊ में बीते दिनों हुए छात्रा पर तेजाब फेंकने की घृणित घटना के संज्ञान में आने के बाद आज कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी मध्यजोन की अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में लखनऊ के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग पहुंचकर पीड़िता के परिजनों से मिलकर पीड़िता का कुशल क्षेम जाना तथा घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी ली।

# मूसलाधार बारिश से शहर में सड़कें लबालब

विशेष संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पांच दिनों से लगातार रुक-रुक कर बारिश हो रही है। ऐसे में लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी जमकर बारिश होगी। शनिवार को राजधानी सहित 32 जिलों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश हुई। लखनऊ में शनिवार शाम को झमाझम बारिश के बाद कई इलाकों जलभराव से लोग परेशान हुए। शाम को घर लौट रहे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नालियां जाम होने, पानी के तेजी से ड्रेन आउट नहीं होने के कारण मुख्य मार्गों पर भी जलभराव की समस्या विकराल हो गई। तेज बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली गुल हो गई, तो कहीं वाहन फंसे हुए दिखाई दिए।

बारिश में पहले की तरह हर तरफ जलभराव रह। जानकीपुरम विस्तार में भवानी बाजार से डीपीएस, जे पी कॉन्वेंट, जानकीपुरम में आंकाक्षा परिसर के सामने, सहारा स्टेट वाली रोड में जल भराव हो गया। रहीम नगर चौराहा, नरही, चौपटिया, अलीगंज, कपूरथला, फैजुल्लागंज की गलियों में पानी भर गया। चिनहट में इस्माइल गंज के कई इलाकों में पानी भरने से लोगों को दिक्कत हुई। पुराने शहर, सादतगंज, वजीरगंज, आशियाना में सड़कें लबालब हो गईं। मौसम विभाग ने सोमवार तक पूर्वी यूपी के साथ मध्य और दक्षिणी इलाकों में अत्यधिक बरसात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान आंधी की भी आशंका जताई गई है। लगातार हो रही बरसात से अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे बना है। राजधानी में शनिवार को दिन का पारा 30.8 डिग्री और रात का 23.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह के मुताबिक रविवार को देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और आसपास के जिलों में बहुत अधिक बारिश की चेतावनी जारी की है। मानसून के असर के चलते अब लखनऊ में तेज बारिश हो रही है। इसे सामान्य से अधिक बारिश का रिकॉर्ड टूटा। बीते 24 घंटे में 8 मिलीमीटर बारिश का औसत रहा। सामान्य तौर पर 3.9 मिलीमीटर बारिश इस दौरान होती है। यह सामान्य बारिश से 105 फीसदी अधिक है। हनुमान सेतु क्षेत्र में सबसे अधिक 32.2 मिलीमीटर और एयरपोर्ट पर 5.1 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि 1 जून से अभी तक 51.2 मिलीमीटर बारिश लखनऊ में हुई। इस अवधि में 105.5 मिलीमीटर औसत बारिश होती है।

**लिफ्ट बन गई झरना :** कुर्सी रोड स्थित स्मृति अपार्टमेंट फ्लैट में लगी लिफ्ट से पानी गिरने लगा। समाजसेवी विवेक शर्मा ने बताया एलडीए के इस अपार्टमेंट गुणवत्ताहीन काम हुआ है। इस वजह से लिफ्ट झरना बन गई है। ऊपरी मंजिल पर रहने वालों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा।

**जानकीपुरम में जलभराव, जलनिकासी के लिए पम्पहाऊस पहुंचे विधायक :** एक घंटे की साधारण बारिश में ही जानकीपुरम के सेक्टर जी, जे, एफ और डी आदि में घुटनों तक पानी भर गया। बारिश के बीच उत्तर विधायक डा. नीरज बोरा जलनिकासी व्यवस्था जांचने क्षेत्र में पहुंचे। इस दौरान टेढ़ी पुलिया स्थित पम्पहाऊस पहुंचकर जानकीपुरम के वर्षा जल की त्वरित जलनिकासी हेतु कर्मचारियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा। मौके पर नगर निगम जोन तीन के अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा मौजूद रहे। शनिवार की देर शाम जानकीपुरम में निरीक्षण के दौरान डा. बोरा ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि तमाम प्रयासों के बाद भी जानकीपुरम में जलभराव की समस्या समाप्त नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि हमने आज ही पत्र लिखकर जानकीपुरम का हाइड्रो सर्वे किसी प्रतिष्ठित आईआईटी व तकनीकी एजेंसी से कराकर समस्या का स्थायी समाधान कराने के निर्देश उच्चाधिकारियों को दिए हैं।

# एलडीए से 9 सहकारी आवास समितियों को दी गयी जमीन की होगी जांच

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से 9 सहकारी आवास समितियों को दी गयी जमीन की जांच होगी। इन समितियों को कब और किन परिस्थितियों में भूमि समायोजित की गयी और फिर इनमें किन-किन लोगों को भूखण्ड आवंटित किये गये। जांच में इसका पूरा ब्योरा खंगाला जाएगा। प्राधिकरण के

- **सचिव की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय कमेटी करेगी जांच**

उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने भूमि समायोजन में फर्जीवाड़े की शिकायत पर मामले की जांच के आदेश दिये हैं। इसके लिए सचिव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गयी है, जोकि एक सप्ताह में पूरे प्रकरण की जांच करके अपनी रिपोर्ट देगी।

उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत आयी थी कि विभिन्न सहकारी आवास समितियों की ओर से लखनऊ विकास प्राधिकरण से फर्जी लोगों के नाम भूखण्ड आवंटित कराने का खेल किया गया है। इसमें प्रमुख रूप से 9 सहकारी आवास समितियों का जिक्र सामने आया है, जिसके विषय में सघन जांच की आवश्यकता है। लिहाजा इस सम्बंध में प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय जांच टीम गठित की गयी है। इस टीम में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम व प्रभारी अधिकारी-अर्जन शशिभूषण पाठक को शामिल किया गया है। यह कमेटी उक्त 9 हाउसिंग सोसाइटियों का स्थल निरीक्षण करने के साथ ही पत्रावलियों का परीक्षण करके समायोजन सम्बंधी पूरी कार्यवाही की जांच करेगी। कमेटी को एक सप्ताह के अंदर पूरे प्रकरण की जांच करके विस्तृत रिपोर्ट देनी होगी, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**उजरियांव आवासीय योजना में 5 समितियों को दी गयी जमीन :** उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि उजरियांव आवासीय योजना के अंतर्गत 5 सहकारी आवास समितियों को जमीन समायोजित की गयी। इसमें मानसरोवर सहकारी आवास समिति लि0 को ग्राम-विजयीपुर की 19277.29 वर्गमीटर भूमि, स्वर्गाश्रम सहकारी आवास समिति को ग्राम-उजरियांव की 22764 वर्गमीटर भूमि, फ्रेण्डस सहकारी आवास समिति को ग्राम-जियामऊ की 52847.365 वर्गमीटर भूमि, प्रोगेसिव सहकारी आवास समिति को ग्राम-विजयीपुर व कमता की 61181.47 वर्गमीटर भूमि व अमरपुरी सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 को ग्राम-तखवा कठौता व उजरियांव की 4695 वर्गमीटर भूमि समायोजित की गयी।

**वर्ष 1993 से वर्ष 2017 के बीच किये गये समायोजन :** उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि हरदोई रोड कामधेनू नगर प्रसार योजना के अंतर्गत रिवर व्यू सहकारी आवास समिति लि. को ग्राम-छन्दोईया की 27730.20 वर्गमीटर भूमि दी गयी। टिम्बर नगर आवासीय योजना के तहत मेसर्स लखनऊ विकास सहकारी आवास समिति लि को ग्राम-पुरनिया की 10908 वर्गमीटर जमीन समायोजित की गयी। इसके अलावा अमर शहीद पथ गोमती नगर विस्तार योजना के अंतर्गत दि हिमालयन सहकारी आवास समिति को ग्राम-मकदूमपुर की 10805 वर्गमीटर भूमि एवं बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति को 56307 वर्गमीटर जमीन समायोजित की गयी। उपाध्यक्ष ने बताया कि यह सभी समायोजन वर्ष 1993 से लेकर वर्ष 2017 के बीच किये गये हैं। उक्त सभी प्रकरणों में जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# गीतापल्ली में अवैध डेयरी हटाने गये दल को मारने के लिए दौड़ाया

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** नगर निगम ने अलग अलग इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इसके साथ ही अवैध डेयरी भी हटाई गई एल। थाना कृष्णानागर जोन 5 अंतर्गत गीतापल्ली वार्ड में प्रवर्तन दल तथा कैटल कैचिंग कर्मचारियों के सहयोग से पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया जिसमे मौके पर कुल 15 गाय को पकड़कर एल राधा उपवन गौशाला में निरुद्ध किया गया। अभियान चलता देख कई पशु पालक पने पशुओं को लेके भागते दिखे। पशुपालको की ओर से महिलाओं को आगे करके गाली गलौज तथा पशुओं को पकड़ने में बाधा उत्पन्न की गयी। क्षेत्रीय प्रभारी अवधेश कुमार को अभियान के पश्चात डेरी संचालक रईस ने मारने की कोशिश भी की। जिसकी सूचना थाना अध्यक्ष कृष्णानागर को आवश्यक कार्यवाही करने कब लिए दी गयी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के क्षेत्र में भ्रमण के दौरान इन अवैध डेरियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे जिसपर उच्च अधिकारियो के निर्देश पर तत्काल कारवाई की गयी। पुलिस बल ना उपलब्ध हो पाने के कारण प्रवर्तन दल के माध्यम से ही अभियान करवाया गया। अवैध डेरी संचालकों ने पशुओ को खाली प्लॉट पर बांध कर अतिक्रमण किया था। गोबर सड़क पर बहाया जा रहा था जिससे मुख्य मार्ग बाधित हो रहा था। आवागमन प्रभावित होने के साथ साथ कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बना हुआ था। नोटिस देने के बाद भी पशुओं को नहीं हटाया गया था।

# जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने हाथरस कांड के मृतकों को दी आर्थिक मदद

**लखनऊ।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम समूह) के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाथरस का दौरा कर वहां भगदड़ के पीड़ितों के परिजनों से एक गांव में मिलकर उनकी आर्थिक मदद की। संगठन ने एक बयान में यह जानकारी दी। हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र में गत दिनों भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मचने से 121 लोगों की मौत हो गयी थी। संगठन के बयान में शनिवार को कहा गया है कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम समूह) के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के निर्देश पर संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल सोखना गांव पहुंचा जहां एक ही परिवार के तीन लोगों समेत कुल चार लोग भगदड़ में मारे गये थे। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ितों के परिजनों से मिलकर आर्थिक सहायता के साथ-साथ मौलाना मदनी का संदेश भी दिया। बयान के मुताबिक, मौलाना मदनी ने कहा, कि इस दुख की घड़ी में हम आपके साथ हैं, हमसे जो बन सका, वह हम कर रहे हैं।

# पुनर्वास विवि में बीएड विशेष शिक्षा और एलएलएम की प्रवेश परीक्षाएं सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बीएड विशेष शिक्षा, एलएलएम और एमवीए की प्रवेश परीक्षाएं शनिवार को सकुशल संपन्न हुई। इस परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय सिंह ने कुलसचिव रोहित सिंह, कुलानुशासक प्रो सीके दीक्षित, प्रवेश

- **विवि के कुलपति प्रो संजय सिंह ने किया औचक निरीक्षण**

निदेशक प्रो नागेंद्र यादव, प्रो पी राजीवनयन के साथ परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक ए-2 के कुल 20 कमरों में संचालित इस प्रवेश परीक्षा में 418 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 109 अनुपस्थित रहे।

ललित कला विभाग में बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट में 40 सीटों के सापेक्ष प्रवेश हेतु प्रायोगिक परीक्षा (रुचि परीक्षा)संपन्न हुई। इस पाठ्यक्रम मे कुल 50 सीट है, जिसमे 10 सीट पर सीयूईटी से लिया जाएगा। प्रवेश के लिए रुचि परीक्षा 100 अंकों की एवं इंटरमीडिएट में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची जारी की जायेगी। मास्टर ऑफ फाईन आर्ट्स (एमवीए) की प्रायोगिक परीक्षाएं एवं साक्षात्कार दिनांक 8 एवं 9 जुलाई को आयोजित की जाएंगी। चित्रकला की प्रायोगिक परीक्षाएं एवं साक्षात्कार 8 जुलाई को जबकि मूर्तिकला एवं व्यावहारिक कला की परीक्षाएं एवं साक्षात्कार 9 जुलाई को आयोजित होंगी। ये समस्त परिक्षाएं ललित कला विभाग में आयोजित होंगी। इन परीक्षाओं में प्रवेश के लिए निर्धारित सीटों के सापेक्ष लगभग तीन गुणा प्रवेशार्थियों ने आवेदन किया है।

# पांच जिलों के सीएमओ के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पांच जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के तबादले हुए हैं। रामेश्वर मिश्रा बदायूं के सीएमओ नियुक्त किए गए हैं। वहीं, रजत चौरसिया सिद्धार्थनगर के सीएमओ बनाए गए हैं। संजय कुमार को बहराइच का सीएमओ बनाया गया है। इसी तरह अमित कुमार को शामली का सीएमओ नियुक्त किया गया है। डॉ. राजीव नयन को फतेहपुर का सीएमओ नियुक्त किया गया है।

# 8 जुलाई को वकीलों की आम सभा बुलायी

**मोहनलालगंज।** शनिवार को तहसील में मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस में मोहनलालगंज बार एशोसिऐशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल के बिंदुओं पर वार्ता करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया जिसपर कोई सुनवाई नही हुई है। बार एशोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव व उपाध्यक्ष जयविन्द चौधरी ने बताया कि तहसील के अधिकारियों, कर्मचारियों जनहित के कार्यो में लापरवाहीकरने तथा भ्ष्टाचार से सम्बंधित की बिंदुओं पर वार्ता करने के लिए अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ल ने नेतृत्व में मांगपत्र देकर मंडलाआयुक्त से समय मांगा गया, समाधान दिवस समाप्त होने के बाद मंडलाआयुक्त वकीलों से मिलने का समय नही देने पर नाराज पदाधिकारियों ने एक प्रस्ताव पारित कर सोमवार को एशोसिएशन की आमसभा बुलाई गई है।

# कर्मचारियों के ट्रांसफर में पुनः विचार की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह ने नगर निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों के किये गए ट्रांसफर/पटल परिवर्तन पर सवाल खड़े हैं। उनका कहना है कि कई कर्मचारियों के स्वास्थ्य, अधिक दूरी आदि के कारण होने वाली असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कुछ कर्मचारियों के ट्रांसफर पर पुनः विचार किया जाना




चाहिए। उपाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि संगठन ने महापौर व नगर आयुक्त को पत्र लिखकर माग की गई है। संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह ने नगर निगम प्रशासन से माग की जिन कर्मचारियों का ट्रांसफर आवास से बहुत दूर कर दिया गया है। जिसमें कई महिलाएं एवं विकलांग कर्मचारी हैं जिनकों इस ट्रांसफर से अपने नए कार्यस्थल पर आने जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। यह भी बताया गया कि पूर्व में नगर निगम प्रशासन की ओर से इतनी अधिक संख्या में ट्रांसफर किए जाने से पूर्व में एसे कर्मचारियों से विकल्प लेकर यथा सम्भव कर्मचारियों की समस्या का ध्यान रखते हुए उन्ही विभागों में ट्रांसफर किया गया था। इसके सम्बंध में संघ ने प्रशासन से माग की है कि ऐसे कर्मचारियों से विकल्प ले कर के उनके ट्रांसफर पर पुनः विचार किया जाना न्यायसंगत होगा।

# किन्नरों ने सीएमओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मेडिकोलीगल गलत बनाए जाने के गंभीर आरोप लगे हैं। नाराज किन्नरों ने शनिवार को सीएमओ कार्यालय आकर अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया।

मोहनलालगंज के मऊ गांव निवासी सोनू हरि कथा वाचक हैं। आरोप है कि सोमवार शाम ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड की सदस्य व शिव ट्रांसजेंडर फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रियंका सिंह रघुवंशी के घर पहुंचा था। सोनू ने उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। नाराज प्रियंका अपने किन्नर साथियों के साथ बुधवार सुबह नौ बजे आरोपी के घर पहुंचकर विरोध जताया था। इस पर सोनू व उसका बेटा वैभव, मां, पत्नी व चार अज्ञात लोगों ने प्रियंका पर हमला कर दिया। हमले में प्रियंका के शरीर व सिर में गहरी चोटे आईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिख लिया। पीड़ित किन्नर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। मोहनलालगंज राजमार्ग पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने मोहनलालगंज सीएचसी पर किन्नर का मेडिकोलीगल कराया था। पीड़ित किन्नर ने मेडिकोलीगल में हल्की चोट लिखे जाने का आरोप लगाया था। शनिवार दोपहर मेडिकल कराने के लिए किन्नर सीएमओ आफिस पहुंचे थे। सीएमओ के निर्देश पर गठित बोर्ड ने किन्नर के मेडिकोलीगल पर लिखी गई चोट का अवलोकन किया। बोर्ड ने मेडिकोलीगल में लिखी गई चोटे सही पाई। बोर्ड ने किन्नर को एक्सरे व सीटी स्कैन जांच कराने की सलाह दिया है। सीएचसी डॉक्टर व कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर किन्नरों ने प्रदर्शन किया।

# ग्रामीण उपभोक्ता बिजली कटौती से भड़के

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद के साप्ताहिक वेबीनार में पावर कॉरपोरेशन पर उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा कहा जबसे ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर लागू कर 18 घंटे बिजली आपूर्ति का हुआ आदेश उसके बाद से ज्यादातर जनपदों में 12 से 13 घंटे बिजली मिल रही है। वेबिनार में विद्युत उपभोक्ताओं ने कहा कि बरसात में जब 24 घंटे बिजली दी जाएगी तब कहीं 18 घंटे बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगी क्योंकि उत्तर प्रदेश का सिस्टम ऐसा कि वह अनवरत 24 घंटे चल ही नहीं सकता 90 प्रतिशत ग्रामीण फीडर पर 6 घंटे ब्रेकडाउन आम बात हो गयी है। विद्युत उपभोक्ताओं ने प्रदेश में 6 उत्पादन इकाई रिजर्व शटडाउन दिए जाने पर कहा यह ग्रामीण जनता को अपमानित करने वाला फैसला जिसने लिया यह निर्णय ऐसे उच्चधिकारियों पर कार्रवाई होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में रोस्टर व्यवस्था समाप्त होने के बाद ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं व किसानों की राय लेने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से बुलाए गए साप्ताहिक वेबीनार में विद्युत उपभोक्ताओं ने पावर



कॉरपोरेशन के निर्णय पर आक्रोश व्यक्त करते हुए 24 घंटे बिजली आपूर्ति किए जाने की मांग उठाई। जिसमें विद्युत उपभोक्ताओं ने कहा उत्तर प्रदेश में बिजली का सिस्टम इतना ज्यादा अतिभारित है जब 24 घंटे बिजली दी जाती थी तब विद्युत उपभोक्ताओं को 18 से 19 घंटे बिजली मिलती थी और अब जब 18 घंटे का रोस्टर लागू है तो ज्यादातर जनपदों में केवल 12 से 13 घंटे बिजली मिल पा रही है ग्रामीण क्षेत्र में 90 प्रतिसत फीडरों पर 6 घंटे का ब्रेकडाउन आम बात है इसका मुख्य कारण जैसे ही बिजली आती है सभी उसका उपभोग करना चाहते हैं इनका सिस्टम अतिभारित होने के चलते तार टूटता है ट्रांसफार्मर जलते हैं और फिर कई जनपदों में तो कई दिनों तक अंधेरा रहता है ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार को बरसात के महीने में जब ब्रेकडाउन सबसे ज्यादा होता है ऐसे समय में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को तत्काल लागू करना चाहिए उपभोक्ताओं ने कहा उपभोक्ता परिषद जो भी लडाई लडने के लिए उपभोक्ताओं से अपील करेगा कि उपभोक्ता रोस्टर को वापस लेने के लिए हर लडाई लडने को तैयार है।

# गृहकर में दस प्रतिशत छूट 31 जुलाई तक

**लखनऊ।** गृहकर में दस प्रतिशत छूट पाने के लिए भवन स्वामियों के लिए 25 दिन का समय बचा है। नगर निगम सदन के निर्णयानुसार भवन स्वामियों को वर्तमान वित्तीय वर्ष के कर पर प्रदान की जाने वाली 10 प्रतिशत की छूट 31 जुलाई, 2024 तक अनुमन्य है। इसके पश्चात गृहकर में किसी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जायेगी।

# दिव्यांगों की समस्या का समाधान तत्काल हो : मण्डलायुक्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**मोहनलालगंज।** मण्डलायुक्त डा. रोशन जैकब की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील मोहनलालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों की समस्या सुनकर उनका

- **कानूनगो अशोक पांडेय को प्रतिकूल प्रविष्टि व नायब तहसीलदार को स्पस्टीकरण देने के निर्देश**

निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निस्तारण किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। मंडलायुक्त को शिकायतकर्ता राजेश सिंह द्वारा बताया गया कि बटवारा सम्बन्धी पत्रावली पर कानूनगो अशोक पांडेय को एसडीएम के आदेश का क्रियान्वयन के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन अभी तक इनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके क्रम में मंडलायुक्त ने संबंधित कानूनगो को कार्य में हिला हवाली व शिथिलता बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये साथ ही 10 जुलाई तक एसडीएम बंटवारा आदेश का क्रियान्वयन शतप्रतिशत कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं व संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाये। वहीं कपेरा मदार पुर की दिव्यांग महिला पिंकी को देखकर मंडलायुक्त तत्काल दिव्यांग के पास जाकर उसकी समस्या को गंभीरता पूर्वक सुना तत्काल बीडीओ को समस्या के समाधान करने के निर्देश दिए।

वहीं मण्डलायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप सभी अधिकारीगण जनता की शिकायतों का निस्तारण त्वरित स्तर पर एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करने के साथ हीअवैध निर्माण पर अंकुश लगाया वहीं किसान चंद्रपाल द्वारा बताया गया कि ग्राम देवती में धारा 24 के आदेश के बावजूद 1 वर्ष से प्रार्थना पत्र देने पर भी कोई सुनवाई न होने की शिकायत किया किया गया। इसके बाद भी लेखपाल, कानूनगो द्वारा अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं भेजी गयी है। रिपोर्ट में देरी पर मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि पैमाइश, मेड़बंदी संबंधित प्रकरणो में अनावश्यक रूप से विलंब न करने व लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी साथ ही नायब तहसीलदार के खिलाफ कारण बताओं नोटिस जारी करने को कहा। मंडलायुक्त ने कहा समाज का अन्तिम व्यक्ति तक शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचे वहीं भू-माफियाओं को लेकर कहा कि अवैध कब्जा करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाये और जमीनों को तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाये। वहीं मंडलायुक्त ने तहसील परिसर (वेयरहाउस) में हरि शंकरी थीम पर पौधा रोपड़ किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी ब्रजेश वर्मा, तहसीलदार शशांक उपाध्याय सहित ब्लाक व तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में आई 129 शिकायते, मात्र 9 का समाधान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**सरोजनी नगर।** सरोजनीनगर इलाके में शनिवार को तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमे क्षेत्र से एक सौ उन्तीस शिकायत करताओ ने अपनी अपनी शिकायतों को दर्ज करवाया। जिसमे मात्र नौ शिकायतों का ही समाधान किया जा सका। बाकी एक सौ बीस शिकायतों का संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधान के लिए प्रेषित की गई।

शनिवार को एडीएम सिटी अमित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र से कुल एक सौ उन्तीस शिकायत कर्ताओ ने अपनी अपनी शिकायतों को दर्ज करवाया। क्षेत्र से आई शिकायतों में पुलिस की आठ, राजस्व विभाग की सत्तासी, विकास से संबंधित दस, समाज कल्याण से संबंधित एक, अन्य तेईस और शिक्षा एवम स्वास्थ्य की शून्य सहित कुल एक सौ उन्तीस शिकायते शामिल थी। जिसमे मात्र राजस्व विभाग से संबंधित नौ शिकायतों का मौके पर निस्तारित की गई। एक सौ बीस शिकायतो का निस्तारण नही हो सका।

जिन्हे संबंधित विभागीय अधिकारियों को निराकरण के लिए प्रेषित कर दी गई। इस तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजेश कुमार रावत पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी निवासी रानी पर, मजरा पिपरसंड ने एक शिकायती पत्र तहसील दिवस प्रभारी को दिया है। जिसमे शिकायत की है की भूमाफियाओं द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप कब्जा कर प्लाटिंग कर बेची जा रही है। जिसे तत्काल प्रभाव से रोका जाय। जिस पर प्रभारी ने आर आई को निर्देशित किया है की जांच पड़ताल कर तुरंत आख्या दे।

दूसरी ओर कुरौनी निवासी श्याम दुलारी पत्नी स्वर्गीय मोतीराम ने भी एक शिकायत की है। जिसमे लिखा है की मेरे गांव में मेरे पति के नाम जमीन है और मेरे पांच पुत्र है जो सभी विवाहित है। जिसमे मेरे हिस्से की जमीन हमे नही दे रहे है और अपने नाम करवाना चाह रहे है। कमाने खाने और रोजी रोटी के लिए जमीन के अलावा और कुछ नहीं है। इसलिए जमीन मेरे हिस्से की दिए जाने की मांग की है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–टेंडरिंग निविदा सूचना
सं. 41/2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक(इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1.; कार्य का विवरण:** पीलीभीत–मैलानी अनुभाग में परिचालन विभाग के कर्मचारियों के लिए टाईप II आवास (10 नग) एवं टाईप III आवास (05 नग) का निर्माण कार्य; **अनुमानित लागत(₹):** ₹2,58,94,771.01; **बयाना राशि (₹):** ₹2,79,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 माह। **क्र.सं. 2.; कार्य का विवरण:** पीलीभीत–मैलानी अनुभाग में अतिक्रमण वाले स्थान पर ब्रिज सं. 261 पर किमी० 255/8–9 के पास सब–वे (एलएचएस) का निर्माण कार्य; **अनुमानित लागत(₹):** ₹2,58,55,351.93; **बयाना राशि (₹):** ₹2,79,300/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 08 माह।
1. निविदा दिनांक 29.07.2024 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल रेल प्रबंधक (इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू–146 इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# दोस्तों के साथ नहाने गये छात्र की डूबने से मौत



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कसमंडी कलां पुलिस चौकी क्षेत्र हलुवापुर स्थित बेहता नाले पर अपने दोस्तों के साथ नहाने गए एक छात्र की डूबने से मौत हो गयी।

मिली जानकारी के अनुसार बरावन कला निवासी रोहित राज पुत्र गोविंद राजपूत 17 वर्ष जो कक्षा 9 का छात्र है अपने आठ दोस्तों में अंशु ,राज, करण, कुशल, आकाश, व अन्य के साथ हलुवापुर पुल के पास बेहता नाले में बने हासिम खेड़ा के पास झरने में दोपहर बाद करीब 3 बजे नहाने गए थे। पानी का बहाव तेज होने के कारण रोहित व राज का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जाकर डूबने लगे।

उसी समय उधर से गुजर रहे 70 वर्षीय सुखलाल युवको को डूबता देख बचाने के लिए पानी मे डुबकी लगा दी। काफी मशक्कत के बाद सुखलाल ने एक युवक को बचा लिया। तब तक दूसरा युवक बहकर काफी दूर निकल गया। काफी प्रयास के बाद दूसरे युवक को जब पानी के बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान उसके दोस्तों ने रोहित राज के रूप में की। बेहता नाले में डूबकर मौत होने की सूचना पर पहुंची मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र की कसमंडी कला पुलिस चौकी व काकोरी थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची मामला मलिहाबाद और काकोरी के बॉर्डर का था इसलिए कसमंडी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत शव मिलने से मलिहाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिवार वालों को सूचना दी।

**गोसाईंगंज से किशोर सुशांत गोल्फ सिटी से किशोरी लापताः** गोसाईंगंजनके कासिमपुर विरुहा गांव में रहने वाले अमित कुमार वर्मा ने अपने बेटे क्रियांश वर्मा ( 13 ) व सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के मांढर मऊ गांव निवासी कुसुमलता ने अपनी बेटी नैंसी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक बीते चार जुलाई की शाम को क्रियांश वर्मा बिना बताए घर से कहीं चला गया। वही सुशान्त गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर का के मुताबिक परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी नैंसी 3 जुलाई को खुर्दही बाजार समान लेने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। दोनो थानों की पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी है।

## 40 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के जानकीपुरम क्षेत्र के 60 फिटा रोड एफएसडी हॉस्पिटल के सामने खाली प्लाट में बनी झोपड़पट्टी में एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में 5 जुलाई की रात दुप्पटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने फारेंसिक टीम बुलाकर जांच करने के बाद शव कबजे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकीपुरम थाना प्रभारी उपेन्द्र सिंह के मुताबिक राधेश्याम पुरवा महोना निवासी पप्पु फकीर 40 वर्ष पत्नी गुड्डी 35 वर्ष और तीन बच्चे बेटा सलीम 10 वर्ष, हलीम 8वर्ष और बेटी शकिनुल निशा के साथ तीन साल से 60 फिटा रोड एफ0एस0दी हॉस्पिटल के सामने झोपड़ी बनाकर रह रहे थे।पप्पू गाड़ी चलाता था।और पत्नी गुड्डी स्थानीय लोगों के घरों में झाडू पोछा का काम करती थी। पप्पू की पत्नी गुड्डी ने बताया कि पप्पू रोज दारू पीकर लड़ाई झगड़ा करता था और पैसे मांगता था पैसे न देने पर मारपीट करता था और घर से भगा देता था जिससे गुड्डी बच्चों के साथ पास में मुन्ना कुरैसी मीट वाले के घर चली जाती थी। 5 जुलाई की रात में 11 बजे फिर पति पत्नी में झगड़ा हुआ उसके बाद गुड्डी अपने तीनो बच्चों को लेकर पास में मुन्ना पड़ोसी के घर चली गयी। पड़ोसियों ने बताया कि पप्पू रात 1बजे तक बाहर चारपाई डालकर सोया था।सुबह पप्पू का बड़ा बेटा सलीम घर आया तो उसने देखा कि पापा झोपड़ी में बॉस के सहारे दुप्पटे से लटके हुए है और दोनो पैरों से खून बह रहा था।सोर मचाने पर आस पास के लोग इक्कट्ठा हो गए।लोगो ने जानकीपुरम पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरहेंसिक टीम को सूचना दी उसके बाद शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकीपुरम थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा।

## भातखण्डे एवं स्पिक मैके के मध्य हुआ एमओयू

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय एवं स्पिक मैके के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। इस अवसर पर भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन, संकायाध्यक्ष नृत्य ज्ञानेन्द्र दत्त बाजपेयी, स्पिक मैके की तरफ से प्रदीप नारायण एवं सेहरान उपस्थित थे। इस समझौता ज्ञापन का मकसद भारतीय शास्त्रीय संगीत नृत्य और भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहन देना है और भारत के युवाओं को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर से अवगत कराना है। इस ज्ञापन के अन्तर्गत भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय एवं स्पिक मैके साथ मिलकर लेक्चर डिमास्ट्रेशन एवं कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे साथ ही साथ देश भर के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में वर्कशॉप डिमास्ट्रेशन का भी आयोजन किया जायेगा।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 24.07.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 25.07.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई- निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा/ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code - PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने / विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने / त्रुटि सुधार / पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvn1.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत हैः- **1. ई - निविदा संख्या 41 एच (एफ) (कार्य) /2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - द्वितीय, अयोध्या के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड बाकरगगंज, बीकापुर एवं गोसाईगंज के अधीन आने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर लगे 11 केवी वीसीबी, ब्रेकरों की मरम्मत एवं ओवरहालिंग का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 17000.00 **2. ई - निविदा संख्या 42 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, अयोध्या के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड बाकरगगंज, बीकापुर एवं गोसाईगंज के अधीन आने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर लगे 33 केवी वीसीबी, ब्रेकरों की मरम्मत एवं ओवरहालिंग का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 50 4000.00। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

**''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''**

**(पत्रांक 7230 / दि. 06.07.2024)**

# ट्रक के नीचे आया युवक, इलाज के दौरान मौत



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर इलाके में गुरुवार रात एक ट्रांसपोर्टर ट्रक के नीचे अचानक आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तालकटोरा के राजाजीपुरम निवासी सुरेश मिश्रा के बेटे अतुल मिश्रा (27) का सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पार्किंग नंबर - एक के पास ट्रांसपोर्ट का गोदाम है। बताते हैं कि गुरुवार देर रात गोदाम पर एक ट्रक सामान लेकर आया था। उस दौरान अतुल ट्रक के पीछे खड़े थे। तभी ट्रक चालक अचानक अपना वाहन पीछे बैक करने लगा। ट्रक बैक करने के दौरान अतुल उसके पिछले पहिए के नीचे आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां पर मौजूद अतुल के ऑफिस के कर्मचारियों ने अतुल को गंभीर हालत में आनन फानन लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने अतुल को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**अज्ञात वाहन की चपेट में आकर, बाइक सवार युवक गंभीर, भर्तीः** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के हैवत मऊ मवैया, राय बरेली रोड पर, शनिवार दोपहर बाद एक अज्ञात वाहन बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने एंबुलेंस से उसे एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक सिराज अली, पिता का नाम सैयद अली, निवासी ग्राम डीहा, उतरावां निगोहा, लखनऊ वेल्डिंग का कार्य करते हैं, शनिवार दोपहर बाद करीब साढ़े चार बजे, यह अपने साइट पर काम करने जा रहे थे। अभी यह राय बरेली रोड स्थित हैवत मऊ मवैया, गणपति लॉन के पास पहुंचे थे कि, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गए। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश कुमार तिवारी ने बताया कि घायल को एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया है, उपचार चल रहा है, लेकिन अभी तक युवक होश में नहीं आया है।

## ई-रिक्शा की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की गयी जान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हैवत मऊ मवैया रायबरेली रोड पर शनिवार को ई-रिक्शा की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। हादसे के समय वह अपनी मां को खाना देने जा रही थी। महिला ने हेलमेट नहीं लगाया था। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक भाग निकला।

चरण भट्ठा रोड निवासी जयमाला देवी ( 36 ) शनिवार को स्कूटी से पीजीआई इलाके में रह रही मां के लिए खाना लेकर जा रहीं थी। सुबह 10 बजे वह रायबरेली रोड पर हैवत मऊ मवैया के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर से जयमाला देवी उछलकर सड़क पर जा गिरी। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें एपेक्स ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जयमाला के पति सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत हैं। वह इस समय बेंगलुरु में तैनात हैं। परिवार में बेटी मीनाक्षी व बेटा मानस है। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश कुमार तिवारी के मुताबिक इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**हेलमेट पहने होती तो शायद बच जाती जानः** राहगीरों के मुताबिक हादसे के समय जयमाला देवी ने हेलमेट नहीं पहना था। हेलमेट न पहने होने से जयमाला के सिर में गंभीर चोट आ गई। हादसे के समय उन्होंने हेलमेट पहना होता तो शायद उनकी जान बच जाती। जयमाला का शव देख परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## आज जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान चौक जाने से बचें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव पर सात जुलाई रविवार को चौक और बाजारखाला क्षेत्र में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान कई रास्तों से गुजरने वाली शोभा यात्रा के दौरान ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहेगा। ऐसे में वाहन सवार शोभा यात्रा के दौरान यात्रा वाले मार्ग प्रयोग करने से बचें। वाहन सवार जाम से बचने को वैकल्पिक मार्ग प्रयोग करें। डीसीपी ट्रैफिक की ओर वाहन सवारों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**चौक क्षेत्र में इस रास्ते निकलेगी यात्राः** चौक क्षेत्र के बड़ी कालीजी मंदिर से नवरात्रि और जगन्नाथ रथ यात्रा सेवा समिति के नेतृत्व में दोपहर दो बजे से यात्रा निकाली जाएगी। यह रात 12 बजे के करीब समाप्त होगी। रथ, घोड़ा, झांकी के साथ शुरू होकर सराय माली खां चौपटिया रोड, चौपटिया तिराहा से अब्दुल अजीज रोड, एक मिनार मस्जिद, सराय बांस, अकबरी गेट, चौक सरार्फा, गोल दरवाजा, चौक चौराहा, खुनखुनजी रोड, कोनेश्वर चौराहा, लाजपतनगर होते कुड़ियाघाट, ठाकुरगंज में नौका विहार के बाद वापस कोनेश्वर चौराहा, टंडनपुल से बड़ी काली जी मंदिर आकर समाप्त होगी।

**बाजारखाला क्षेत्र में यात्रा इस रास्तेः** बाजारखाला क्षेत्र में मास्टर कन्हैयालाल रोड से श्री जगन्नाथ जीरथ यात्रा दोपहर तीन बजे से रथ, घोड़ा, झांकी, ऊंट के साथ रवाना होकर कंडहा टिकैतगंज, नेहरू क्रास, जामा मस्जिद के सामने, यहियागंज गुरुद्वारा वाली गली से बाएं यहियागंज मार्केट से फतेश्वर महादेव मंदिर चौराहा, यहियागंज चौराहा, जगदीशपुर धर्मशाला के सामने से होते बाएं बाबूलाल चौराहा, वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, ठग्गू मिष्ठान भंडार, राधा कृष्ण मंदिर, पीली कॉलोनी मोड़ से दाएं सचिवालय कॉलोनी, जच्चा-बच्चा अस्पताल पीली कॉलोनी होते एसएन मिश्रा द्वार से पहले पार्क में पहुंचकर यात्रा समाप्त होगी।

## पेंशन खाते से निकाले गये लाखों रूपये, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र के मानसरोवर योजना में रहने वाले एक सेवानिवृत्त निरीक्षक के पेन्शन खाते से बिना खाताधारक के जानकारी के 4,77,829 रुपए कई दिनों तक निकलते रहे और बुजुर्ग खाताधारक को जांनकारी तक नहीं हुई जब बैंक में पासबुक की इंट्री कराने पहुंचे तब पैसा निकलने की जानकारी हुई जिसकी शिकायत पीड़ित बुजुर्ग ने साइबर सेल समेत स्थानीय आशियाना थाने पर की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मान सरोवर योजना एलडीए कालोनी निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र स्व श्याम नरायण सिंह के अनुसार वह निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त है और उनका पेन्शन खाता एसबीआई बैंक जेल रोड शाखा में है। पीड़ित का पेन्सन जवाहर भवन लखनऊ ट्रेजरी से इसी खाते में आता है। वही पीड़ित का आरोप है कि बीते 1 अप्रैल से 30 जून तक उनके पेन्शन खाते से 4,77,829 रुपए निकल गए। जिसकी जानकारी उसे पासबुक इन्ट्री कराने के दौरान हुई। वही पीड़ित का आरोप है कि कूटरचित दस्तावेज तैयार कर छल द्वारा गलत नियत से उसके खाते से पैसे निकाल लिए गए हैं जिसकी कोई उन्हें बैंक द्वारा भी नहीं दिया गया और न ही उनके फोन पर पैसे निकलने का कोई मैसेज आयो जिसकी जानकारी होने पर बुजुर्ग ने साइबर सेल सहित स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गयी है।

## गाली-गलौज , मारपीट व जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के रूप खेड़ा निवासी गोलू सोनवानी ने यहीं के राजू और उसके बेटे राज व अमरजीत के साथ ही राजू की पत्नी के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोलू सोनवानी का कहना है कि वह गुरुवार रात करीब 9:30 बजे रूप खेड़ा चौराहे पर अपने घर के पास खड़े थे। तभी वहां पर पहुंचे राजू, राज, अमरजीत और राजू की पत्नी ने गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित का कहना है कि जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच पीड़ित का भाई शिवचरण और भाभी राम रानी छुड़ाने गए तो आरोपियों ने उन्हें भी लाठी डंडों से मारा पीटा। शोर सुनकर गांव के लोग दौड़े तो सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। फिलहाल इस मामले में गोलू की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अब्दुल व उसके भाई एनुल के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर के अमौसी एयरपोर्ट निवासी अरशद ने अवध विहार कॉलोनी में रहने वाले अब्दुल और उसके भाई एनुल के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अरशद का कहना है कि बीती 21 जून को रात करीब 8 बजे वह अवध विहार कॉलोनी स्थित मुल्लाजी कवाब पराठा होटल पर गए थे। वहां पर पहले से मौजूद अब्दुल ने अरशद को देखकर उसके प्रोफेशन पर अभद्र टिप्पणी की। जब अरशद ने विरोध किया तो आरोपी अब्दुल ने दुबई में रहने वाले अपने भाई एनुल से बात कराई। लेकिन आरोप है कि फोन पर बात करते ही एनुल अरशद को गाली देने लगा। साथ ही यह धमकी दी कि मेरे भाई अब्दुल से मत उलझो नहीं तो दुबई से ही पैसा फेंक कर जान से मरवा दूंगा।

आरोप है कि इस दौरान जब बाद में अरशद ने अब्दुल से एनुल को समझाने की बात की तो अब्दुल ने गाली गलौज करते हुए अरशद का कॉलर पकड़ लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। साथ ही बाद में जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में अरशद ने आरोपियों से जान का खतरा बताया है। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस अरशद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

**आलमबाग कोतवाली प्रभारी सम्मानित :** आलमबाग नटखेडा रोड व्यपारियों ने शनिवार शाम को आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन को उनके अच्छे कार्य व व्यपारियों का सहयोग करने के लिए आलमबाग कोतवाली की चंदर नगर चौकी पर अंगवस्त्र पहना सम्मानित किया।

### सूचना

मु.अ.सं.- 747/2022 धारा 147/307/503/504 भादवि थाना गोमती नगर लखनऊ को थाना स्थानीय पर वादी मुकदमा श्री राम किशोर तिवारी पुत्र श्री हनुमान दत्त तिवारी नि0 4/72 विकल्पखण्ड गोमती नगर लखनऊ की तहरीर पर पंजीकृत हुआ था। जिसमे अभियुक्त सच्चिदानन्द शर्मा उर्फ गुड्डू शर्मा पुत्र जवाहर लाल शर्मा नि0-ई-3/414 विनयखण्ड थाना गोमतीनगर लखनऊ के विरूद्ध मा. न्यायालय द्वारा प्राप्त गैर जमानतीय वारण्ट व धारा-82 सीआरपीसी का आदेश प्राप्त हुआ। जिसमे आज दिनांक-06/07/2024 को अभियुक्त सच्चिदानन्द शर्मा उर्फ गुड्डू शर्मा उपरोक्त के अंकित पते पर दबिश दी गयी। किंतु अभियुक्त नही मिला। थाना गोमतीनगर पुलिस द्वारा धारा -82 सीआरपीसी की कार्यवाही के तहत अभियुक्त के घर पर मुनादी कराकर नोटिस चस्पा किया गया।

## हेडफोन लगाये रेल ट्रैक पार कर रहा किशोर ट्रेन से कटा

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हेडफोन लगाकर शुक्रवार को भिठौली रेलवे लाइन पार कर रहा किशोर ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ट्रेन आती देख आसपास के लोगों ने उसे आवाज देकर रोकने का प्रयास किया पर हेडफोन लगा होने से वह सुन नहीं सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सीतापुर के महमूदाबाद निवासी अंकुश यादव (17) छठा मील स्थित राइस मिल में काम करता था। शुक्रवार सुबह अंकुश हेड फोन लगाकर भिठौली रेलवे क्रासिंग पार कर रहा था। इस बीच आई ट्रेन से टकराकर अंकुश की मौत हो गई। ट्रेन आने पर रेलवे लाइन की तरफ अंकुश को जाता देख लोगों ने शोर मचाया पर वह आवाज नहीं सुन सका। जब तक लोग दौड़े वह अंकुश ट्रेन से टकरा गया। इंस्पेक्टर जानकीपुरम उपेन्द्र सिंह के मुताबिक हेडफोन लगाए होने से ट्रेन की आवाज न सुन पाने के कारण अंकुश ट्रेन की चपेट में आ गया। परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चाक चौबंद रखी जाये सुरक्षा व्यवस्था : डीजीपी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आज देर रात्रि अपराध नियन्त्रण और कानून-व्यवस्था तथा आगामी त्यौहारों एवं यातायात प्रबन्धन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए।पुलिस मुख्यालय में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में डीजीपी के साथ सभी जोन के एडीजी और रेंज के आईजी तथा डीआईजी और पुलिस आयुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक जनपद प्रभारी जुड़े। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में डीजीपी प्रशांत कुमार आज पूर्व से कुछ काफी सख्त नजर आए।

अफसरों से कहा कि आगामी त्यौहारों मोहर्रम और कावड़ यात्रा को लेकर पीस कमेटी और शान्ति समितियों की गोष्ठी कर ली जाये।इसमें किसी प्रकार की कोताही न हो। डिजिटल वालेन्टियर्स एवं सिविल डिफेन्स का सक्रिय सहयोग लिया जाये। धर्मगुरूओं और कार्यक्रम व जलूस के आयोजको तथा सम्भ्रान्त नागरिकों से निरन्तर संवाद बनाये रखा जाये।डीजीपी ने कहा कि थाने पर मौजूद त्यौहार रजिस्टर की सभी प्रविष्टियों को पूर्ण कर पूर्व वर्षो की प्रवृष्टियों का अवलोकन कर संवेदनशील स्थानो को हर हाल में चिन्हित कर लिया जाये।इन सभी स्थानों का राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा किसी नयी परम्परा की अनुमति न दी जाये।इसमें कोताही मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।डीजीपी ने कहा कि डी0जे0 की अनुमति को लेकर नियम व कानूनों का हर हाल में पालन किया जाए। कावड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पिकेट और पुलिस गश्त तथा मोबाइल पेट्रोलिंग करायी जाये। विभिन्न मुख्य मार्गो के रूट डायवर्जन के लिए पर्याप्त यातायात पुलिस कर्मियों का व्यवस्थापन किया जाये। बैरीकेटिंग की व्यवस्था करायी जाये, जिससे श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न उत्पन्न होने पाये।डीजीपी ने कहा कि सभी अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन समय से कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निस्तारण कराया जाये तथा जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाये रखा जाये। महिलाओं एवं बच्चों के अपराधों को अत्यधिक गम्भीरता से लेते इसमें शामिल अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए।इसके अलावा विवेचनाओ का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये।उन्होंने कहा कि आरोपियों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जाये।जिलों में गठित एण्टी रोमियों स्क्वॉड को और अधिक सक्रिय रखा जाये, अपराधों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु प्रोएक्टिव पुलिसिंग की जाये।डीजीपी ने कहा कि गोवध और गो-तस्करी की रोकथाम को लेकर कार्य योजना बनाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए।वही घटना में शामिल अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जाये।डीजीपी ने मांतहतो से इण्टर स्टेट एवं इण्टर नेशनल बार्डर पर गतिविधियों की कड़ी निगरानी करने और तैनात सुरक्षा बलो के साथ समन्वय बनाने के भी निर्देश दिए।डीजीपी ने त्योहार को लेकर शाम के समय राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में नियमित रूप से फुट पेट्रोलिंग की जाये। ऑपरेशन दृष्टि को लेकर सार्वजनिक स्थानों और चौराहों तथा तिराहों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरों का व्यवस्थापन करने और पूर्व में व्यवस्थापित सीसीटीवी कैमरों को अपग्रेड करने को भी कहा।इसके अलावा डीजीपी ने किया जाये। आपरेशन कन्विक्शन को लेकर प्रत्येक जिलों में गम्भीर प्रवृत्ति के 20-20 मुकदमों को चिन्हित कर न्यायालय में प्रभावी पैरवी कराकर अधिक से अधिक आरोपियों को सजा दिलाने के निर्देश दिए।

# रथ पर विराजमान होकर आज नगर भ्रमण पर निकलेंगे श्री जगन्नाथ



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान जगन्नाथ रविवार 7 जुलाई को बलभद्र और माता सुभद्रा के साथ शहर भ्रमण के लिए निकलेंगे। वैसे तो भक्त अमूमन दर्शन के लिए मन्दिर जाते हैं पर साल में एक दिन आषाढ़ माह की द्वितीया तिथि को भगवान खुद भक्तों को दर्शन देने घर पहुंचते है। जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। शहर भर में करीब आधा दर्जन स्थानों से जगन्नाथ रथ यात्रा निकलेगी। इस बार भगवान बनारसी वस्त्र पहनकर कहीं मेट्रो में तो कहीं चांदी की पालकी में सैर पर निकलेंगे। भक्त भगवान के रथ के आगे झाड़ू लगाकर मार्ग साफ करते रहेंगे।

डालीगंज स्थित श्री माधव मंदिर वार्षिक उत्सव में श्री जगन्नाथ महोत्सव कार्यक्रम की तैयारी अपने अंतिम चरणों पर चल रही है संस्थान महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि इस बार रथ यात्रा पुरी के तर्ज पर किया गया है जिसमें भगवान जगन्नाथ के श्री विग्रह जगन्नाथ पुरी से लाकर के प्राण प्रतिष्ठा पूजन करने के बाद श्री भगवान को नगर भ्रमण पर निकल जाएगा। इस बार भगवान जगन्नाथ जी का रथ आकर्षण का केंद्र रहेगा ।

कार्यक्रम की शुरूआत शाम 4:30 बजे से श्री जगन्नाथ में सुभद्रा बाय बलदेव भगवान के महाआरती करके छप्पन भोग प्रसाद लगाया जाएगा फिर श्री भगवान को रथ पर विराजमान करके नगर भवन पर निकलेंगे। रथ से प्रसाद में जामुन, मौसमी फल, बूंदी प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

**इत्र वर्षा करते हुए रथ यात्रा मार्ग पर स्वागतम करते हुए चलेगे:** जगन्नाथ जी रथ यात्रा माधव से प्रारम्भ होकर नजीरगंज, शंकरनगर, निरालानगर, श्रीकृष्ण मठ, आई टी चौराह, बाबूगंज, फैजाबाद रोड, इक्का अड्डा, डालीगंज पुल होते हुआ डालीगंज बाजार, हसनगंज कोतवाली, माधव मंदिर चौराह पर सम्पन्न होगी। रथ के यात्रा भक्तो द्वारा झाड़ू लगा कर अपनी सेवा देगे।

**चांदी की पालकी पर विराजेंगे:** चौपटिया रानी कटरा स्थित चारों धाम मंदिर की रथयात्रा करीब 120 साल पुरानी है। यात्रा के संयोजक मंडल के सदस्य आशीष अग्रवाल ने बताया कि चांदी की पालकी व सिंघासन नवीन तरीके से तैयार हुआ है। सदस्य रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया यात्रा रविवार दोपहर 12 बजे मंदिर से शुरू होकर देवी मंदिर चौराहा पहुंचेगी। उसके बाद भगवान जगन्नाथ बलभद्र भैया माता सुभद्रा लोगों को दर्शन देने के लिए दिलाराम बारादरी, चौपटिया, खेत गली का भ्रमण करेंगे।

**अमीनाबाद मारवाड़ी गली:** अमीनाबाद मारवाड़ी गली से भगवान श्री जगन्नाथ की यात्रा का 99वां आयोजन होगा। पुजारी ने बताया कि यात्रा में अष्टधातु की बनी 100 साल पुरानी श्रीराम जानकी, श्रीराधा कृष्ण और रामलला की प्रतिमाएं रथ पर निकाली जाएंगी। इस साल रथयात्रा गौरैया संरक्षण थीम पर निकाली जाएगीए जिसका लक्ष्य गौरैया संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है। यात्रा में भक्तों द्वारा कई स्थानों पर पौशाला लगाया जाएगा। यात्रा गणेशगंज, गुरुद्वारा नाका, बांसमंडी, लाटूश रोड, कैसरबाग व नजीराबाद होते हुए अमीनाबाद स्थित हनुमान मंदिर पर संपन्न होगी।

**56 प्रकार के भोग लगेंगे:** रथ यात्रा में आये हर भक्त को जामुन, मीठे चावल, बूंदी प्रसाद स्वरूप वितरित की जाएगी तथा यात्रा सबसे आगे 15 फीट हनुमान रथ यात्रा की अगुवायी करते चलेगी। भजन गायक पवन मिश्र भी यात्रा के दौरान भजनो की वर्षा करेगा। इस्कॉन ब्रह्मचारी प्रभु द्वारा संकीतन हरे कृष्ण हरे कृष्ण...महामंत्र एवं जय जगन्नाथ जय जगन्नाथ... एवं हरि नाम संकीर्तन की वर्षा करेगे। देश विदेश भक्तो के लिए फेकबुक पेज पर लाइव प्रसारण दिया जाएगा। रथ यात्रा के मार्ग के पांच मुख्य स्थानों पर सेब, केला, अंगूर, आम, काजू, पिस्ता, बादाम, तीस से अधिक प्रकार की मिठाईयो का भोग लगाया जाएगा।

**जय जगन्नाथ के जयकारों संग धूमधाम से निकलेगी रथ यात्रा:** कपूरथला के जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ 24 फिट ऊंचे रथ पर यात्रा करेंगे। यात्रा दोपहर 12:30 बजे जगन्नाथ मंदिर कपूरथला से निकलेगी। 98 हजार रुपये मूल्य की चांदी की झाड़ू से जगन्नाथ भगवान की यात्रा का मार्ग साफ किया जाएगा। मंदिर के बाद अलीगंज नॉवेल्टी सिनेमा, इंडियन ऑयल चौक, नगर निगम चौराहा 3 कार्यालय, चन्द्रलोक हाइडिल कॉलोनी, नीरा नर्सिंग होम, मिडलैंड क्रॉस होते हुए अलीगंज के नए हनुमान मंदिर पर संपन्न होगी।

**चौक:** श्री जगन्नाथ रथ यात्रा एवं नवरात्रि मेला प्रबंधन समिति की ओर से दोपहर एक बजे तीन रथ रवाना किए जाएंगे। जो बड़ी कालीजी मंदिर चौक, नाई बाड़ा, माली खां सराय, कक्कड़ पार्क, चौपटिया, भोलानाथ कुआं, अकबरी गेट, सरार्फा बाजार, चौक चौराहा, कोणेश्वर मंदिर, लाजपत नगर होते हुए कुड़ियाघाट पहुंचेंगे। शाम 5:30 बजे वहां भगवान को गोमती नदी में नौका विहार करवाया जाएगा। वहां से हरदोई रोड, कालीजी बाजार होते हुए यात्रा को वापस बड़ी कालीजी मंदिर लाया जाएगा।

**मोतीनगर:** मोतीनगर स्थित श्रीगौड़ीया मठ से जगन्नाथ यात्रा शाम 4 बजे निकाली जाएगी। स्वचालित रथ जगन्नाथ यात्रा में कोलकाता, ओडिशा, मुंबई, दिल्ली, कुरुक्षेत्र, मथुरा, वृंदावन, पटना, मुगलसराय, बनारस, इलाहाबाद से भी मठ के अनुयायी शामिल होंगे। यह यात्रा गौड़ीया मठ से शुरू होकर ऐशबाग, नाका हिण्डोला, बांसमंडी चौराहा, लाटूश रोड, श्रीराम रोड, अमीनाबाद रोड, फतेहगंज, नाका हिंडोला, आर्य नगर, मोतीनगर चौराहा होते हुए वापस श्रीगौड़ीया मठ पहुंचेगी।

**ऐशबाग:** श्रीभगवान जगन्नाथ सेवा समिति की ओर से ऐशबाग से शाम छह बजे यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा कन्हैया लाल रोड, कन्डहा, टिकैतगंज, नेहरू क्रॉस, सिद्धनाथ मंदिर, यहियागंज गुरुद्वारा, मूलचंद रस्तोगी अस्पताल होते हुए फतेश्वर महादेव, नवाबगंज ऐशबाग फाटक, वाटरवर्क्स रोड, पीलीकॉलोनी आईटी कॉलोनी ऐशबाग में सम्पन होगी। इसमें देवी.देवताओं की झांकियां भी शामिल होंगी।

**झांकी संग निकलेगी यात्रा:** मारवाड़ी गली अमीनाबाद से स्वर्गीय महंत शत्रुघ्न दास रथ यात्रा कमेटी की ओर से भव्य भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। 99वीं जगन्नाथ रथ यात्रा रविवार शाम 4 बजे मारवाड़ी गली से शुरू होगी। यात्रा फतेहगंज, गणेशगंज, नाका हिण्डोला, लाटूश रोड, कैसरबाग, नजीराबाद, हनुमान मंदिर अमीनाबाद होते हुए पुनः मारवाड़ी गली पहुंचकर समाप्त होगी। मुख्य पुजारी सूर्य प्रकाश पाठक ने बताया कि यात्रा में 10 रथों पर बाल झाकियां, पांच घोड़े व एक बैण्ड रहेगा।

**मिलता है 100 यज्ञ करने का फल:** हिंदू धर्म के मुताबिक जगन्नाथ रथ यात्रा के पीछे यह मान्यता है कि भगवान अपने गर्भ ग्रह से निकलकर प्रजा का हाल जानने निकलते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भक्त इस रथयात्रा में शामिल होता है उन्हें 100 यज्ञ करने का फल प्राप्त होता है। ऐसी भी मान्यता है कि इस यात्रा में शामिल होने वालों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस रथयात्रा में देशभर के श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस रथ यात्रा में शामिल होने वाले लोगों को शिवलोक की प्राप्ति होती है।

**जीवन-मरण के चक्र से मिलती है मुक्ति:** हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि रथयात्रा एक ऐसा पर्व है जिसमें भगवान जगन्नाथ चलकर अपने भक्तों के बीच आते हैं और उनके दुख-सुख में सहभागी होते हैं। इसका महत्व शास्त्रों और पुराणों में भी बताया गया है। स्कंद पुराण में स्पष्ट कहा गया है कि जो भी व्यक्ति रथयात्रा में शामिल होकर गुंडीचा नगर तक जाता है। वह जीवन-मरण के चक्र से मुक्त हो जाता है। वहीं जो भक्त श्रीजगन्नाथजी का दर्शन करते हुए, प्रणाम करते हुए मार्ग के धूल.कीचड़ से होते हुए जाते हैं वे सीधे भगवान श्रीविष्णु के उत्तम धाम को जाते हैं।

## हरिनाम संकीर्तन से शुरू होगी इस्कॉन मंदिर की रथ यात्रा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इस्कॉन मंदिर की ओर से सम्पूर्ण विश्व में जिस प्रकार से श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया जाता है उसी के क्रम में श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) लखनऊ द्वारा 7 जुलाई रविवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जायेगी। चारबाग रविन्द्रालय में जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में होने वाले कार्यक्रमों में हरिनाम संकीर्तन अपरान्ह 2 बजे से शुरू होगी। इसके अलावां प्रवचन एवं कथा देवकी नंदन प्रभुजी, आरती एवं रथयात्रा प्रारम्भ अपरान्ह 4 बजे से होगी। रथ यात्रा समापन जहांगीराबाद पैलेस के पास रात्रि 8 बजे होगी और दिव्य प्रसादम भंडारा वितरित किया जायेगा। रथ यात्रा अपरान्ह 04:00 बजे रविंद्रालय चारबाग से प्रारम्भ होकर बासमंडी चौराहा से हीवेट रोड पर चलकर दाहिने कैंट चौराहा (बर्लिंगटन) से बांये नावेल्टी सिनेमा होते हुए हलवासिया तिराहे से दाहिने हजरातगंज चौराहा होकर वापस चौराहे मुड़कर हलवासिया होते हुए जहांगीराबाद पैलेस लॉन में समाप्त होगी।

**श्री जगन्नाथ को लगेगा 256 प्रकार का भोग:** जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के दौरान होने वाले मुख्य आकर्षण अचिंत्यरुपिणी माता जी के दिशा निर्देशन मे मुकुंदा रॉक बैंड की प्रस्तुति, हाथी, ऊँट, घोड़ा एवं विशेष साज-सज्जा से बनाये गए रथो पर भगवान जगन्नाथ जी, सुभद्रा महारानी, बलदेव महाराज एवं राम दरबार से यात्रा का विहंगम स्वरुप दिखायी देगा। सम्पूर्ण रथ यात्रा मार्ग में भगवान एवं भक्तों पर पुष्प वर्षा होगी और सभी भक्तो का स्वागत चन्दन लगाकर, गुलाबजल एवं इत्र छिड़क कर किया जायेगा। रंगोलियों के माध्यम से रथ यात्रा मार्ग की सजावट की जायेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में इस्कॉन गर्ल्स फोरम की नृत्य प्रस्तुति होगी।

## जग में सुंदर है दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम...

- संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद धनंजय मित्तल ने सुनाये भजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डालीगंज स्थित माधव मन्दिर 63वे वार्षिकोत्सव क्रम तृतीय दिन संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जिनसे पुजारी लालता प्रसाद ने श्री हनुमान की पूजन अर्चना बिहारी लाल साहू, भूषण गुप्ता, ओमकार जायसवाल, धनश्याम अग्रवाल, श्याम जी साहू, राकेश साहू ने करने के उपरांत संगीतमय सुंदरकांड का पाठ पंडित पंकज द्वारा किया गया जिसमे बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पाठ किया।

सूफी भजन गायक धनंजय मित्तल ग्रुप ने भजन श्रीकृष्ण गोविंद हरि मुरारी..., जग में सुंदर है दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम..., राधा रमणा मेरे..., श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन... भजनो को सुनकर भक्तो को भाव विभोर कर दिया। भगवान जगन्नाथ को नगर भ्रमण पर भक्तो से मिलने के लिए निकलेंगे और भक्तो ने भी दिल खोलकर सुनेरी झडूकर फूलो की वर्षा के साथ इत्र के छिड़काव कर जगन्नाथ रथ का स्वागत करेगे। भगवान जगन्नाथ महाआरती के समय उज्जैन की तर्ज पर डमरू बजाकर उद्घोष किया जाएगा फिर भगवान जगन्नाथ, माई सुभद्रा, भाई बलदेव को 56प्रकार के भोग लगाकर रथ पर विराजमान करके रथ की रस्सी खींचकर श्रीयात्रा शुभारंभ किया जाएगा । आजमगढ़ का विश्व प्रसिद्ध धोबिया नृत्य रथ यात्रा में प्रस्तुत करेगे। गायक दीपक सिंह के मधुर गीतों पर भक्त नाचते गाते रथ यात्रा में दिखाई देगे। रथ पर विराजे राधा कृष्ण, हनुमान सबको आकर्षित करेगे, नासिक ढोल रथ यात्रा में सबके आगे बजाते हुए उसके पीछे वानर सेवा के जय श्री राम के जयकारे लगा हुए दिखाई देगे । वही प्रसाद में जामुन, मीठे चावल, बूंदी प्रसाद भोग सभी भक्तों को वितरित किया जाएगा। उपाध्यक्ष गोविंद साहू ने बताया कि रथ यात्रा में सम्मिलित कार्यकर्ता नो प्लास्टिक यूस पर करेगे जागरूकता करते हुए दिखाई देगे।



# एक दूसरे का साथ कभी मत छोड़ो : महक मिर्जा

- डिटैंगल लाइफ कार्यक्रम में कहानीकार ने लिया हिस्सा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** फिक्की फ्लो आज शनिवार को सदस्यों के लिए गोमती नगर स्थित एक निजी होटल में कार्यक्रम डिटैंगल लाइफ का आयोजन किया, जिसमें प्रसिद्ध और प्रेरक वक्ता, कहानीकार और जीवन कोच महक मिर्जा प्रभु ने भाग लिया।

वर्ष 1982 में जन्मी महक मुंबई की एक कहानीकार और लेखिका हैं, जिन्हें मौखिक काल्पनिक कहानी कहने के नवाचार के लिए जाना जाता है। वह कई भाषाओं में कहानियां बनाती हैं। आवाज के उतार-चढ़ाव के माध्यम से कई पात्रों को जीवंत करना उनकी अनूठी ताकत है। महक एक पटकथा लेखिका, सामाजिक उत्साही, प्रेरक वक्ता और संरक्षक भी हैं। महक पूरे भारत में हिंदी, मराठी, उर्दू में नियमित कहानी कहने के कार्यक्रम रखती हैं। उनकी कहानी कहने वाली कला जोया की दिवाली को मुंबई थिएटर गाइड द्वारा '2017 के शीर्ष 10 थिएटर कृत्यों' के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। उनकी प्रसिद्धि का क्षण तब था जब उनकी कहानी ₹फिर मोहब्बत करनी है₹ रातोंरात वायरल सनसनी बन गई, इसके बाद कैरी का अचार और फिर उनकी मिसेज दुबे श्रृंखला जैसी कहानियां आईं। डिटैंगल लाइफ कार्यक्रम में एक व्यक्ति के लिए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला गया जिसमें डर पर काबू पाने, सीमित विश्वासों को चुनौती देने और अपने कार्यों और प्रतिक्रियाओं पर नियंत्रण रखने की रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया। महक ने सबसे महत्वपूर्ण रूप से खुद को और अपने आस-पास की दुनिया को बेहतर ढंग से समझने के सरल साधनों के बारे में बताया। महक कहती हैं, डिटैंगल लाइफ सिर्फ.खुद को समझने से कहीं ज्यादा है। यह अपने जीवन के हर पहलू में नियंत्रण रखने, खुशी खोजने और पूरी तरह और प्रामाणिक रूप से जीने के बारे में है। जो व्यक्तिगत विकास और पूर्णता के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। महक ने कहा कि एक दूसरे का साथ कभी मत छोड़ो क्योकि समय आने पर हमें एक दूसरे की जरूरत पड़ती है। इस अवसर पर फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन विभा अग्रवाल ने बताया कि डिटैंगल लाइफ वर्कशॉप का उद्देश्य महिलाओं को अपने जीवन में स्पष्टता और नियंत्रण पाने में मदद करना है। यह परिवर्तनकारी कार्यक्रम उन धारणाओं, भय और विश्वासों को उजागर करने पर केंद्रित है जो किसी की कहानी को आकार देते हैं, और गहरे आंतरिक परिवर्तन को बढ़ावा देते हैं। प्रतिभागियों को खुद को समझने और आत्मविश्वास के साथ जीवन की जटिलताओं को दूर करने में मदद मिलेगी।

## शिवमूर्ति के उपन्यास 'अगम बहै दरियाव' पर परिचर्चा आज

लखनऊ। जन संस्कृति मंच की ओर से प्रसिद्ध कथाकार शिवमूर्ति के चर्चित उपन्यास 'अगम बहै दरियाव' पर परिचर्चा-संगोष्ठी का आयोजन कैफी आजमी एकेडमी सभागार, निशातगंज में 7 जुलाई को शाम 4 बजे से आयोजित की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व देश के जाने-माने आलोचक प्रो रविभूषण (रांची) करेंगे। इस परिचर्चा में प्रो रमेश दीक्षित, रामजी राय (इलाहाबाद), प्रो सूरज बहादुर थापा, रूपम मिश्रा (इलाहाबाद) और हरिन्द्र प्रसाद (इलाहाबाद) भाग लेंगे तथा उपन्यास के विभिन्न संदर्भों तथा पहलुओं पर अपने विचार रखेंगे। इस मौके पर कवि, गायक व आलोचक ब्रजेश यादव उपन्यास में प्रस्तुत लोकगीतों को प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जसम उत्तर प्रदेश के सचिव व युवा आलोचक राम नरेश राम (गोरखपुर) करेंगे। सभी का स्वागत लखनऊ ईकाई के सचिव कथाकार फरजाना महदी के द्वारा किया जाएगा। उर्दू शायरा सइदा सायरा धन्यवाद ज्ञापित करेंगी।

## भोजपुरी फिल्म 'एक लोटा पानी' की शूटिंग शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। वर्तमान समय मे दुनिया की आधी से अधिक आबादी एक एक बूंद पानी की कमी से तरस रही है, वैसे में आप एक लोटा पानी की अहमियत को बखूबी समझ सकते हैं। वैसे भी दुनिया के कई शहरों में तो पानी का स्तर या तो इंसानी पहुंच से दूर जा चुका है या फिर इस स्तर पर आ गया है जहां से की आप उसे किसी खुले तालाब या झील के बजाए बन्द डिब्बे में देख सकें। तो हम बात करेंगे इसी पानी की अहमियत को समझाती हुई एक बेहद संवेदनशील मुद्दे तो टच करती हुई भोजपुरी फिल्म 'एक लोटा पानी' की।

आज की तारीख में बनने वाली अधिकांशतः भोजपुरी फिल्मों के टाइटल से आपको अहसास ही नहीं होगा कि वो भोजपुरी फिल्म है या किसी अन्य भाषा की। लेकिन निर्देशक चंदन सिंह और अभिनेता आदित्य ओझा की आने वाली फिल्म 'एक लोटा पानी' विशुद्ध रूप से एक टिपिकल भोजपुरी फिल्म होने का अहसास अपने टाइटल से ही करा देती है। हमारे भोजपुरिया क्षेत्र में कोई आगंतुक दरवाजे पर आ जाये तो उसे कम से कम एक लोटा पानी तो जरूर पिलाया ही जाता है। इसीलिये इस फिल्म की अहमियत बढ़ जाती है। जहां एक तरफ आजकल भोजपुरी फिल्में किचन की कीच कीच लिए हुए सास बहू पर केंद्रित होकर बन रही हैं वहीं निर्देशक चंदन सिंह ने इस लीक से हटकर सास बहू की परिपाटी को तोड़ते हुए एक बेहद ही सामाजिक सरोकार के मुद्दे को इस फिल्म में दिखाने का काम किया है। 'एक लोटा पानी' दरअसल में हमारे समाज के अंदर के कई मिथकों को तोड़ने का भी काम करेगी। इस फिल्म में अभिनेता आदित्य ओझा एक बेहद ही महत्वपूर्ण किरदार अदा कर रहे हैं जो समाज की गलत अवधारणाओं को अपनी सूझबूझ और विवेकपूर्ण रवैय्ये से तोड़ते हुए दिखता है । निर्देशक चंदन सिंह की यह फिल्म आज के दौर के भोजपुरी फिल्मों के हिंसाब से एक अलग ही स्तर की कहानी कहती हुई फिल्म है जिसके द्वारा समाज मे भेदभाव भूलकर लोग एक दूसरे के साथ हाथ बटाते हुए नजर आएंगे। फिल्म 'एक लोटा पानी' की शूटिंग इन दिनों उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में शुरू हो चुकी है।

# मिजार्पुर 3 : कालीन भइया नहीं, इस बार भौकाल गुड्डू भइया का है

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



- निर्देशन- गुरमीत सिंह और आनंद अय्यर
- कलाकार-अली फजल, पंकज त्रिपाठी, श्वेता त्रिपाठी

**रेटिंग-3.5/5**

**लखनऊ।** मिजार्पुर के तीसरे सीजन को आने में काफी समय लग गया। तीसरे सीजन को लाने में मेकर्स को 4 साल लग गए। वक्त जरूर ज्यादा लगा, लेकिन मजा आएगा। पहले और दूसरे सीजन की तरह इस बार भी पूरी सीरीज गोलियों की तड़तड़ाहट से भरपूर है, भौकाल भी है लेकिन कालीन भइया का नहीं गुड्डू भइया (अली फजल) का।

अब आप सोच रहे होंगे कि कहानी में ऐसा क्या हो गया कि गुड्डू भइया कालीन भइया (पंकज त्रिपाठी) पर भारी पड़ गए? दरअसल, तीसरा सीजन वहीं से शुरू होता है जहां दूसरा सीजन खत्म हुआ था। मुन्ना भइया (दिव्येंदु) इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं और कालीन भैया कोमा में चले गए हैं। इस वजह से गुड्डू भइया पावरफुल हो गए हैं। इस सीजन में कालीन भैया का स्क्रीन स्पेस थोड़ा कम है, इस वजह से भी गुड्डू भैया का रोल भी बड़ा है। अब रोल ज्यादा है तो भौकाल भी ज्यादा होगा। गुड्डू भैया के साथ गोलू (श्वेता त्रिपाठी) भी फॉर्म में नजर आ रही हैं। उनमें भी पहले से थोड़ा ज्यादा भौकाल देखने को मिल रहा है। अब गुड्डू और गोलू का बदला तो पूरा हो चुका है, लेकिन अब लड़ाई मिजार्पुर की गद्दी की है। बाहुबलियों की मीटिंग चल रही है। गुड्डू भइया भी मीटिंग का हिस्सा है। मीटिंग का मुद्दा है मिजार्पुर की गद्दी पर कौन बैठेगा? गुड्डू भइया खुद ही तय कर चुके हैं कि मिजार्पुर पर राज अब वह करेंगे और उन्होंने कालीन भइया की कुर्सी पर भी कब्जा कर रखा है, लेकिन इस एक पैच है अब वो पैच क्या है? यही कहानी का सार है। अगर आपने इस सीरीज का पहला और दूसरा पार्ट देखा हुआ है तो तीसरे पार्ट में आप बोर नहीं होंगे। रही बात कहानी की तो इस बार का सीजन आपको थोड़ा स्लो जरूर लगेगा। आपको ऐसा लगेगा कि कहानी जबरन खींचा जा रहा है, भौकाली में कोई कमी नहीं है। वहीं एक्टिंग की बात करें तो पंकज त्रिपाठी, अली फजल, विजय वर्मा, रसिका दुग्गल, ईशा तलवार, श्वेता त्रिपाठी, लिलिपुट और अन्य सारे कलाकारों ने इस बार भी शानदार काम किया है। निर्देशन की बात की जाए तो गुरमीत सिंह ने बहुत ही अच्छे तरीके से तीसरे को संभाला है। मिजार्पुर-3 में गुड्डू पंडित (अली फजल) का रोल काफी दमदार है। अली फजल ने अपने हुनर से इस किरदार को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। पहले सीजन में किताबों में गुम रहने वाली गोलू (श्वेता त्रिपाठी) का तीसरे सीजन में कम्प्लीट मेकओवर देखने को मिलता है। शरद शुक्ला (अंजुम शर्मा) का स्क्रीन टाइम मिजार्पुर-3 में बहुत ज्यादा है। दूसरे सीजन में उन्हें ज्यादा कुछ करने को मिला नहीं था, लेकिन इस सीजन में उन्होंने कमाल का काम किया है। पंकज त्रिपाठी इस सीरीज की जान हैं, लेकिन उनके किरदार कालीन भैया को तीसरे सीजन में काफी कमजोर दिखाया गया है। हालांकि उन्हें जितना भी स्पेस मिला उन्होंने उसे भुनाने की पूरी कोशिश की है। कालीन भैया की पत्नी बीना त्रिपाठी बन रसिका दुग्गल ने भी दमदार काम किया है। सीएम माधुरी यादव यानी ईशा तलवार भी ठीक-ठाक लगी हैं। दद्दा त्यागी के बेटे उर्फ विजय वर्मा की एक्टिंग अच्छी है, लेकिन किरदार मजेदार नहीं है। लिलिपुट फारुकी द्वारा निभाया गया दद्दा त्यागी का किरदार भी काफी कमजोर दिखाई पड़ा मिजार्पुर का तीसरा सीजन देख सकते हैं।

## पुस्तक 'उम्मीद अब भी बाकी है' में दिखी भारतीय काव्य-परम्परा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एक कवि के रूप में युवा कवि रविशंकर उपाध्याय का रचनाकाल बहुत बड़ा नहीं है, किन्तु कोई कवि बहुत लम्बे कालावधि और बृहद रचना-संसार से बड़ा नहीं होता अपनी। किसी भी रचनाकार की रचना उसे बड़ा बनाती है। एक कवि के तौर पर मौजूद रविशंकर उपाध्याय का काव्य-जगत और काव्य-संवेदना विस्तृत और उल्लेखनीय है। युवा कवियों के पहले काव्य-संकलन को सामने रख कर देखें तो रविशंकर उपाध्याय का काव्य संकलन उम्मीद अब भी बाकी है एक विशिष्ट पहचान रखता है। उनकी काव्य-दृष्टि आधुनिक होते हुए भी भारतीय काव्य-परम्परा से अविच्छिन्न है। हिंदी कवि केदारनाथ सिंह इन कविताओं को रेखांकित करते हुए लिखते हैं, ॥रविशंकर उपाध्याय की कविता में एक गहरी ऐन्द्रिकता और एक खास तरह की गीतात्मकता है। इन कविताओं की एक अलग ढंग की स्वरलिपि मेरे मन में अब भी अंकित है। असल में रविशंकर उपाध्याय का पूरा लेखन साहित्य, संस्कृति, कला, राजनीति, भाषा और समाज की विभिन्नताओं को दर्ज करता चलता है। इनकी कविताएँ समकालीन जीवन अनुभव व काव्यगत संवेदना के साथ विशिष्ट रंगरूप में अभिव्यक्त हुई हैं। जहाँ जमाने भर का दुःख-दर्द, संघर्ष और यथार्थ के मूलभूत अंतर्विरोधों और शाश्वत प्रेम का सौहार्द मौजूद है।

रविशंकर उपाध्याय की कविताओं को सोचते हुए जो तीन आयाम स्पष्टतः सामने आते हैं, वह है– स्पष्ट राजनीतिक पक्षधरता, प्रेम और अपनी जड़ों के प्रति गहरी संलग्नता और कृतज्ञता। इन कविताओं की निष्पत्ति श्रम, करुणा और सौन्दर्य के रूप में अभिव्यंजित हुई है। नब्बे के दशक की कविता की लोक रुझान को रविशंकर उपाध्याय की गाँव से जुडी कविताएँ एक नये विस्तार और बनक में पेश करती है। इन कविताओं की भावभूमि और संरचना सर्वथा नवीन है। रविशंकर उपाध्याय की कविताओं का समय इक्कीसवीं सदी से आरम्भिक दशक का समय है। वे अपने समय के संत्रास और जटिलता को समझ रहे थे। वे पूँजी के बदले रूप और मनुष्य पर बाजार के अतिक्रमण को अपनी कविता में रेखांकित करते हैं। इसी समय में एक आदमी/माउस और की-बोर्ड से खोलता है दरवाजा और प्रवेश कर जाता है एक दूसरी दुनिया में वह लगाता है चक्कर गोल-गोल, तभी अचानक याद आती है कि अरे वह लॉटरी तो निकल चुकी होगी, अरे अब बाजार गरम हो चुका होगा और वह उछलने लगता है सेंसेक्स की तरह, वह उछलता है तो कभी गिरता भी, गिरने को देख पाने की भूख से बेचैन आदमी खोने के भय से डूब जाता है और जो खो चुका है सबकुछ वह भय मुक्त हो, खड़ा हो ।

संक्षेप

## सोशल मीडिया पर सभासद पति को दी जान से मारने की धमकी

**भटनी (देवरिया)।** सोशल मीडिया फेसबुक के माध्यम से एक व्यक्ति द्वारा सरेआम सभासद पति को जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है।

बताया गया है कि स्थानीय आदर्श नगर पंचायत वार्ड नम्बर 10 ठाकुरजी की कुटी की सभासद जुली देवी के पति लालबिहारी प्रजापति ने थाने में एक तहरीर दिया है कि शैलेष कुमार एम आर नाम के एक व्यक्ति ने अपने आईडी से फेसबुक के माध्यम से सरेआम मुझे और मेरे पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दिया है। साथ ही इससे पहले मेरे मित्र अंकित विन्दा को भी जान से मारने की धमकी उक्त व्यक्ति द्वारा दिया जाता रहा है।

इस सम्बन्ध में तहरीर देने के साथ ही पुलिस प्रशासन से अपने व पूरे परिवार की जानमाल की सुरक्षा का गुहार करते हुए उचित कार्यवाही की माँग किया है।

# समस्याओं के हल में कोताही बर्दाश्त नहीं

## डीएम और एसपी ने रुद्रपुर तहसील में सुनी फरियादें, अधिकारियों को दिये निर्देश

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर रुद्रपुर तहसील में जनसमस्याओं की सुनवाई की। कुल 19 प्रकरण आये जिसमें से 5 का समाधान हुआ। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा जनता की

**● कुल 19 प्रकरण आये, 5 का हुआ समाधान**

समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए, जिलाधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यदि लेखपाल अपने हलके में नियमित रूप से भ्रमणशील रहें तो



राजस्व से जुड़े अधिकांश प्रकरणों का त्वरित समाधान हो सकता है। लेखपाल यदि किसी प्रकरण के समाधान के लिए मौके पर जाते हैं तो समस्या का स्थायी हल दिखना चाहिए। विवाद की स्थिति में सभी पक्षकारों को समझाया जाए और यदि किसी प्रकरण में कानून व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना हो तो जरूरत के मुताबिक लोगों को पाबंद भी किया जाए। डीएम ने समाधान दिवस पर नई पद्धति प्रारंभ की है जिसमें फरियादी के साथ संबंधित क्षेत्र का लेखपाल भी मौजूद रहता है। इससे प्रकरण के विषय में सभी पक्षों की जानकारी मिल रही है। साथ ही अधिक शिकायत वाले ग्राम पंचायतों के लेखपाल भी चिन्हित हो रहे हैं। डीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली अधिकांश शिकायतें पैमाइश, पारिवारिक संपत्ति विवाद, खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जे से जुड़ी होती है यदि लेखपाल अपने क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे तो शिकायतों की संख्या में भी कमी आएगी।

उन्होंने कहा कि यदि किसी लेखपाल के द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयास यह हो कि कोई भी फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर कही न भटके। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशानुसार गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण हो जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो समस्याएं जिस स्तर की हैं उनका समाधान उसी स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया। तहसील रुद्रपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 19 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 13, पुलिस विभाग के 01, विकास विभाग के 01 तथा अन्य विभाग के 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। अवशेष 14 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समाधान के निर्देश के साथ सौंपा गया सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं थानाध्यक्ष गण उपस्थित थे।

## वन विभाग ने किया पौध रोपण का आयोजन



**पड़रौना, कुशीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के दलबहादुर छपरा स्थित बुद्ध नाथ सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय प्रांगण में वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत वन विभाग के द्वारा पौध रोपण का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि पडरौना नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल के प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल रहें। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में आद्या राय ग्राम प्रधान पटेरहा, सुनील दीक्षित ग्राम प्रधान सिरसिया, वन विभाग के अधिकारी रामध्यान पांडेय रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में पांच फलों में राजा आम का वृक्ष लगाया गया। मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में पर्यावरण दूषित होने से नुकसान, वृक्षारोपण करने से लाभ, मनुष्य के जीवन में शुद्ध पर्यावरण, शुद्ध हवा होना चाहिए विषय पर बृहद उद्बोधन दिया गया। साथ ही सभी से अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण में भाग लेने की अपील भी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन एक वृक्ष मां के नाम मे सभी को शामिल होने और प्रकृति की रक्षा कर अपनी आगामी पीढ़ी की रक्षा करने के प्रति सभी को शपथ भी दिलाई। इसी क्रम में विद्यालय में पर्यावरण चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मंजीत यादव, प्रिया चौधरी, द्वितीय स्थान ममता जायसवाल, वैभव पांडे व तृतीय स्थान पर रोशन चौधरी, नीलू मद्धेशिया को मनीष बुलबुल जायसवाल ने सम्मानित कर उन्हें पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रबंधक महेंद्र दीक्षित ने किया संचालन प्रवीण कुमार ने किया। इस दौरान अंशु जायसवाल आकाश त्रिपाठी, पारस परमानंद, संजय सिंह, मनीष सिंह मंथन सिंह काशी राजभर घनश्याम, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र राय, प्रबंधक महेंद्र कुमार दीक्षित प्रवीण कुमार, बाके पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय, इंद्रमणि राय, श्रीनिवासदीक्षित, अर्पिता, माधुरी पांडे, संध्या, देवांश, सोनू दीक्षित, अमन मद्धेशिया, विभा यादव, सिद्धि, अंजलि, माही, उजाला, अमृता, चांद, सोनाली, रेखा, रोशनी, वैष्णवी, प्रतीक, अदिति, अनामिका, शिवांगी, निशा अन्य विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

# समय पर करें लोगों की समस्याओं का निदान : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की उपस्थिति में तहसील सदर (पडरौना)के सभगार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आए हुए फरियादियों की समस्याओं को बारी - बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों यथा आबादी, बैनामा, अवैध कब्जा , अन्य प्रकरणों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिये। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशानुसार गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस के उपरांत सभी अधिकारी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आज ही फील्ड में जाकर निस्तारण करने का प्रयास करें। कहा कि आजकल बरसात का मौसम है वॉटर लॉगिंग, बंधा, नहर आदि कटने की समस्या जहां कहीं भी हो उसे तत्काल निस्तारित करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में पानी भर गया हो या जमा हो गया हो उसे बंद करवाये तथा अधिशासी अभियंता विद्युत पडरौना को निर्देशित किया कि शॉर्ट सर्किट, ट्रांसफार्मर, लाइन फॉल्ट आदि समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें तथा आम जनमानस को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करें। सभी अधिकारी अटैंटिव (सतर्क, चौकन्ना) तथा सक्रिय होकर कार्य करें तथा प्रोएक्टिव होकर जनता की समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी आम जनमानस को राहत की आवश्यकता है तुरंत बचाव एवं राहत कार्य करें। किसी का घर गिरने वाला हो तो तुरंत खाली कराए, आइजीआरएस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण में गंभीरता लाएं तथा सभी वरिष्ठ अधिकारी अपने अधीनस्थों के द्वारा निस्तारित किए गए प्रार्थना पत्रों को आवश्यक जांच करें। अगर किसी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराए। कृषि, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति, पुलिस, बाढ़ खंड, सिंचाई तथा राजस्व विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड में रहे। सभी प्रार्थना पत्रों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें, अगर नियमों के अंतर्गत उन्हें संतुष्ट नहीं कर सकते हैं तो तत्काल प्रार्थी को अवगत अवश्य कराएं। सभी अधिकारी नियुक्ति स्थल पर ही निवास करें तथा सभी विभाग के अध्यक्ष प्रतिदिन 10:00 बजे से रोज जनता दर्शन पर बैठे और जनता को सुने व प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करें। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 67 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 34 में से 12 को तत्काल निस्तारित कराया गया एवं पुलिस विभाग के 14 , विकास विभाग के 11 , अन्य विभाग के 08 प्रार्थना



पत्र प्राप्त हुए, अवशेष 55 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश पटरिया, परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी पडरौना व्यास नारायण उमराव, नायब तहसीलदार पडरौना विशाल त्रिपाठी, डीसी मनरेगा राकेश, डीएसओ दिलीप कुमार, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, कृषि उप निदेशक आशीष कुमार, बीएसए आर जे मौर्य, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, डीपीओ विनय कुमार, सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी खंड विकास अधिकारी एवं थानाध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित

**कसया, कुशीनगर।** शनिवार को कसया तहसील सभागार मे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया अंकिता जैन की अध्यक्षता मे व सीओ कसया कुन्दन सिंह व तहसीलदार धर्मवीर सिंह की मौजूदगी मे सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया अंकिता जैन (आईएएस) ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन से फरियादियों ने एक-एक कर अपनी समस्याओं को रखा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने लोगों की समस्याओं को बड़ी गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश मातहतों को दिया। उन्होंने कहा कि आम जन की समस्याएं, भूमि विवाद और अन्य समस्याओं का समय बद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। समाधान दिवस में आईं 24 शिकायतों में से मौके पर तीन का निस्तारण कर दिया गया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया अंकिता जैन समेत मौजूद सीओ कुंदन सिंह, तहसीलदार धर्मवीर सिंह ने क्षेत्र से आए लोगो की समस्याओं को सुना। इस दौरान राजस्व विभाग से 9 और पुलिस विभाग से 7 व विकास विभाग से 4 व अन्य 4 संबंधित कुल 24 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें से मौके पर राजस्व विभाग से संबंधित तीन मामलो का निस्तारण कर दिया गया व शेष शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्रेषित कर दिया गया।

## शिक्षकों ने 6सूत्रीय माँगो का पत्रक खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंपा

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय ब्लाक संसाधन केन्द्र परराष्ट्रीय शैक्षणिक महासंघ उ प्र शाखा भटनी के संयोजक वीरेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व मे अपनी 6सूत्रीय माँगो का पत्रक खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार यादव को सौपते हुए चेतावनी दिया कि संगठन अपने संवेदनशील लम्बित माँगो के निस्तारण तक किसी प्रकार के डिजिटाइजेशनपुरजोर विरोध करेगी ।सौपे गये पत्रक में हाफ डे सी एल ई एन की सुविधा विपरीत मौसम /आपदा/अचानक आयी समस्या आदि मे विलम्ब की स्थिति मे अन्य विकल्प दिया जाय ।प्रतिकर अवकाशकी बहाली प्रमोशन स्थानांतरण आदि की प्रक्रिया जल्द पुरा कराया जाय ।राजकर्मचारियों के तरह कैशलेस चिकित्सा की व्यवस्था की जाय ।शिक्षकों ने चेतावनी दिया है कि डिजिटाईजेशन के नाम पर शिक्षकों का शोषण बन्द किया जाय ।नही तो बहुत बडा आन्दोलन होगा ।

## केंद्रीय राज्यमंत्री के स्वागत में सभासद प्रतिनिधि की कटी जेब



**रूद्रपुर, देवरिया।** केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान के स्वागत समारोह में पहुंचे रुद्रपुर नगर पंचायत के सभासद प्रतिनिधि रामप्रवेश भारती की जेब एक जेब कतरे ने काट ली और 14 हजार उड़ा लिया। जानकारी होने पर हो हल्ला मचाने लगा। स्वागत समारोह में उपस्थित कोतवाली पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। जिसकी पहचान लखनऊ निवासी जावेद के रूप में हुई। बता दें कि बांसगांव के सांसद लगातार चौथी बार विजयी होने के बाद केंद्र सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री बनाये गये। मंत्री बनने के बाद रुद्रपुर में शनिवार को पहली बार आगमन हुआ। जिसके लिए विधानसभा क्षेत्र में लगभग आधे दर्जन स्थानों पर स्वागत समारोह रखा गया था। राज्य मंत्री उपनगर से सटे जोत बनकट में मृतक राजवंशी दुसाध के घर भी गए और परिजनों को सांत्वना दी। हालांकि उपनगर के आजाद नगर वार्ड में कुछ दिन पूर्व बिजली करंट से मां बेटी की मौत के मामले में पीड़ित परिवार से हाल जानने मंत्री जी नहीं पहुंचे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित इस्तखार अंसारी के घर चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम के अलावा अब तक कोई भी जन प्रतिनिधि नहीं पहुंचा।

# जनसंघ के संस्थापक की जयंती मनायी



जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया ।** औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर कार्यकताओं और मतदाताओं का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि ये बड़े सौभाग्य की बात है कि आज हम सब देश के एक ऐसे महापुरुष के जयंती के अवसर पर

**● भाजपा ने किया कार्यकर्ता और मतदाताओं का अभिनंदन**

यहां उपस्थित हुए हैं जिन्होंने एक विधान, एक प्रधान और एक निशान का नारा दिया और इसके लिए अपने जीवन का बलिदान दे दिया। आज यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से धारा 370 हटाकर यह ऐतिहासिक कार्य सम्पन्न हुआ है । उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारे कार्यकताओं ने पूरी ताकत के साथ लड़ाई लड़ी और परिणाम हमारे पक्ष में आए इसके लिए आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को कोटि कोटि प्रणाम करता हूं । लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार से विपक्षियों ने खटाखट और संविधान बदलने की अफवाह फैलाई देश की सेना के बारे में झूठ बोला और लोगों के बीच ये गलत प्रचार किया, उसका जवाब जनता ने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर दे दिया है । उन्होंने कहा कि हम अपने परिश्रमी और निष्ठावान कार्यकताओं और सम्मानित जनता के आशीर्वाद के बल पर आने वाले 27 के विधानसभा चुनाओं में देवरिया जनपद की सातों सीटों पर प्रचंड जीत का परचम लहराएंगे । उन्होंने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार जताया और सभी को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया । उन्होंने कहा कि सरकार की जितनी भी जनहित की योजनाएं चल रही हैं उनका लाभ जनता को तो मिल ही रहा है हमारे कार्यकताओं को भी इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए मैं पूरी ताकत के साथ काम करूंगा । उन्होंने कहा कि हम तो विकसित भारत का संकल्प लेकर चल रहे हैं जो भारत की अंतिम पंक्ति की जनता के सर्वांगीण विकास के लिए मोदी जी का सपना है और इस अपने को साकार करने के लिए वो दिन रात काम भी कर रहे हैं इन बातों को हम जनता के बीच लेकर जाएं और उन्हें बताएं कि हम खुद के लिए नहीं 140 करोड़ देशवासियों के सम्मान के लिए लड़ रहे हैं और यह लड़ाई आप सबके प्रयास से ही जीती जा सकती है । चुनाव में विपक्षियों द्वारा भ्रामक प्रचार किया गया कि भाजपा के लोग संविधान बदल देंगे, जबकि संविधान को इन्ही कांग्रेस के लोगों द्वारा कई बार बदला गया और 1975 में देश को आपातकाल जैसा दंश झेलना पड़ा तमाम बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई । देश के इतिहास में आपातकाल जैसा कला अध्याय लिखने का काम कांग्रेस के लोगों ने किया ।

सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव में एक प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना हम लोगों ने किया लेकिन फिर भी कार्यकताओं के परिश्रम और मतदाता का आशीर्वाद हम सभी को मिला इसके लिए मैं अपने कार्यकर्ता साथियों और सम्मानित मतदाताओं को कोटि कोटि धन्यवाद देता हूं । मैं पार्टी के कार्यकताओं के सम्मान के लिए हमेशा लड़ता रहूंगा । उन्होंने कहा कि संसद के भीतर राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना के बारे में भ्रामक झूठ बोला लेकिन देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके झूठ का करारा जवाब दिया । आज सारे झूठे लोग इकट्ठा होकर सरकार को कमजोर करना चाहते हैं लेकिन ये लाख कोशिश कर लें अपने मंसूबे में सफल नहीं हो पाएंगे । जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जयंती के अवसर पर उनको नमन करता हूं । उन्होंने कश्मीर को भारत का अंग बनाने के लिए अपना बलिदान दे दिया । हम संगठन के कार्यकर्ता हैं और हम अनवरत कार्य करते रहेंगे । ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने डा० मुखर्जी को नमन करते हुए कहा कि हमने देवतुल्य कार्यकताओं के बल पर ही बांसगांव और देवरिया लोकसभा की दोनो सीटें जीतकर पार्टी की झोली में डालने का कार्य किया ।उन्होंने कहा कि जो हमारे मतदाता हैं किसान भी हैं मजदूर भी हैं छात्र भी हैं और महिलाएं भी हैं इन सभी का अभिनंदन समारोह में कोटि कोटि स्वागत है ।कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, पूर्व विधायक रविंद्र प्रताप मल्ल ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, अजय शाही, महामंत्री रविंद्र कौशल, अजय उपाध्याय, कृष्ण नाथ राय, प्रेम अग्रवाल, निर्मला गौतम, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, भारती शर्मा, पवन मिश्रा, गोविंद चौरसिया, रंजीत सिंह, गौरी बाजार चेयरमैन प्रदीप मदेशिया, सिंह, दुर्गेशनाथ त्रिपाठी, सुधीर श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## भाजपा के पांच और सपा का एक सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

**बरेली।** यूपी के बरेली नगर निगम में शनिवार को कार्यकारिणी चुनाव संपन्न हुआ। इसमें भाजपा के पांच और सपा का एक कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुआ। नव निर्वाचित सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। शनिवार सुबह नगर निगम में 6 सदस्यों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। इसमें 6 सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। इसमें भाजपा के 5 और सपा का एक पार्षद निर्विरोध चुना गया। मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स की मौजूदगी में कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ ।बरेली नगर निगम कार्यकारिणी में इनको मिली जगहनगर निगम सभागार में सुबह 11 बजे से कार्यकारिणी समिति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। इसमें 6 सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया के लिये पार्षद काफी पहले से तैयारी कर रहे थे। मगर, चुनाव के बजाय कार्यकारिणी को निर्विरोध बनाने के लिए सपा और भाजपा के पार्षद लगे हुए थे।

## विद्यालय बंद पाए जाने पर पकड़ी खास विद्यालय के प्रधानाध्यापक निलंबित

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने प्रधानाध्यापक संविलियन विद्यालय पकड़ी खास वि०क्षे०देवरिया सदर आरयेन्द्र कुमार राय को विद्यालय बन्द पाये जाने तथा बिना अवकाश स्वीकृति एवं बिना किसी ठोस कारण के विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापकों एवं शिक्षामित्र को अनुपस्थित पाये जाने के कारण प्रधानाध्यापक को निलंबित और अनुपस्थित सभी अध्यापकों,शिक्षामित्र का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक कर स्पस्टीकरण मंगा गया है

बीएसए ने बताया है कि निलम्बन अवधि में ब्लॉक संसाधन केन्द्र देवरिया सदर पर सम्बद्ध किया गया है। अनुशासनात्मक कार्यवाही के क्रम में प्रकरण की जांच हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी वि०क्षे०-पथरदेवा को जांच अधिकारी नामित कर निर्देशित किया गया है कि वे सम्बन्धित प्रधानाध्यापक के विरूद्ध परिलक्षित गम्भीर आरोपों के सम्बन्ध में प्रकरण की गम्भीरता पूर्वक जांच करते हुए पक्ष कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बिना अवकाश स्वीकृति एवं बिना किसी ठोस कारण के विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापकों एवं शिक्षामित्र को अनुपस्थित पाये जाने के कारण साक्ष्यमय स्पष्टीकरण 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इस विद्यालय के अवधेश स०अ०,यशवन्त सिंह स०अ०, वंदिता पाण्डेय स०अ०, रजनी तिवारी स०अ० एवं प्रभा पाण्डेय शि०मि० की अनुपस्थिति दिवस 06 जुलाई 2024 का वेतन अग्रिम आदेश तक अवरूद्ध किया गया है ।

# जन्मदिन पर पूजन कर बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा के दीघार्यु जीवन की कामना



**कुशीनगर।** विश्व बिख्यात बौद्ध धर्मगुरु और नोबल शांति पुरस्कार प्राप्त दलाई लामा 14 वें के 89 वें जन्मदिन पर बौद्ध भिक्षुओं ने विशेष पूजाकर उनके स्वस्थ्य व दीघार्यु जीवन की कामना की।

शनिवार को तिब्बत मोनेस्ट्री के चेयरमैन भन्ते कोंचोक टेंग योंग की देखरेख में आठ मोनेस्ट्रियों के बौद्ध मोनेस्ट्रियों के भिक्षुओं ने मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया और बौद्ध धर्मगुरु के स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर भिक्षुओं और उपासकों में फल वितरित किया गया। इसके पश्चात तिब्बत मोनेस्ट्री के मुख्य मंदिर में तथागत बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष थाई, म्यांमार, श्रीलंका, कम्बोडिया, कोरिया आदि बुद्ध बिहारों के भन्ते समित, भन्ते अशोक, भन्ते अचान जुट, भन्ते आलोक, भन्ते मायी बिक, भन्ते उपाली, भन्ते शीलू आदि ने धम्म पाठ के साथ विशेष पूजन किया। इस अवसर पर सभी को भोजन दान दिया गया। इस अवसर पर अजय कुमार, ओमप्रकाश कुशवाहा, बिट्ठू, मुखलाल आदि मौजूद रहे।

### केक काटकर बच्चों ने मनाया दलाई लामा 14 वें का जन्मदिन

बुद्ध स्थली स्थित मैत्रेय प्रोजेक्ट ट्रस्ट के सभागार में बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा का 89 वां जन्मदिन गरीब बस्ती के बच्चों व महिलाओं ने मनाया। इस अवसर पर केक काटकर बौद्ध धर्म गुरु के दीघार्यु जीवन की प्रार्थना की गई।

शनिवार को बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के जन्मदिन पर बच्चों, महिलाओं व ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने केक काटा और प्रार्थना की। बच्चों ने बुद्धम शरणम गच्छामि का पाठ किया और गीत प्रस्तुत किये। ट्रस्ट के स्थानीय इंचार्ज चन्द्र प्रकाश शर्मा ने कहा कि परम पूज्य दलाई लामा ने विश्व में बुद्ध के उपदेश करुणा, मैत्री, शांति के संदेश का प्रसार किया। हम उनके स्वस्थ्य व दीघार्यु जीवन की कामना करते हैं। मैत्रेय उनके मार्ग का अनुसरण करते हुए सेवा के लिए सदैव तत्पर है। इस दौरान श्रीमती ममता देवी, श्रीमती सीमा देवी, श्रीमती गायत्री देवी, रामप्रवेश, श्रीराम सहित अमृता, विकास, विन्दी, राजन, जयदेव, अमर, लकी, आनन्द, ओम नरायण आदि बच्चे मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान



**देवरिया।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को सदर सांसद शशांक मणि तथा रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कार्यकताओं और वन विभाग के अधिकारियों के साथ कुशहरी में तथा सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने कार्यकताओं के साथ पुरवा में वृक्षारोपण कर आम जनमानस को पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया तथा सभी से आह्वान किया कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सब लोग एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाएं ।इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय, दिवाकर मिश्रा, अंकुर राय, प्रभाकर तिवारी, संजय सिंह, बजरंगी मणि, नागेशपति तिवारी, रामनिवास पांडे, सिंकू बाबा, मनमोहन मिश्रा, विजय बेलदार, आशुतोष तिवारी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## वृक्ष धरा के आभूषण है : जय प्रकाश



**रूद्रपुर, देवरिया।** तहसील परिसर रुद्रपुर में मा विधायक श्री जय प्रकाश निषाद,जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ,पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, उपजिलाधिकारी रत्नेश त्रिपाठी,क्षेत्रीय वन अधिकारी रुद्रपुर सूर्यभान यादव, अभिषेक राय वन दरोगा द्वारा 35 करोड़ वृक्षारोपण जन आंदोलन के अंतर्गत वन महोत्सव के अवसर पर फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। पोधरोपण के दौरान विधायक श्री निषाद ने कहा कि वृक्ष धरा का आभूषण है जिससे जीवधारियों को जीवन मिलता है। जल स्तर में वृद्धि होती है। ग्लोबल वार्मिंग में कमी के लिए अधिकाधिक पौधे लगाएं व उनकी सुरक्षा करें। इस अवसर पर अरविंद सिंह वन दरोगा,मनोज मिश्रा,रामकेश यादव, प्रमोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## नाबालिग से दुष्कर्म में 20 वर्ष कैद

सीतापुर। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वहीं आरोपी को 50 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। मिश्रित कोतवाली में वर्ष 2020 में लक्ष्मनपुर बीकासुर ग्रंट निवासी मुस्तफा पुत्र यासीन के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने साक्ष्यों को देखने, गवाहों व दोनों पक्ष के वकीलों की बहस सुनने के बाद मुस्तफा को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने मुस्तफा पुत्र यासीन को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 50 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## खड़े ट्रक में कार घुसी, दो लोग घायल

पाटन उन्नाव। उन्नाव लालगंज एन एच 31 नेशनल मार्ग पर बीती रात सड़क पर खड़े ट्रक में अनियंत्रित होकर कार घुस गयीं। कार में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गयी डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था मे जिला अस्पताल जिला अस्पताल ने हैलट अस्पताल भेज दिया ।जहाँ उनकी हालत चिंताजनक बताई गई है। बिहार थाना क्षेत्र के उन्नाव लालगंज नेशनल मार्ग पर ग्राम रावतपुर के सामने बीती रात 10 बजे मार्ग पर खड़े ट्रक में अनियंत्रित होकर कार जा घुसी घटना में कार के पर खच्चे उड़ गए वही कार में सवार चालक व एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची पी आर वी व थाना पुलिस ने कार में फसे घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। जिन्हें उपचार हेतु एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले गए। जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायलों की गंभीर स्तिथि को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से चिन्ताजनक हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल भेज दिया गया। जहाँ उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटनास्थल में पहुँचे उप निरीक्षक रजनीकांत पाण्डेय ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार का आरटीओ अभिलेखों से पता चला कि जनपद राय बरेली के थाना डलमऊ के अंर्तगत ग्राम पूरे हुल्लास सिंह का पुरवा चकराई कुरौली के विमलराज के नाम गाड़ी दर्ज है। वही थाना प्रभारी शिव प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि कार के स्वामी को कई बार फोन लगाकर संपर्क किया गया किंतु वह कवरेज क्षेत्र के बाहर व स्विच ऑफ बता रहा है। पुलिस द्वारा घायलों का नाम व पते की जानकारी के लिए बराबर संपर्क किया जा रहा है।

## पौधरोपण कर जेल में कैदियों को बांटे कपड़े

सीतापुर। ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम का एक प्रतिनिधि मंडल सीतापुर के दौरे पर आया, डेलिगेशन ने सीतापुर जेल में पहुंचकर जेल प्रशासन के साथ मिलकर जेल प्रांगण में पौधा रोपण किया। इसी के साथ जेल में बंद लगभग 50 गरीब कैदियों को नए कपड़े वितरित किए। पयामे इंसानियत फोरम के सदस्यों के हाथों से नए कपड़े पाकर कैदियों के चेहरे खिल उठे ।इस अवसर पर ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम के जिला कोऑर्डिनेटर शफीक चैधरी ने कहा कि वास्तविक जीवन वही जीवन है जो दूसरों के काम आए, अपनी दिनचर्या के साथ-साथ हमें देश और समाज के लिए भी कुछ वक्त जरुर निकालना चाहिए। अगर समाज का हर व्यक्ति समाज के लिए हर रोज कुछ पल निकाल ले तो समाज में कोई भी परेशान या असहाय नहीं रहेगा। जल का संरक्षण करना और पौधे लगाना हम सब का मूल कर्तव्य है। जेल सुपरिंटेंडेंट सुरेश कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सामाजिक संस्थाओं के द्वारा इस तरह के कार्यों से समाज में मेल भाव व भाईचारा पैदा होता है, जिससे एक बेहतर समाज बनता है। यदि आपके अच्छे कर्मों से कोई एक भी व्यक्ति प्रेरणा हासिल करते हुए अपने जीवन को इंसानियत की ओर मोड़ लेता है तो समझिये कि आपका जीवन सार्थक हो गया। इसी के साथ डेलिगेशन ने सीतापुर डीएम अभिषेक आनन्द व सीतापुर एसपी चक्रेश मिश्रा से मुलाकात की और उन्हें मेमोंटो तथा एक-एक पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। डेलिगेशन में पयामे इंसानियत फोरम के जिला को कोआर्डिनेटर शफीक चौधरी के साथ मोहम्मद दीन, मोहम्मद हस्सान, आसिम, सलमान, फाइज, अब्दुल्लाह, आसफी, अफजल युसूफ, अब्दुल समद, कैफ मोहम्मद, कतादह, अजीजुर्रहमान, हूद, अब्दुल हफीज, वायल अली, हमजा, फैजान, माविया आदि शामिल रहे।

# पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित करें निस्तारण




सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लहरपुर में राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता, गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। जनसुनवाई के दौरान राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही जिला पूर्ति अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी को अवगत कराया कि राशन कार्ड से संबंधित कोई भी फरियादी मेरे पास आता है तो मैं जिला पूर्ति अधिकारी के पास भेजता हूं। जहां से फरियादी लाभार्थी मायूस होकर लौट जाता है। जिलाधिकारी इनकी कार्यशैली ठीक नही है, निर्देशित करने का कष्ट करें। तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 96 शिकायतों में से 09 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिधौली में प्राप्त 134 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 76 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील बिसवां में प्राप्त 78 प्रार्थना पत्रों में से 09, तहसील सदर में प्राप्त 36 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 49 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महोली में प्राप्त 60 प्रार्थना-पत्रों में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 61 शिकायतें आईं, दो का मौके पर निस्तारण

महोली/सीतापुर। शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्रीय विधायक व अपर जिलाधिकारी ने लोगों की शिकायतें सुनीं। विधायक व एडीएम ने शिकायती पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निदेर्श अधिकारियों को दिए। समाधान दिवस में कुल 61 शिकायतकर्ताओं ने शिकायती पत्र



दिए। जिसमें 02 का मौके पर निस्तारण किया गया।

शनिवार को तहसील सभागार में क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी व अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 61 लोगों ने शिकायती पत्र दिए। जिसमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं शेष शिकायती पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि सरकार की मंशा सभी को न्याय दिलाना है तथा गरीब व कमजोर लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। फरियादियों को एक ही शिकायत के लिए बार-बार तहसील के अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी शेष शिकायती पत्रों को गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। एडीएम नीतीश कुमार सिंह ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण तय समय में सुनिश्चित करें। जिसमें वह डिफाल्टर न होने पाएं। आईजीआरएस, मुख्मंत्री हेल्पलाइन आदि माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शिवप्रकाश, बीडीओ महोली प्रतीक सिंह, बीडीओ पिसावां अमित यादव, एसडीओ विद्युत ज्ञानेश कुमार, एडीओ पंचायत हृषिकेश शुक्ला, पूर्ति निरीक्षक अवधेश पांडेय, वन क्षेत्राधिकारी कल्पेश्वर नाथ, राजस्व निरीक्षक संजीव मिश्रा, अवधेश पांडेय, संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर हुई संगोष्ठी

सीतापुर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन भारतीय जनता पार्टी सीतापुर द्वारा जनपद के नैमिषारण्य धाम में हनुमानगढ़ी स्थित खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद व पूर्व उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन डॉक्टर दिनेश शर्मा उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के साथ मां ललिता देवी मंदिर पहुंचकर मां का पूजन अर्चन किया तत्पश्चात हनुमानगढ़ी जाकर प्रभु हनुमान का पूजन कर आयोजित संगोष्ठी में भागीदारी की गई कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके राजनीतिक जीवन के विषय में उपस्थित जन समूह को बताते हुए कहा की डॉक्टर साहब की राजनीतिक अवधारणा को आज की नरेंद्र मोदी सरकार साकार कर रही है उन्होंने बताया कि डॉक्टर मुखर्जी ने धारा 370 और कश्मीर की परमिट प्रणाली का घोर विरोध किया था उनके



इसी सपने को पूरा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 एवं 35 ए हटाने का काम किया उन्होंने बताया कि डॉक्टर मुखर्जी एक देश में दो प्रधान दो निशान एवं दो विधान के सख्त विरोधी थे भारतीय जनता पार्टी ने उनके विजन को साकार करते हुए कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बना दिया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ने संसद में राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं के विषय में हिंसक शब्द प्रयोग किए जाने की घोर आलोचना की उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि कांग्रेस हिंदुओं की धुर विरोधी है किस तरह से कांग्रेस के नेता ने भरी संसद में हिंदुओं को हिंसक कहा है यह घोर निंदनीय है। डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि हिंदू चींटी का भी सम्मान करता है हिंदू पहाड़, नदी व प्राकृतिक स्थलों को देवता मानकर पूजता है हिंदू अपने देश को माता कहता है।

## हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने पर धरने पर बैठा परिवार

सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र में हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने पर एक परिवार धरने पर बैठ गया। परिवार का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने की वजह से परिवार के अन्य सदस्यों को भी खतरा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि सुनवाई न होने पर परिवार मुख्यमंत्री आवास तक पैदल मार्च करेगा ।खैराबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुजावलपुर निवासी पारूल जोशी परिवार के साथ धरने पर बैठी हैं। पारूल जोशी का आरोप है कि हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी पुलिस हत्यारोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। आरोप है कि गत 13 जून को उसके भाई करन जोशी व राहुल जोशी पर जोशी टोला निवासी आकाश उर्फ छोटू जोशी पुत्र भोला नाथ जोशी, दिलीप जोशी पुत्र वैजनाथ व रेखा जोशी पुत्री भोलानाथ ने रंजिशन चाकुओं व डण्डों से जानलेवा हमला कर दिया था। जिसके चलते घायल राहुल जोशी की इलाज के दौरान लखनऊ ट्रामा सेन्टर में मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर 302 आईपीसी की धारा की बढ़ोत्तरी की गयी थी। केस दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। जबकि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को कई प्रार्थनापत्र दिये जा चुके हैं। परिवार का कहना है कि मजबूर होकर वे सभी परिवारीजन एक दिवसीय धरने पर बैठे है।

## घाघरा खतरे के निशान से दो मीटर नीचे, आवासीय पट्टों का फंसा पेंच

महमूदाबाद/सीतापुर। ... यूं तो पानी आग बुझाता मगर इस बार पहाड़ के पानी ने आग लगाई है। यह आग दिखाई तो नही देती, मगर गांजर के लोगों की जिंदगी में महसूस जरूर होती है। दरअसल चार दिनों से लगातार हो रही बारिश से घाघरा (सरयू) नदी अभी खतरे के निशान 119 मीटर से मात्र दो मीटर दूर है।

हर वर्ष बाढ़ का दंश झेल रहे ग्रामीणों को कटान का भय सताने लगा है। हालांकि अभी घाघरा अपने खतरे के निशान से दूर है अलबत्ता अभी बाढ़ जैसे हालात नहीं हैं। घाघरा का पानी फिलवक्त 117 मीटर पर ठहरा है। जबकि शुक्रवार को जलस्तर 117.30 मीटर था। तहसील इलाके के रामपुर मथुरा क्षेत्र में 10 गावों पर बाढ़ व कटान का संकट मंडराने लगा है। ऐसे में सहमे लोग अब महफूज स्थान को और कूंच करने की तैयारी कर रहे हैं। लगातार बारिश में हो रहे इजाफे से घाघरा नदी का जलस्तर गालिबन अपने मुहाने पर है। नदी का रुझान भी अधोभाग की ओर हो रहा है। शनिवार को नदी का जलस्तर 117 मीटर अपने खतरे के निशान से महज दो मीटर कम पाया गया। दरअसल शनिवार को हुई बारिश से जलस्तर बढ़ने की संभावना अधिक हो गई है। हालांकि जलस्तर स्थिर होने से अब कटान का खतरा बढ़ने लगा है। बता दें कि कटान से बचने के लिए बनाए गए जिओ बैग व बंबू कैरेट पूरी तरह से घाघरा की आगोश में समा चुके हैं। इस वजह से




ग्रामीण दहशत में हैं। वह महफूज जगह की ओर कूंच करने की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है अगर इसी तरह जलस्तर में वृद्धि होती रही तो बाढ़ जैसे भयावह हालात हो जायेंगे। वित्तीय वर्ष 20024-25 में करीब एक करोड़ की लागत से ग्राम अखरी के पास ड्रेजिंग व चैनिलैजैशन का काम कराया जा रहा था जिससे लोगों को बाढ़ की समस्या से निजात मिल सके। यह काम 30 जून पूरा होना था। ग्रामीण बताते हैं कि जलस्तर बढ़ने से काम लगभग बंद होने की स्थिति में है। इस परियोजना का आम जन को कोई फायदा मिलने वाला नहीं है। बताते हैं कि अगर कटान रोधी कार्य समय से पूरा हो गया होता तो शायद कटान से छुटकारा मिल जाता, मगर हमेशा काम में लेटलतीफी की जाती है।

बाढ़ प्रभावित गांवों के संपर्क मार्गो सहित तमाम अव्यवस्थाओं को व्यवस्थित करार देते हुए महमूदाबाद की तत्कालीन तहसीलदार सुरभि रॉय द्वारा डीएम को गलत आख्या प्रेषित करना चर्चा का विषय तो जरूर बना था। मगर इसके चलते जिम्मेदारों को फजीहत का सामना भी करना पड़ा था। बाढ़ से निपटने की तैयारियों के क्रम में कुछ दिन पहले जानकारी मांगी गई थी, उस दौरान तहसील प्रशासन ने सारे मार्गों को दुरुस्त करार देते हुए गलत रिपोर्ट आलाफसारो को भेजी थी। जिससे तहसील प्रशासन की खासा किरकिरी भी हुई थी। मगर अभी तक स्थिति जस की तस है। अखरी के पास बने तटबंधों के नीचे उतरे रास्तों को सही नहीं कराया जा सका है। भारी बारिश की वजह से तटबंध से अखरी, प्यारेपुरवा व बाबाकुटी गांव के संपर्क मार्गों का हाल पहले की अपेक्षा और खस्ताहाल हो गया है।

### साहब! इतनी दूर दिए गये पट्टे... कैसे करें जीवन यापन

तहसील प्रशासन ने सजगता दिखाते हुए जो अंगरौरा, अखरी, प्यारेपुरवा, निरंजनपुरवा के 26 लोगों को करीब 10 किलोमीटर दूर रायसेनपुर में आवासीय पट्टे आवंटित किए थे। मगर अब 26 लोगों का कहना है कि रायसेनपुर अधिक दूर है जिसकी वजह वह कैसे अनजान होते हुए गुजर बसर करेंगे। जीविका की व्यवस्था न होने के कारण राकेश, जुगल किशोर, फेरे, मानिया, शिवमंगल आदि पीड़ित वहां नहीं जाना चाहते हैं। इनका कहना है कि यहां बटाई के नाम पर जमीन, मजदूरी, उधार, व्यवहार आदि मिलता है। हम लोगों को कहीं आसपास ही बसाया जाए।

### जलभराव से बेपटरी हुई शिक्षा व्यवस्था

रामपुर मथुरा क्षेत्र में अभी बाढ़ जैसे हालात तो नहीं हैं। फिर भी शिक्षा व्यवस्था बेपटरी होने लगी है। स्कूल जाने वाले मार्ग पर कीचड़ व जलभराव होने से छोटे-छोटे नौनिहाल तो स्कूल भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। बाढ़ के दोनों में तो स्कूल जलमग्न हो जाता है। जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए पंचायत भवन या फिर कहीं दूसरी जगह बिठाना पड़ता है। बाढ़ प्रभावित गांव अखरी में संचालित कंपोजिट विद्यालय जाने वाले कच्चे मार्गों पर जलभराव और कीचड़ होने से विद्यालय आने वाले विधार्थियों की संख्या काफी कम रह गई है। लेखपाल के द्वारा आसपास कई दिनों तक जमीन की तलाश की गई, लेकिन जमीन न मिलने पर ठीक स्थान आवंटित किया गया है। अभी तक खराब सड़कों की मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ है। शिखा शुक्ला, एसडीएम ने बताया कि बीडीओ को निर्देश दिए हैं। तटबंध पर बने रेनकट को शीघ्र भरवाने के लिए सिंचाई विभाग को आदेश दिया गया है।

## चार दिनों की बारिश ने सड़क की गुणवत्ता पर खड़े किये सवाल





महमूदाबाद/सीतापुर। तीन महीने पहले बनकर तैयार हुई सड़क के किनारे चार दिनों की बारिश में बने सैकड़ों रेनकट ने विभाग द्वारा कराए गए निर्माण की गुणवत्ता पर अब सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गोड़ैचा सदरपुर वाया बिसवां पुल तक करीब 23 किलोमीटर लंबी सड़क अभी अप्रैल माह में बनकर तैयार हुई थी।

दावा किया जा रहा है कि सड़क नई एफ डी आर तकनीक से बनाई गई है। लेकिन चार दिनों की बारिश ने गुणवत्ता की पोल खोल दी है। 23 किलोमीटर लंबी इस सड़क के किनारे बारिश होने और जल निकासी न होने के कारण सैकड़ों गढ्ढे हो गए हैं और कहीं कहीं सड़क भी टूटने लगी है। ऐसे में लोगों को वाहन से चलने में हादसे का खतरा बना हुआ है। सदरपुर से बिसवां पुल के बीच रमुआपुर बाजार के निकट सड़क के दोनो किनारों पर बड़े बड़े रेनकट बन गए है। जिस से सड़क टूटना शुरू हो गई है। जिससे राहगीरों को सड़क पर चलने में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में स्थानीय निवासी रिजवान अंसारी और राजकुमार श्रीवास्तव का कहना है की दशकों के इंतजार के बाद अच्छी सड़क बना कर देने का दावा पूरी तरह से खोखला है, सड़क बारिश के चार दिन भी नही झेल सकी, सैकड़ों रेनकट से पता चलता है कि जैसी उम्मीद की थी यह सड़क वैसी नहीं है, सड़क बनाने में मानकविहीन कार्य हुआ है ऐसा लोगों का कहना है। अधिक जानकारी के लिए जब अधिशाषी अवर अभियंता लोकनिर्माण विभाग को फोन किया तो उनका फोन नहीं उठा।

आशा मौर्या, विधायक महमूदाबाद ने बताया कि मैं तो समय-समय पर जेई और ठेकेदार को सड़क निर्माण की उच्च गुड़ावक्ता के किए कहती रहती हूं। अभी कुछ माह पूर्व मेरा एक वीडियो भी सोशल मीडिया में प्रसारित हुआ था। और कुछ अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया गया था। जिसमे मेरे द्वारा निमार्णाधीन सड़क की खराब गुणवत्ता को लेकर जेई और ठेकेदार सहित जिम्मेदारों से बहस हुई थी। अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है सड़क बने हुए, अगर रेनकट और सड़क खराब हुई है तो ठेकेदार , और जेई के विरुद्ध शासन को लिखकर कार्यवाही करवाऊंगी।

## अधिक मुआवजे की पूर्व सांसद ने की मांग

उन्नाव। समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अन्नू टंडन ने गंज मुरादाबाद ब्लॉक के बेहटा मुजावर गांव पहुंचकर वीभत्स मार्ग दुर्घटना मे मृतक माँ और पुत्र के परिवारजनों से मिलकर सांत्वना दिया। पूर्व सांसद अन्नू टंडन को दुख की इस घड़ी मे साथ खड़ा देखकर उपस्थित ग्रामीणों ने घटना के विषय मे जानकारी देकर वर्तमान शासन द्वारा इस घटना मे पीड़ित परिवार से लेकर स्थानीय ग्रामीणों के ऊपर लिखाये गए मुकदमे मे विषय मे जानकारी दी। पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने समस्या को सुनकर जनता के ऊपर लिखें गए फर्जी मुकदमे को निरस्त करने वो पीड़ित परिवार को अधिक से अधिक मुआवजा देने के लिए उन्नाव प्रशासन से बात करने को आश्वस्त किया। सपा वरिष्ठ नेता अन्नू टंडन बल्लापुर और पम्पापुर भी पहुंची जहाँ उन्होंने अभी कुछ दिन पूर्व ऑटो व रोडवेज बस की टक्कर से दुर्घटना मे मृतक रामचंद्र कुशवाहा वो श्री कृष्ण रावत के परिवार से मिलकर सांत्वना दी। पूर्व सांसद अन्नू टंडन के साथ प्रमुख रूप से विवेक शुक्ला, श्रवण यादव, रामकरण गौतम, राजा शुक्ला, सुन्दर गौतम, सत्य यादव, अमित शुक्ला, संजय निगम, कलक्टर सिंह, , राम नरेश, दिनेश आदि लोग उपस्थित थे।

## संदेह के दायरे में विद्यालयों की फर्नीचर खरीद प्रक्रिया

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप लगना कोई नई बात नही है। जेम पोर्टल के माध्यम से शिक्षा विभाग में टेडर प्रक्रिया आमंत्रित की गयी। जिसमें एक ही जिले की तीन फर्मो को तरजीह दी गयी। जिससे सीडीओ को संदेह हुआ। उन्होने तत्काल जांच के लिए दो अधिकारी नामित कर दिए।

सीडीओ ने प्रक्रिया पर संदेह जताया है। पूरी बात तो जांच के बाद ही सामने आयेगी। हालांकि सीवीओ के तबादले से जांच धीमी जरुर हुयी है लेकिन सीवीओ के कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही जांच जल्दी पूरी होने की चचाएं सामने आ रही है। बता दे कि शासन के निर्देश पर जिले के 13 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में 9 विद्यालय उच्चीकृत किए गए है। इन विद्यालयों में संसाधन व फर्नीचर का प्रबन्ध किया जाना है। उल्लेखनीय हो कि इस पूरी व्यवस्था पर बडी धनराशि खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है। यह धनराशि करोड में आंकी जा रही हैं। सवाल यही से खडे होने लगे कि जेम पोर्टल के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया के आमंत्रण में एक ही जनपद की तीन फर्म को तरजीह दी गयी। इसी वजह से सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा को संदेह हुआ। ऐसे में प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संदेह होना स्वाभाविक है। इसके बाद इन तीन फर्म अनुज इंटरप्राइजेज, एसएन इंटर प्राइजेज सहित एक अन्य फर्म की स्थलीय जांच के आदेश दिए गए।

सीडीओ प्रेमप्रकाश मीणा ने जिला स्तर के दो अधिकारियों को मामले की जांच के लिए नामित किया। जांच शुरू होते ही शिक्षा विभाग में अफरातफरी का माहौल बन गया। यहां तक कि जानकारी करने पर विभाग में कोई भी कर्मचारी अधिकारी फर्म का नाम तक नही लेना चाहता है। इधर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने संदेह होने पर दो जांच अधिकारियों को नामित कर जांच के आदेश दिए। जिसमें जेम पोर्टल पर निविदा संख्या के साथ जांच में ललितपुर जाकर फर्मो की ख्याति व उपलब्धि सहित गुणवत्ता की जांच सहित फर्म के बाजारी ढाचे की जांच के निर्देश दिए गए। संदेह के चलते ब स्कूलों के लिए होने वाली फर्नीचर खरीद की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए खरीद से पहले ही जांच के निर्देश दे दिए। इससे कही न कही अनुचित लाभ प्राप्त करने, सरकारी धन के दुरुप्रयोग जैसे मामलो पर लगाम लगायी जा सकेगी। इसको देखते हुए सीडीओ के इस प्रयास की सभी जगह सराहना हो रही है। इधर, बीएसए संगीता सिंह इस मामले को लेकर कुछ नाराज नजर आयी। इस संबन्ध में सवाल भी करने के प्रयास किए गए लेकिन पूर्व में प्रकाशित हुयी खबरो का हवाला देकर उन्होने मामला दर्ज करने जैसी धमकी पत्रकार को दी। इससे कही न कही शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पर ही कई सारे सवाल खडे हो रहे है। चचाएं यह भी है कि कही जांच की देरी इन फर्मो को समय न प्रदान कर दें। जिससे यह अपने बचाव में कोशिश कर सकती है।

### क्या बोले सीडीओ

प्रकरण में जब सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा से बात की गयी तो उन्होने बताया कि प्रकरण की जांच सीवीओ के तबादला हो जाने की वजह से नहीं हो पायी है। अब नए सीवीओ आ गए है जांच करायी जाएगी।

## समाधान दिवस पर एडीएम ने सुनीं समस्याएं




पुरवा, उन्नाव। एडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ जिसमें दो सैकड़ा से अधिक फरियादियों ने अपनी समस्याएं बताई। मौके पर सिर्फ 8 मामलों का निस्तारण किया गया। जुलाई माह के प्रथम शनिवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। आज फरियादियों की बाढ़ सी आ गई। एडीएम नरेंद्र सिंह व एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के लिए मातहतों को निर्देश दिए। कुल 239 मामलों में सर्वाधिक 154 प्रकरण राजस्व संबंधी, पुलिस के 35, विकास के 25, विद्युत के 9 तथा अन्य 16 शिकायतें शामिल हैं। मौके पर 8 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस दौरान सीओ सोमोनेंद्र विश्वास, नवागत तहसीलदार साक्षी राय समेत राजस्व व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## चौकी इंचार्ज का मानवीय कृत्य, मानसिक विक्षिप्त महिला को खिलाया खाना



सीतापुर। शनिवार को सांडा चौकी के मंदिर प्रांगण में एक मानसिक विक्षिप्त महिला अपनी बच्ची के साथ भटक रही थी। बच्ची के तन पर कपड़े भी नही थे। बच्ची ठंड से कांप रही थी। सांडा चौकी इंचार्ज श्यामू कनौजिया को संदेह हुआ कि बच्ची की तबीयत सही नही है व बच्ची की माँ मानसिक विक्षिप्त है। उन्होंने अपने सिपाहियों से जानकारी कराया तो पता चला कि महिला व बच्ची अपने घर से भटक गई है। नाम पूछने पर बच्ची ने अपना नाम रिया बताया, अपना पता बताने में असमर्थ है। किसी भी तरह से चौकी इंचार्ज ने परिवार जनों का संपर्क नंबर का पता लगाकर संपर्क किया तो परिवारीजन ने बताया कि हम लखनऊ है। बच्ची और महिला को लेने आ रहे हैं। चौकी इंचार्ज बच्ची और उसकी माँ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा भेजवा रहे हैं। जहां बच्ची को उचित इलाज मिल सके।

## पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति छात्रों को किया जागरूक




थानगांव/सीतापुर। वन रेंज बिसवां के द्वारा मनाए जा रहे वन सप्ताह के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय थानगांव में कई कार्यक्रम किये गए। विद्यालय प्रांगण में छायादार पेड़ों का रोपड़ किया गया। बिसवां रेंजर कमाल अहमद सिद्दीकी, डिप्टी रेंजर आदित्यसिंह चैहान व थाना अध्यक्ष थानगांव हनुमन्त लाल तिवारी व विद्यालय के बच्चों ने वृक्षारोपण किया। साथ ही पर्यावरण के प्रति छात्रों में जागरूकता के लिए चित्रकला व निबन्ध प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई। जिसमें प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर सम्मानित किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता में राजकीय हाईस्कूल थानगांव की नन्दनी ने प्रथम, प्रिया सिंह ने द्वितीय व अखिलेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व उच्च प्राथमिक विद्यालय थानगांव चित्रकला प्रतियोगिता में सतीश कुमार ने प्रथम, शिवराम ने द्वितीय व रूबी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अतिथियों रेंजर बिसवां कमाल अहमद सिद्दीकी, डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह चैहान व थाना अध्यक्ष थानगांव हनुमन्त तिवारी ने स्थान पाए छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हिमांशू वर्मा, सियाराम, बाबर विद्यालय परिवार की तरफ से प्रधानचार्य अखिलेश कुमार, कुलदीप जायसवाल, कुलदीप कौर, भानुप्रताप सिंह व पंकज गुप्ता विकाश शुक्ला उत्तम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## दुष्कर्मी को 7 वर्ष कारावास

सीतापुर। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वहीं आरोपी को 15 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है ।हरगांव में वर्ष 2015 में खैराबाद के ग्राम सैदापुर निवासी विनोद पुत्र बिरजू उर्फ बृजलाल के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने साक्ष्यों को देखने, गवाहों व दोनों पक्ष के वकीलों की बहस सुनने के बाद विनोद को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने विनोद को 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 15 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

संक्षेप

## वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**टूंडला।** थाना पुलिस टीम ने चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में चलाये जा रहे तलाश वांछित अभियुक्तगण अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त विमलेश यादव पुत्र स्व0 राम प्रकाश यादव हाल निवासी नगला विष्णु थाना लाइनपार जिला फिरोजाबाद,मूल निवासी नगला हीरे थाना भौगांव जनपद मैनपुरी को जरौली कट के पास हाईवे से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा हत्या के मुकदमें में वांछित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा थाना नारखी पर दर्ज हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त सुबोध पुत्र राम प्रकाश को ग्राम दौलतपुर थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की है।

## चलती गाड़ी से गिरकर युवक की मौत

**मथुरा।** दिल्ली से हिंडोन ससुराल से पत्नी को बुलाने जा रहे एक युवक की चलती रेलगाड़ी से गिरकर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची मोगर्रा पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। राजस्थान के करौली जिले महावीरजी थाना क्षेत्र अन्तर्गत सनैठ का रहने वाला सोनू (25) पुत्र वेद प्रकाश काफी समय से दिल्ली में कार्य करता है और उसकी शादी हिंडौन में तीन वर्ष पूर्व हुई थी। इस दौरान बच्चा न होने से पति-पत्नी के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई थी। इसके चलते पत्नी अपने मायके चली गई उसे बुलाने शुक्रवार दोपहर वह ट्रेन से जा रहा था तभी जाजम पट्टी के निकट गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवारीजन पोस्टमार्टम गृह पहुंच गए। उनका कहना था कि पति-पत्नी के बीच बच्चा न होने से पनपा तनाव सोनू की जान ले लिया।

## मथुरा में तलाशे जा रहे हैं भोले बाबा के जमीनी दस्तावेज

**मथुरा।** हाथरस की घटना के बाद भूमिगत हुए साकार विश्व हरि (भोले बाबा) की बेशकीमती संपत्ति हाईवे थाना क्षेत्र के गोवर्धन रोड स्थित भोले बाबा सत्संग ग्राउंड के नाम से जाना जाता है। अभी तक कोई निर्माण इस जमीन पर नहीं हुआ है। प्रशासन को इसके विषय में पता लगा तो इसके राजस्व दस्तावेज खंगालने का काम शुरू कर दिया गया। इधर, पुलिस भी निगाह रखे हुए है।वहीं, बताया जा रहा है कि बाबा के भारी संख्या में जिले में अनुयायी रहते हैं।इसके अलावादर्जनों ठिकाने मथुरा में हैं। खुफिया तंत्र उन ठिकानों की तहकीकात में लगा हुआ है। जनपद में भी समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्रों में साकार विश्व हरि के सत्संग आयोजित होते रहे हैं। इनमें लाखों की संख्या में भीड़ जुटी है। पुलिस-प्रशासन के आयोजन के समय पर पसीने छूट जाते थे।

## शिक्षा मित्रों को मई के मानदेय का नहीं हुआ भुगतान

**मथुरा।** जनपद में शिक्षा मित्रों को मई महीने के मानदेय का भुगतान 2 महीने बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ है।जिसके कारण जनपद के लगभग 1700 शिक्षा मित्र और उनके परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में जिला अध्यक्ष खेमसिंह चैधरी ने बताया कि जनपद में शिक्षा मित्रों को मई माह के मानदेय का भुगतान शासन के आदेशानुसार 10 जून तक हो जाना चाहिए था लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण भुगतान नहीं हो पाया इस सम्बंध में संघठन के काफी प्रयास के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मानदेय के बिल तैयार भी करा दिए गए थे सहायक वित्त लेखाधिकारी के हस्ताक्षर हो गए थे सिर्फ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर होने शेष थे, लेकिन बीएसए बिलो पर हस्ताक्षर करने को टालते रहे।

# आज चांदी के रथ में सवार हो बिहारी जी देंगे भक्तों को दर्शन



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर में 15 दिवसीय जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव चल रहा है। आराध्य ठाकुर बांकेबिहारी भी जगन्नाथ रथयात्रा के दिन चांदी के रथ में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देकर आल्हादित करेंगे। इसके लिए रथ तैयार हो चुका है। आज रविवार को ठाकुरजी के विशेष दर्शन के लिए भक्तों का रेला उमड़ेगा। पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होने को दुनियाभर के श्रद्धालु एकत्रित होंगे। भगवान जगन्नाथ का रथयात्रा महोत्सव तीर्थनगरी में भी उल्लासपूर्वक मनाया जाता है।ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सनातनी परंपराओं के अनुसार पर्व-उत्सव उल्लासपूर्वक मनाए जाते हैं।

मंदिर के सेवायत प्रह्लाद बल्लभ गोस्वामी ने बताया कि अब सात जुलाई को जगन्नाथ रथयात्रा के दिन मंदिर में रथयात्रा महोत्सव भी परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। मंदिर में ठाकुर बांकेबिहारीजी के लिए चांदी का विशेष रथ बनवाया गया है। नित सज रहे दिव्य फूलबंगला के बीच जब ठाकुर बांकेबिहारी चांदी के रथ में यात्रा करते हुए भक्तों को दर्शन देंगे, तो भक्त आल्हादित हो उठेंगे। मंदिर सेवायत श्रीनाथ गोस्वामी ने बताया, भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को विशेष बनाने के लिए मंदिर में ठाकुरजी चांदी के रथ में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। जगन्नाथ रथयात्रा के दिन प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में तीन रथों में विराजमान होकर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र अलग- अलग तीन रथों में विराजमान होकर नगर भ्रमण को निकलेंगे।

प्राचीन सप्तदेवालयों में भी रथयात्रा महोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। मदनमोहन मंदिर, गोपीनाथ, गोविंददेव मंदिर से रथ में विराजमान होकर भगवान जगन्नाथ नगर भ्रमण को निकलेंगे। तो राधारमण मंदिर में चांदी के रथ में विराजमान होकर ठाकुर राधारमणलालजू भक्तों को दर्शन देंगे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद हरवीर सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीयूष सिद्धार्थ ने राजकीय बाल गृह बालक सुहाग नगर, फिरोजाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि राजकीय बाल गृह में 50 बालकों को रखने की क्षमता है। वर्तमान में कुल 25 बालक आवासित हैं। जिनमें 4 विशिष्टप्रतिभावान बच्चे आवासित हैं। निरीक्षण के समय अभिलेखों का अवलोकन किया व व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बालकों को भोजन साप्ताहिक मेन्यू के अनुसार मिला जहां पाकशाला में विशेष रूप से साफ-सफाई रखने व गुणवत्ता पूर्ण भोजन बनाने,के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों द्वारा पूर्व में लगाये गये पौधों को देखा बच्चों के रहने के कमरों,शौचालयों आदि की सफाई पर जोर दिया गया एवं मच्छरो आदि से बचाव के लिए नियमित रूप से छिडकाव, फोगिंग कराने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। इस दौरान कुछ बच्चों से वातार्लाप कर बच्चो का उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान काउंसलर नीलम भारती मौजूद मिलीं। उनसे अपेक्षा की गयी कि वे बच्चों की नियमित काउंसलिंग कर उन्हें अच्छी आदतों एवं पठन पाठन के प्रति उत्साहित करें। इसी क्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद द्वारा उच्च न्यायालय से प्राप्त पुस्तक उडान रिलेमिंग चाइंडहुड राजकीय बाल गृह फिरोजाबाद को भेंट की गयी एवं अपेक्षा की गयी कि सभी बच्चों को पुस्तक का अवलोकन करायें एवं अन्य जनपदों में बालकों द्वारा रूचिकर चित्रों एवं क्रियाकलापों को दिखायें एवं उनका उत्साहवर्धन करें। उपस्थित समस्त कर्मचारियों को उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा बच्चों के समग्र विकास के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान उड़ान के बारे में बताया गया। राजकीय बाल गृह, फिरोजाबाद में आवासित बच्चों हेतु योग एवं ध्यान, खेल-कूल, थियेटर, पेंटिंग, बागवानी व संगीत, व्यवसायिक कार्यक्रम, विशेष दिवस उत्सव आदि कार्यक्रम प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किये जाते हैं। जिससे राजकीय बाल गृह में आवासित बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके एवं बच्चों का सामाजिक स्तर पर भी उत्थान हो सके तथा बच्चों में संवेदना, चेतना एवं सकारात्मक मानसिक परिवर्तन सम्भव हो सके। पुर्नवास की प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु अथक प्रयास किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## समाधान दिवस पर डीएम और एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में फरियादियों की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करायें और शिकायतकर्ता से फीडबैक प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अधिकारीगण सम्बंधित शिकायतकर्ता के साथ मौके पर जाकर पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाए। समस्त अधिकारी विकास कार्यों में तेजी लाए। जन शिकायतों को सुने, विनम्रता के साथ सभी से व्यवहार करे तथा अपने कार्यों को ससमय व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करे। तहसील सदर के सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय वर्मा, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, उप जिलाधिकारी वैभव गुप्ता, सी.ओ. प्रवीण मालिक, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता अजय कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे। गोवर्धन तहसील दिवस में 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। छाता तहसील दिवस में 116 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील दिवस में 47 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। महावन तहसील दिवस में 89 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। मांट तहसील दिवस में 29 शिकायतें प्राप्त हुई।

### मथुरा में मत्स्य पट्टा शिविर 11 जुलाई को

**मथुरा।** एसडीएम सदर ने अवगत कराया है कि तहसील सदर के अन्तर्गत मत्स्य पालन हेतु तालाबों को दस वर्षीय पट्टे पर उठाये जाने के लिए पटट् शिविर का आयोजन दिनांक 11 जुलाई को 2024 को प्रातः 11 बजे तहसील परिसर में किया जायेगा। भैंसा, गोकुलपुर, झंडीपुर, नगला मिजार्पुर, किरारई, विरौना, शहजादपुर आदि गांव के तालाबों को पटटे पर उठाया जायेगा, जिसमें मछुआ सामुदायक, अनुसूचित एवं जनजाति के व्यक्तियों प्राथमिकता दी जायेगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी के जन्मदिवस पर उनको किया याद




**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पुष्पांजलि उपवन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन दिवस पर पुष्पांजलि एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी का शुभारंभ प्रदेश के मंत्री अर्चना मिश्रा राजकुमार अग्रवाल जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे द्वारा मुखर्जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।गोष्ठी में प्रदेश की मंत्री अर्चना मिश्रा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 06 जुलाई तिथि को भारतवर्ष का प्रत्येक नागरिक आजादी के बाद देश की एकता एवम अखंडता देश की राजनीति व सामाजिक कार्य शैली के शुभचिंतक प्रथम सर्वोच्च बलिदानी योद्धा भारतीय जनसंघ के संस्थापक परम पूज्य श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता एवम अखंड भारत की परिकल्पना को चरितार्थ करने के लिए सदैव याद किया जाएगा। भाजपा नेता राजकुमार अग्रवाल ने बताया डॉक्टर साहब ने एक निशान एक विधान और एक प्रधान का भी अपना मत रखा था। वहीं उन्होंने कहा ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। हर व्यक्ति वृक्षारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर 20 जुलाई तक अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा श्याम प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षक महान विचारक एवं दूरदर्शिता के साथ साथ महान राष्ट्र भक्त थे। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम चतुवेर्दी ने बताया सभी कार्यकताओं को वृक्षारोपण करना है अपनी मां के साथ एक पौधा लगाते समय का फोटो खींच सरल एप व सोशल मीडिया पर डालना है। गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री दिवस पाठक ने किया। इस अवसर पर सत्यपाल चैधरी, अनिल चैधरी, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, कोसी नगर पालिका अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मुदिता शर्मा, मनीषा पाराशर ,संजय, तरुण सैनी,नरेंद्र गौतम अजय परखम श्याम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार के विरोध में आये अधिवक्ता, नारेबाजी



**फिरोजाबाद।** सिरसागंज तहसील के गांव रुधैनी में हुए जमीन के घोटाले के बाद नायब तहसीलदार नवीन का ट्रांसफर अधिकारियों द्वारा शिकोहाबाद तहसील में कर दिया। जब इसकी जानकारी मीडिया में पहुंची तो प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। जानकारी होने के बाद अधिवक्ता साथी अधिवक्ता के साथ खड़े हो गये और भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ शनिवार को तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की। एक तरफ उप जिलाधिकारी तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुन रहीं थी। वहीं बाहर अधिवक्ता नायब तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम यादव के नेतृत्व में शनिवार को अधिवक्ता एकत्रित हुए और तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ता पिछले दो दिन से न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर रहे हैं। शनिवार सुबह भी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जमकर तहसील में नारेबाजी की और नायब तहसीलदार पर कार्यवाही की मांग की है। अधिवक्ता नायब तहसीलदार मुदार्बाद के नारे लगा रहे थे। उनका कहना था कि जब तक भ्रष्ट अधिकारी का स्थानांतरण और उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है, तब तक अधिवक्ता नायबतहसीलदार के कार्यालय के साथ ही अन्य अधिकारियों के कार्यालय का भी बहिष्कार करेंगे।

## पानी की टंकी हादसे में वांछित त्रिलोक सिंह गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला कृष्णविहार कालोनी में पुनर्गठन पेयजल योजना थ्रू गोकुल के अन्तर्गत निर्मित की गई पानी की टंकी के क्षतिग्रत होने से तीन व्यक्तियों की मृत्यु एंव 11 व्यक्तियों के घायल होने से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोग में वाँछित आरोपित को पकड़ा है, जबकि अभी पुलिस अन्य की तलाश में जुटी है। गौरतलब हो कि रविवार शाम बीएसए कालेज रोड के पीछे स्थित कृष्ण विहार कॉलोनी में दो साल पहले बनी पानी की टंकी अचानक ढह गयी थी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये थे। इस प्रकरण में रविवार देर रात अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड, उत्तर प्रदेश जलनिगम, आर के श्री वास्तव ने टंकी निर्माण करने वाली कंपनी मैसर्स एसएम कंस्ट्रक्शन आगरा, मैसर्स बनवारी महर्षिपुरम, आगरा, मैसर्स त्रिलोक सिंह रावत निवासी अल्मोडा, उत्तराखंड व अन्य के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीमें इनकी तलाश में संभावित स्थलों पर दबिश देने में जुटी थीं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी, अतिरिक्त निरीक्षक अमित चैहान, उप निरीक्षक संदीप पाल, अमित कुमार ने पानी की टंकी का निर्माण करने वाली कम्पनी मैसर्स त्रिलोक सिंह के स्वामी त्रिलोक सिंह रावत निवासी गली नम्बर-नौ, बच्ची विहार हल्द्वानी, थाना मुखानी, नैनीताल को हाइवे पर राजीव नगर लोहे के पुल के पास गिरफ्तार किया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# प्रदेश के हर ब्लॉक में बनेगा कस्तूरबा विद्यालय : सीएम

## कस्तूरबा विद्यालय को पूर्व माध्यमिक से इंटरमीडिएट तक किया जा रहा उच्चीकृत

- **बच्चों की पढ़ाई पर खर्च देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अत्यंत उपयोगी**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कोई भी योगदान व्यर्थ नहीं जाता है। बच्चों की पढ़ाई पर किया जाने वाला खर्च समाज और देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अत्यंत उपयोगी होता है क्योंकि शिक्षा व्यक्ति, समाज और देश के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। इसी ध्येय से यूपी के युवाओं को आगे बढने के अवसर प्रदान करने के लिए तमाम अभिनव कार्य हो रहे हैं। सरकार वर्तमान और भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

सीएम योगी शनिवार को सहजनवा के सिसवा अनंतपुर में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का लोकार्पण करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में आज पहले जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय (आश्रम पद्धति) का शुभारंभ हो रहा है। बालकों के लिए इस जिले में आश्रम पद्धति के दो विद्यालय पहले से चल रहे हैं। समाज कल्याण विभाग ने बालिकाओं के लिए भी सर्वोदय विद्यालयों की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की बेहतरीन शिक्षा के लिए सरकार हर ब्लॉक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को भी 12वीं कक्षा तक उच्चीकृत कर रही है।

### बड़े पैमाने पर बन रहे सर्वोदय और एकलव्य विद्यालय

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में बड़े पैमाने पर आश्रम पद्धति विद्यालय बन रहे हैं। समाज कल्याण विभाग जनजातीय क्षेत्रों में इसी तर्ज पर एकलव्य विद्यालय भी बना रहा है। सरकार ने तय किया है कि हर जिले में सीएम कंपोजिट विद्यालय और अभ्युदय विद्यालय भी तेजी से बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण श्रमिकों के बच्चों और निराश्रित बच्चों के लिए हर मंडल में मुफ्त आवसीय व्यवस्था के तहत अटल आवासीय विद्यालय खोले गए हैं जहां बच्चों की 12वीं तक की पढ़ाई के लिए सारी व्यवस्था की गई है।

### 12वीं तक की पढ़ाई के बाद अभ्युदय कोचिंग की सुविधा

सीएम योगी ने कहा कि बच्चों को 12वीं तक की पढ़ाई के बाद मेडिकल, इंजीनियरिंग, यूपीएससी, सेना, बैंक पीओ आदि की तैयारी के लिए अभ्युदय कोचिंग सेंटर भी खोले गए हैं। यहां बेहतरीन फैकल्टी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं को पास कर अधिकारी बने लोग भी बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं। अभ्युदय कोचिंग की सुविधा फिजिकली और वर्चुअली, दोनों तरीके से उपलब्ध हो रही है।

### बालिकाओं को पढ़ाई के साथ खेल और कौशल विकास से भी जोड़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वोदय बालिका विद्यालय में अलग अलग जगहों से आई बच्चियां प्रतियोगिता से आई हैं। उनमें जज्बा है, आगे बढ़ने की ललक है। ये बच्चियां अपना करियर तो बनाएंगी ही, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। सीएम ने विद्यालय के प्रधानाचार्य और अधीक्षक से अपील की कि वे बालिकाओं की पढ़ाई, दिनचर्या को व्यवस्थित कराने के साथ उन्हें कौशल विकास, खेल और सामाजिक जागरूकता के कार्यों से भी जोड़ें। अगर किसी बालिका में कुछ खास हुनर है तो उसे उचित प्लेटफार्म प्रदान करें। उन्होंने विद्यालय परिसर, इसके ऑडिटोरियम और उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की और कहा कि यह विद्यालय पूर्वांचल की बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### बालिकाओं से सीएम योगी ने किया आत्मीय संवाद

जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय के लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक कक्षा में जाकर नवप्रवेशी बालिकाओं से आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। सीएम से मुलाकात करने के बाद इन बालिकाओं की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था।

## महिला सहित तीन मादक द्रव्यों के तस्कर गिरफ्तार



**टूण्डला।** थाना पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन अभियुक्तगणों को 18 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा सहित किया गिरफ्तार किया है। एसएसपी द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना टूण्डला प्रभारी अनुज कुमार द्वारा पुलिस टीम के साथ चैंकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर शनिवार को उसायनी पुल के पास सर्विस रोड़ से अभियुक्तगण कृष डेका पुत्र देवा डेका, राजा पुत्र राजू एवं मीना कुमारी पत्नी अमर पटवा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के कब्जे से 18 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्तों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

शिकोहाबाद। शनिवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब मोहब्बतपुर अहीर निवासी एक महिला बालाजी दर्शन के बहाने भूड़ा नहर पुल पर आ गई। महिला नहर पुल पर कुछ देर खड़ी रही और उसने जैसे ही नहर में कूदने का प्रयास किया, वहां मौजूद लोगों ने उसे तत्काल रोक लिया। जिससे महिला नहर में डूबने से बच गई। बताया जाता है कि मोहब्बतपुर अहीर निवासी किरन का घर में आए दिन कलह रहता है। जिससे परेशान होकर उसने नहर में कूद कर जान देने का निर्णय लिया। जान देने के उद्देश्य से वह बालाजी महाराज के दर्शन के बहाने भूडा नहर पुल पर आ गई। जब महिला ने नहर में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया तो वहां खडे स्थानीय लोगों ने बचा लिया। महिला ने बताया कि उसका परिवार में आए दिन छोटी बातों को लेकर कलह होती रहती है। जिससे उसने यह कदम उठाया था, लेकिन उसे बचा लिया। उसने कहा कि अब वह जीवित नहीं रहना चाहती है। पुलिस महिला को लेकर थाना पहुंची और उससे पूछताछ की। इसके बाद उसके स्वजनों को बुला कर उनके सुपुर्द कर दिया।

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्या का वक्फ बोर्ड के निदेशक ने किया स्वागत

**आगरा।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग कि सदस्या सैयद शहेजादी आज तड़के सुबह उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड के निदेशक गुलाम मोहम्मद अब्बासी के निवास पर पहुंची जहा उनका स्वागत किया गया। जिसके बाद बक्फ बोर्ड के निदेशक गुलाम मोहम्मद अब्बासी ने शहर व प्रदेश के अल्पसंख्यको के विषय पर चर्चा कि इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शाहिद खान, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य देवेंद्र नलवंशी, इंडियन शेख अब्बासी महासभा के आगरा जिलाध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम उर्फ असलम अब्बास, पार्षद हेमलता चौहान, इमरान कुरैशी, फरहान खान, आजाद अब्बासी, चौधरी बदन सिंह, आदि मौजूद रहे।

## नाला सफाई में अनियमितताएं एसडीएम ने दिये जांच के आदेश

**किरावली।** सिचाई विभाग द्वारा नाले सफाई की खानापूरी करने को लेकर ग्रामीणों ने भाजपा के मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर जांच करा कर भुगतान करने की मांग की। प्रकरण किरावली तहसील का है कि वारिस का मौसम प्रारम्भ होने पर विभाग को नालों की सफाई की विचार आया। टेन्डर निर्गत कर कार्य शुरू करा दिये ।लेकिन ठेकेदार खानापूर्ति कर खेला कर रहे है। नालों से सिस्ट हटाए नही गयी है। ठेकेदारों द्वारा नालों का कार्य मानक के अनुरूप नही किया जा रहा है ।विभाग ठेकेदार के भुगतान की कार्यवाई में लग गये है। इसी को लेकर किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह लोधी ने एडीएम ई आगरा को प्रकरण से अवगत कराया तो एडीएम ई ने सिचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता को जांच उपरांत भुगतान के निर्देश दिये।

## गौ वंशों को हरा चारा-गुड़ खिलाकर मनाया भाजपा नगर अध्यक्ष का जन्मदिवस



**टूंडला।** भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता के जन्म दिन पर स्टेशन रोड़ स्थित गौशाला में जाकर गायों को हरा चारा गुड़ खिलाकर गौ सेवा कर गाय माता का आशीर्वाद लेकर मनाया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि गौ माता में 33 कोटि देवी देवता विद्यमान रहते हैं उन सब का आशीर्वाद गायों को खिलाने से प्राप्त होता है सभी को गाय माता की सेवा में समर्पित रहना चाहिए और सभी से अपील की कि घर में कोई भी आयोजन होने पर गौ सेवा करनी चाहिए जिससे गौ माता के साथ साथ सभी कोटि देवी देवताओं का आशीर्वाद भी मिलता है। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, विष्णु तिवारी, रिंकू उपाध्याय, राजीव श्रीवास्तव, विनोद सिंह अनिल गुप्ता, कौशल तिवारी, डॉ कीर्ति गुप्ता, डॉ आकाश गुप्ता, वीरेन्द्र, जुबिन, गौरव जैन, रोहित कटियार आदि मौजूद रहे।

## ब्राह्मण समाज के महासम्मेलन को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित

**आगरा।** ब्राह्मण समाज के महासम्मेलन को लेकर आज 6 जुलाई को एक प्रेस वार्ता का आयोजन, कालिंदी विहार स्थित कृष्णा गार्डन, आगरा में किया गया। जिसमें 7 जुलाई 2024 को होने वाले ब्राह्मण समाज के महासम्मेलन के बारे में वार्ता की गई। वार्ता में अनेक आयोजन कर्ता शामिल हुए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक प्रश्न का जवाब देते हुए नगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि ब्राह्मण महासम्मेलन में ना ही कोई अतिथि होगा और ना ही कोई मंच होगा। सभी ब्राह्मण भाई एक साथ बैठेंगे और अनेक भागों में बटे हुए ब्राह्मणों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। ब्राह्मण महासम्मेलन कालिंदी विहार स्थित कृष्णा गार्डन में प्रातः 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें ब्राह्मण समाज का उत्थान कैसे हो इस पर विचार किया जाएगा। प्रेस वार्ता में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री मनोज शर्मा जी ने कहा कि आज ब्राह्मणों की मदद करने वाला कोई भी नेता नहीं है। सबसे ज्यादा इस समय यदि पीड़ित है तो वह ब्राह्मण है। इस महासम्मेलन में हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, आगरा ,हाथरस ,मथुरा व फिरोजाबाद आदि स्थानों से ब्राह्मणों की आने की संभावना है। इस सम्मेलन में ब्राह्मणों के सामने कौन सी प्रमुख समस्याएं हैं, उन पर भी चर्चा की जाएगी। इसी क्रम में राहुल लवानिया ने बताया कि आज यदि देखा जाए तो सबसे ज्यादा हत्याएं ब्राह्मणों की हो रही हैं। ब्राह्मणों की जमीनों पर कब्जे किए जा रहे हैं। जब तक सभी ब्राह्मण एक मंच पर नहीं आएंगे तब तक यह घटनाएं होती रहेंगी। जब किसी ब्राह्मण की हत्या होती है तो कोई नेता उस परिवार के आंसू पोछने नहीं जाता है। जबकि अन्य जगह नेताओं के जाने की होड़ मची रहती है। डॉ. जे पी मिश्र ने बताया कि ब्राह्मण समाज की एक पत्रिका निकालने पर भी विचार किया जा रहा है जो कि मासिक या त्रै मासिक हो सकती है।

# ओछी राजनीति कर रही है कांग्रेस

## आर्मस्ट्रांग की जघन्य हत्या ने पूरे देश में क्षोभ की लहर उत्पन्न की : नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. आर्मस्ट्रांग की हत्या को लेकर द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)-कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश की और कहा कि इस घटना ने गरीब और वंचित वर्गों के प्रति उनकी उपेक्षा की पुष्टि की है। नड्डा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, जहरीली शराब त्रासदी से प्रभावित लोगों में से कई समाज के इन्हीं वर्गों से भी थे। बेहतर है कि द्रमुक-कांग्रेस ओछी राजनीति करने के बजाय संवेदना प्रदर्शित करे। उन्होंने कहा कि आर्मस्ट्रांग की जघन्य हत्या ने पूरे देश में क्षोभ की लहर उत्पन्न की है। भाजपा प्रमुख ने कहा, आर्मस्ट्रांग की हत्या ने समाज के गरीब



जम्मू-कश्मीर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सम्मानित करते कार्यकर्ता

और वंचित वर्गों के प्रति द्रमुक-कांग्रेस की उपेक्षा की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि समाज में हाशिये पर पहुंचे वर्गों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे एक उभरते हुए नेता का जीवन क्रूरतापूर्वक समाप्त कर दिया गया। नड्डा ने कहा, मेरी संवेदनाएं उनके (आर्मस्ट्रांग के) परिजनों और दोस्तों के साथ हैं। मैं तमिलनाडु सरकार से आग्रह करता हूं कि वह दोषियों को जल्द से जल्द सजा दे। चेन्नई पुलिस ने शनिवार को कहा कि आर्मस्ट्रांग की हत्या राजनीतिक कारणों से की गई नहीं प्रतीत होती और सभी कोणों से जांच की जा रही है। शहर के पुलिस आयुक्त संदीप राय राठौर ने संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार को अपराध के तीन घंटे के भीतर मामले के आठ संदिग्धों को पकड़ लिया गया। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि बसपा नेता को अपनी जान का कोई खतरा था।

# राजनीतिक षड़यंत्र के शिकार हुए केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि उन्हें (अरविंद केजरीवाल को) "गहरी राजनीतिक साजिश" का शिकार बनाया गया है और ईडी ने एक गवाह के झूठे बयान के आधार पर आबकारी नीति मामले में उन्हें गिरफ्तार किया। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि ईडी ने अरविंद केजरीवाल को तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी (एमएसआर) के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया था। तेदेपा सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का घटक दल है। सुनीता केजरीवाल ने लोगों से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक ईमानदार, शिक्षित और देशभक्त व्यक्ति हैं और अगर जनता उनका समर्थन नहीं करती है, तो आप नेता के साथ किए गए व्यवहार को देखते हुए कोई भी शिक्षित व्यक्ति राजनीति में



नहीं आना चाहेगा। उन्होंने दावा किया कि मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी ने अपने बेटे राघव मगुंटा रेड्डी की गिरफ्तारी और उन्हें जमानत न मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री के साथ अपनी मुलाकात के बारे में ईडी को दिया अपना बयान बदल दिया। सुनीता केजरीवाल के अनुसार, श्रीनिवासुलु रेड्डी ने पहले कहा था कि उन्होंने दिल्ली में एक धर्मार्थ ट्रस्ट खोलने के लिए जमीन के संबंध में 16 मार्च, 2021 को दिल्ली के मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी, लेकिन अपने बेटे की गिरफ्तारी के बाद 17 जुलाई, 2023 को उन्होंने बयान बदल दिया। उन्होंने पूछा, "ईडी को दिए बयान में श्रीनिवासुलु रेड्डी ने कहा कि केजरीवाल ने लगभग 10 लोगों की मौजूदगी में उनसे दिल्ली में शराब कारोबार में उतरने और आप को 100 करोड़ रुपये देने के लिए कहा। क्या कोई इतने लोगों के सामने पैसे मांगेगा। सुनीता केजरीवाल ने यह दावा भी किया कि श्रीनिवासुलु रेड्डी के बयान बदलते ही उनके बेटे को जमानत दे दी गई। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि उनका बयान झूठा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री की पत्नी ने लोगों से अपना यह वीडियो साझा करने की अपील करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहते हैं।

## संक्षेप

### रिश्वत के आरोप में विवि का कर्मचारी गिरफ्तार

अलीबाग। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक विश्वविद्यालय के कर्मचारी को एक ठेकेदार से 81,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर एसीबी ने जाल बिछाया और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर तंत्रशास्त्र विद्यापीठ के वित्त अधिकारी ओमकार रामचंद्र अंबपकर (55) को शुक्रवार को रिश्वत की रकम लेते हुए पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ठेकेदार ने आरोप लगाया कि आरोपी अधिकारी ने विश्वविद्यालय में एक हॉल के निर्माण के लिए 47.74 लाख रुपये का भुगतान करने के लिए एक लाख रुपये की मांग की।

### रतन कुमार केश बंधन बैंक के अंतरिम एमडी

कोलकाता। निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने अपने कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी रतन कुमार केश को 10 जुलाई से अंतरिम प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ के रूप में नियुक्त किया है। बैंक के वर्तमान एमडी और सीईओ तथा संस्थापक चंद्रशेखर घोष नौ जुलाई को सेवानिवृत्त होंगे। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि केश तीन महीने के लिए या नए पदाधिकारी के कार्यभार संभालने तक, जो भी पहले हो, अंतरिम एमडी और सीईओ होंगे। केश की नियुक्ति बैंक के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

### मॉब लिचिंग के खिलाफ कानून की मांग

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय किसान सभा (एआईकेएस) ने शनिवार को भीड़ द्वारा पीटकर हत्या और घृणा अपराध के खिलाफ कड़े कानून की मांग की। पिछले महीने छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर भीड़ द्वारा पीटकर मार दिए गए तीन मवेशी परिवाहकों के परिवारों से यहां मुलाकात के बाद एआईकेएस ने यह मांग की। एआईकेएस ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को उसके और अखिल भारतीय कृषि श्रमिक संघ (एआईएडब्ल्यूयू) के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। बयान में आरोप लगाया गया कि यह घटना एक सुनियोजित हत्या थी। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के बनत शहर में तहसीम कुरैशी और लखनौती गांव में चांद मियां और सद्दाम कुरैशी के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें।-। लाख रुपये के चेक सौंपे।

### एम3एम परियोजना से 4,000 करोड़ की आय की उम्मीद

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी एम3एम इंडिया को गुरुग्राम में अपनी नयी आवासीय परियोजना से करीब 4,000 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद है। कंपनी ने गुरुग्राम में गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर एक नयी आवासीय परियोजना एम3एम एल्टीट्यूड शुरू की है, जहां वह 350 विशिष्ट अपार्टमेंट बनाएगी। एम3एम इस चार एकड़ की परियोजना को विकसित करने के लिए।,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि बिक्री से अनुमानित राजस्व करीब 4,000 करोड़ रुपये है। कंपनी इस परियोजना में 10 करोड़ रुपये से लेकर 30 करोड़ रुपये की कीमत वाले अपार्टमेंट बेच रही है।

# नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय, आज होगी अंत्येष्टि

विशेष संवाददाता

लखनऊ। वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय (66) का वाराणसी में शनिवार शाम को ह्रदय गति रुकने से निधन हो गया। पारिवारिक सदस्य ने यह जानकारी दी। वाराणसी के इंदिरा नगर मोहल्ला निवासी अभय उपाध्याय ने बताया कि उनके बड़े भाई अजय उपाध्याय का शनिवार शाम चार बजे उनके आवास पर निधन हो गया।

उन्होंने बताया कि वह दिल्ली में रह रहे थे और तीन-चार दिन पहले उनसे (अभय से) मिलने आए थे। अभय ने बताया कि अजय उपाध्याय का अंतिम संस्कार रविवार को वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर किया जाएगा। अजय उपाध्याय के परिवार में पत्नी के अलावा एक पुत्र वार्तिक और एक पुत्री शयनिका हैं। मूलतः संत कबीर नगर जिले के उनिया गांव निवासी अजय उपाध्याय का बचपन वाराणसी में बीता और उनकी शिक्षा भी वहीं हुई। अजय उपाध्याय हिंदुस्तान अखबार के प्रधान संपादक रहे थे। वह दैनिक जागरण और अमर उजाला समेत कई प्रमुख समाचार पत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर रहे थे। उनके निधन पर पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके घर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर दुख जताया है।

# एक देश, एक चुनाव समय की मांग

एजेंसी

अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शनिवार को कहा कि एक देश, एक चुनाव समय की मांग है क्योंकि बार-बार होने वाले चुनाव के दौरान लागू होने वाली आचार संहिता से विकास गतिविधियां प्रभावित होती हैं।

साहा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में पंचायत, स्वायत्त परिषद और नगर निकाय के चुनाव होने हैं। उन्होंने यहां एक सरकारी कार्यक्रम में कहा, चुनाव के कारण विकास कार्य कई महीनों तक ठप हो जाते हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव समय की मांग है। देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने मार्च में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक



राष्ट्र, एक चुनाव पर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट में उन्होंने पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने तथा उसके बाद 100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराने की सिफारिश की थी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सरकारी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपना कार्य निर्धारित समय में पूरा करें। साहा ने कहा कि सरकार प्रशासनिक कार्यों के डिजिटलीकरण के तहत पहले ही ई-विधानसभा और ई-कैबिनेट की शुरुआत कर चुकी है। उन्होंने कहा, अब अधिकारियों को फाइल ले जाने की जरूरत नहीं है क्योंकि ई-कैबिनेट सुविधा का उपयोग करके सभी काम किए जा रहे हैं। इससे काम में पारदर्शिता और प्रभावकारिता आती है।

# मकान का छज्जा गिरने से तीन भाई-बहनों की मौत

एजेंसी

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद जिले में सीकरी गांव में एक मकान का छज्जा गिरने से तीन भाई-बहनों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वे तीनों छज्जे के नीचे बैठे थे, छज्जा जर्जर था और बारिश होने से ढह गया। उसने बताया कि मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। मकान की हालत खराब होने के बावजूद उसने मकान किराए पर दिया था। पुलिस के अनुसार, तीन भाई-बहनों की पहचान आकाश (10), मुस्कान (8) और आदिल (6) के रूप में हुई है। वह शुक्रवार देर शाम छज्जे के नीचे बैठे थे। उसने बताया कि इलाके में देर शाम बारिश हुई थी और इसी कारण छज्जा ढह गया। पुलिस ने बताया कि इलाके के लोग बच्चों को बचाने के लिए भागे, लेकिन छज्जा गिरने से वहां बहुत सारा मलबा इकट्ठा हो गया था और बच्चे उसके नीचे दब गए थे। इसके बाद मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला गया और उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि बच्चों के पिता धर्मेंद्र कुमार ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। सेक्टर

# अमीबा संक्रमण से अब तक चार की मौत

एजेंसी

कोझिकोड (केरल)। केरल में मस्तिष्क खाने वाले अमीबा के संक्रमण का एक और मामला सामने आया है। अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस दूषित जल में पाए जाने वाले अमीबा से होता है। एक अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले का पय्योली निवासी 14 वर्षीय किशोर इस संक्रमण से पीड़ित है। उसी अस्पताल में किशोर का उपचार किया जा रहा है। मई के बाद से राज्य में, अमीबा से होने वाले संक्रमण का यह चौथा मामला है और अब तक के मामलों में बच्चे ही इससे पीड़ति हुए हैं। पहले के मामलों में तीनों बच्चों की मौत हो चुकी है। किशोर का इलाज कर रहे एक चिकित्सक ने कहा कि उसे एक जुलाई को अस्पताल



में भर्ती कराया गया था और उसकी हालत में सुधार हो रहा है। चिकित्सक ने शनिवार को बताया कि किशोर में संक्रमण की शीघ्र पहचान कर ली गई और विदेश से दवाइयां मंगाने सहित अन्य उपचार दिए गए। इससे पहले, बुधवार रात 14 वर्षीय एक किशोर की इसी संक्रमण से मौत हो गई थी, मलप्पुरम की पांच वर्षीय लड़की और कन्नूर की 13 वर्षीय किशोरी की क्रमशः 21 मई और 25 जून को मस्तिष्क संक्रमण के कारण मृत्यु हो गई थी। संक्रमण के मामले बढ़ने के बीच केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को एक बैठक की जिसमें संक्रमण को रोकने के लिए गंदे जलाशयों में न नहाने सहित कई सुझाव दिए गए।

# सेमीकंडक्टर उद्योग का हब बन सकता है भारत

एजेंसी

चेन्नई। भारत के पास सेमीकंडक्टर उद्योग में वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिए प्रतिभा और गहन विशेषज्ञता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग देश के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि सरकार सेमीकंडक्टर बनाने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने में उद्योगों की मदद कर रही है।

कृष्णन ने यहां फैबलेस सेमीकंडक्टर फर्म आईवीपी सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड के एक कार्यक्रम में यह बात कही। वैश्विक प्रबंधन परामर्श फर्म मैकिन्से ने भविष्यवाणी की है कि दुनिया भर में



सेमीकंडक्टर उद्योग का आकार बढ़कर 1,000 अरब डॉलर का हो सकता है। भारत तेजी से इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सबसे बड़े बाजारों में बन रहा है। कृष्णन ने कहा, सेमीकंडक्टर उद्योग देश के लिए महत्वपूर्ण है और भारत में वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिए प्रतिभा और गहन विशेषज्ञता है। सरकार सेमीकंडक्टर बनाने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने में उद्योग की मदद कर रही है। उन्होंने कहा, मैं आईवीपी सेमीकंडक्टर को भारतीय फैबलेस चिप कंपनी बनाने के लिए बधाई देना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि आईवीपी सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड वेफर फैब में विनिर्माण क्षमता को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## महाराष्ट्र सरकार सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए तीन कंपनियों से कर रही बात: फडणवीस

नागपुर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के लिए तीन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बुटीबोरी क्षेत्र में होरिबा इंडिया की चिकित्सा उपकरण और उपभोज्ञ सामग्रियों की विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। होरिबा इंडिया, जापानी फर्म होरिबा लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है। फडणवीस ने पुणे और नागपुर में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए होरिबा के चेयरमैन अतुशी होरिबा को धन्यवाद दिया।

## पेज एक का शेष

### विदेशी मेडिकल

71 सदस्यों को नामित किया है। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर एनबीईएमएस के 42 कर्मचारियों को तैनात किया गया है। 35,819 परीक्षार्थियों को यह परीक्षा देनी है। एनबीईएमएस मुख्यालय, द्वारका में एक कमान केन्द्र स्थापित किया गया है जहां शासी निकाय के सदस्य, एनबीईएमएस के अधिकारी, तकनीकी टीम, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी परीक्षा पर नजर रख रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी के माध्यम से प्रत्येक परीक्षा केंद्र की निगरानी की जा रही है।

### यूपी में बाढ़

10 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। इस राशि का उपयोग बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए आवश्यक खरीदारी करने में किया जा रहा है।

### नये दौर के

की नई तकनीकी जैसे इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डाटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि की शिक्षा से वंचित न हो। योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था के कारण बेहतरीन औद्योगिक वातावरण का विकास हुआ है तथा प्रशिक्षित कार्यबल के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में तीन तकनीकी विश्वविद्यालय हैं जिनमें एक लखनऊ में, दूसरा कानपुर में तथा तीसरा गोरखपुर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय है।

### यूपी में 24 घंटे

दर्ज की गई। सभी जिलों में सबसे अधिक 65.5 मिमी बारिश श्रावस्ती जिले में दर्ज की गई। राहत विभाग ने नेपाल की सीमा से लगे जिलों में स्थानीय प्रशासन को भी अलर्ट कर दिया है। राज्य के राहत आयुक्त नवीन कुमार ने कहा, कि नेपाल में हाल में हुई भारी बारिश को देखते हुए सभी सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों को 24 घंटे निगरानी के लिए सतर्क किया गया है। जरूरत के हिसाब से बाढ़ पीएसी, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीम तैनात की गई हैं और सभी यूनिट मोर्चा संभालने के लिए तैयार हैं।

### गुजरात में भी

पहुंचाकर हमें चुनौती दी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिलकर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है। यह लिखकर ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को गुजरात में हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गुजरात में जीतेगी और इस राज्य से वह एक नयी शुरुआत करेगी।

गांधी ने उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा की हार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। अयोध्या फैजाबाद में ही स्थित है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, अयोध्या में भाजपा को हराकर, इंडिया गठबंधन ने राम मंदिर आंदोलन को हरा दिया है, जिसे भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने शुरू किया था। मैं जो कह रहा हूं वह बहुत बड़ी बात है, कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन ने उन्हें अयोध्या में हराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गुजरात में भाजपा को हराएगी क्योंकि मोदी के विजन का गुब्बारा फूट चुका है। उन्होंने सवाल किया, संसद में मैंने प्रधानमंत्री से पूछा कि क्या वह मनुष्य हैं, क्योंकि उन्होंने खुद कहा था कि वह नॉन बायोलॉजिकल हैं और उनका भगवान से सीधा संबंध है। अगर आप सीधे भगवान से जुड़े हैं, तो अयोध्या में आप कैसे हार गए?

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री का मानना है कि बाकी सभी लोग जैविक हैं- गुजरात के लोग, गांधीजी, भारत के किसान और मजदूर जैविक हैं, जबकि नरेंद्र मोदी अजैविक हैं, जो व्यक्ति सोचता है कि वह अजैविक है और देश के लोग जैविक हैं, वह गुजरात के लोगों को कैसे दर्शन दे सकता है, जब वह मजदूरों और हीरा उद्योग में काम करने वालों का दर्द नहीं समझ सकता? उन्होंने कहा आपने कभी सोचा भी नहीं होगा कि भाजपा अयोध्या में हार जाएगी या मोदी वाराणसी में मामूली अंतर से जीतेंगे। वे गुजरात में भी उसी तरह पराजित होने जा रहे हैं, जैसे अयोध्या में हुए। आपको बस इतना करना है कि गुजरात के लोगों से कहें कि वे डरें नहीं। उन्होंने कहा कि अगर गुजरात के लोग बिना डरे लड़ेंगे तो भाजपा उनके सामने टिक नहीं पाएगी। फैजाबाद से नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, मोदी अयोध्या से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उनके सर्वेक्षकों ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी और कहा कि इससे उनकी हार होगी और उनका राजनीतिक करियर खत्म हो जाएगा। गांधी ने कहा, इसीलिए उन्होंने (मोदी) अयोध्या से चुनाव नहीं लड़ा, बल्कि वाराणसी से चुनाव लड़ा। वाराणसी में हमने कुछ गलतियां कीं, वरना हम उन्हें वहां भी हरा सकते थे। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अयोध्या के लोग मोदी से इसलिए नाराज हैं, क्योंकि उन्होंने उन्हें उनकी जमीन, दुकानों और घरों के लिए मुआवजा नहीं दिया। उन्होंने कहा, अयोध्या के सांसद ने मुझे बताया कि अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए जिन किसानों की जमीन ली गई थी, उन्हें आज तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। वहां के लोगों को तब गुस्सा आया जब उन्होंने पाया कि राम मंदिर उद्घाटन में एक भी स्थानीय व्यक्ति मौजूद नहीं था।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में अडानी और अंबानी को देखा गया, लेकिन वहां किसी गरीब को आमंत्रित नहीं किया गया। गांधी ने कहा कि कांग्रेस का हाथ चिह्न हर धर्म में पाया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा, गुरुनानक, महावीर, बुद्ध की तस्वीरों को देखिए। इस्लाम में भी वे आशीर्वाद के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। भगवान शिव के चित्र देखिए और आपको यह वहां भी मिलेगा। इसका मतलब है डरो मत, डराओ मत। गांधी ने कहा कि भाजपा के विपरीत कांग्रेस में पार्टी कार्यकर्ता अपने नेताओं के समक्ष अपनी राय व्यक्त करने से नहीं डरते हैं और यहां तक कि उनके फैसलों पर सवाल उठाते हैं तथा उनके मुंह पर ही कह देते हैं कि उन्होंने जो किया, वह उन्हें पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा, न तो हमारे कार्यकर्ता अपनी बात कहने से डरते हैं, न ही हम उनकी बात सुनने से डरते हैं। भाजपा में पूरी नेतृत्व टीम नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करती। लेकिन उनमें साहस की कमी है...वे डरे हुए हैं। अगर मोदी जैसा नेता कांग्रेस में होता तो पूरी पार्टी उनके खिलाफ खड़ी होती। लेकिन उनके कार्यकर्ताओं में साहस की कमी है।

कांग्रेस में कमियों पर उन्होंने कहा, एक पार्टी कार्यकर्ता ने बहुत अच्छा कहा कि दो तरह के घोड़े होते हैं-एक दौड़ के लिए और दूसरा शादियों में इस्तेमाल होने वाले। कभी-कभी कांग्रेस शादियों में दौड़ के लिए इस्तेमाल होने वाले घोड़ों को इस्तेमाल करती है, और कभी-कभी शादियों में इस्तेमाल होने वाले घोड़ों को। उन्होंने मुझसे इसे रोकने के लिए कहा... हमें गुजरात में ऐसा करना होगा। गांधी ने कहा कि पार्टी ने गुजरात में 2022 का विधानसभा चुनाव ठीक से नहीं लड़ा और 2017 में केवल तीन महीने के प्रचार अभियान में कांग्रेस जीत के करीब पहुंच गई। उन्होंने कहा, तीन साल में हम जीत की रेखा को बहुत पीछे छोड़ देंगे। अगर 50 प्रतिशत पार्टी कार्यकर्ता जो मानते हैं कि हम 30 साल बाद भाजपा को हरा सकते हैं, उन 50 प्रतिशत लोगों का मन बदल दें जो ऐसा नहीं मानते, तो हम सरकार बनाएंगे।

### सरकार ने दो

किधर से गए। कितनी भीड़ रही होगी। अभी कोई निष्कर्ष नहीं निकाल पाएंगे। वह तो दो महीने में जो फाइंडिंग आएगी। जांच में जिस-जिस को बुलाने की जरूरत होगी, उसे बुलाया जाएगा। घटना स्थल पर 40 मिनट रहने के बाद टीम सिकंदराराऊ के ट्रामा सेंटर पहुंची जहां वह 10 मिनट रूकी। उसके बाद टीम हाथरस वापस लौट गई। शाम छह बजे से आठ बजे के मध्य अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, मंडलायुक्त अलीगढ़, पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ सहित अन्य अफसरों से मुलाकात व अभिलेखों का अवलोकन करेंगे। 7 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक जन सामान्य से मुलाकात की जाएगी। मीडिया ने जब आयोग की टीम के अध्यक्ष से बाबा के बारे पूछा कि क्या बाबा को भी पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा, इस पर वह बोले कि अभी हमें नहीं पता क्या साक्ष्य आएंगे, जिससे भी जरूर होगी उससे भी मदद लेंगे। छोटे से लेकर बड़े अधिकारी, जिससे भी जरूरत होगी उससे पूछताछ करेंगे।

### 14 दिन की

अदालत में आवेदन करेगी। सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) उमा शंकर यादव ने संवाददाताओं को बताया, देवप्रकाश मधुकर और संजू यादव को न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां से दोनों को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। एपीओ ने बताया कि भगदड़ मामले में गिरफ्तार किए गए रामप्रकाश शाक्य को रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा, क्योंकि उसे मधुकर और यादव के बाद गिरफ्तार किया गया था तथा उसके खिलाफ पुलिस में कुछ औपचारिक प्रकियाएं लंबित हैं। मधुकर को हाथरस पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने शुक्रवार देर रात दिल्ली के नजफगढ़ इलाके से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, शाक्य और यादव को शनिवार को हाथरस से गिरफ्तार किया गया। भगदड़ की घटना के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में मधुकर एकमात्र नामजद आरोपी है। सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं।

# सीबीआई ने रिश्वत मामले में गुंतकल मंडल रेल प्रबंधक समेत पांच को किया गिरफ्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने निविदाओं में लाभ पहुंचाने के लिए 11 लाख रुपये की कथित रिश्वतखोरी के मामले में दक्षिण मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) और पांच अन्य अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुंतकल मंडल के डीआरएम विनीत सिंह के अलावा जांच एजेंसी ने वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक (डीएफएम) कुंडा प्रदीप बाबू, वरिष्ठ मंडल अभियंता (डीईएन) समन्वय यू अक्की रेड्डी, कार्यालय अधीक्षक एम बालाजी और लेखा सहायक डी लक्ष्मी पति राजू को गिरफ्तार किया है। बेंगलुरु स्थित कंपनी सीएन आर प्रोजेक्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कुप्पम रमेशकुमार रेड्डी और हैदराबाद स्थित बिचौलिए एन रहमतुल्ला को भी सीबीआई ने हिरासत में लिया। जांच के तहत सीबीआई ने गुंतकल, अनंतपुर, नेल्लोर, तिरुपति, हैदराबाद, सिकंदराबाद और बेंगलुरु में छापेमारी की, जिसमें कई दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद हुए। मामले में जांच जारी है। संघीय जांच एजेंसी ने दक्षिण मध्य रेलवे के गुंतकल मंडल में निविदाएं आवंटित करने में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के लिए गिरफ्तार किए गए सात लोगों सहित 13 व्यक्तियों और कंपनी सी एन आर प्रोजेक्ट्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि अधिकारियों ने विभिन्न निविदाएं आवंटित करने, आवंटित कार्यों के निष्पादन और बिल को शीघ्र मंजूरी के संबंध में कथित रूप से अनुचित लाभ प्राप्त किया। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी लोक सेवक अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न निविदाएं देने तथा ठेकेदारों के बढ़े हुए बिल का भुगतान करने में भ्रष्ट आचरण में लिप्त रहे हैं, जिससे उन्हें गलत लाभ हुआ तथा सरकारी खजाने को गलत नुकसान हुआ।




## संक्षेप

### गगनजीत भुल्लर मोरक्को में संयुक्त दूसरे स्थान पर

रबात (मोरक्को)। ओलंपिक की तैयारी में लगे भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने दूसरे दौर में पांच अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे वह 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। पहले दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने वाले भुल्लर का कुल स्कोर आठ अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी खिलाड़ी जॉन कैटलिन से केवल एक शॉट पीछे हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में रेहान थॉमस (69-73) संयुक्त 15वें, वरुण चोपड़ा (71-74) और राशिद खान (70-75) संयुक्त 39वें तथा वीर अहलावत (70-76) संयुक्त 48वें स्थान पर चल रहे हैं। भारत के केवल पांच खिलाड़ी ही कट में जगह बना पाए। शिव कपूर (75-72) एक शॉट से कट से चूक गए। कट से चूकने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ियों में हनी बैसोया, खलिन जोशी, करणदीप कोचर, कार्तिक शर्मा, एस चिक्कारंगप्पा, सप्तक तलवार, एसएसपी चौरसिया, जीव मिल्खा सिंह, युवराज संधू और अजीतेश संधू शामिल हैं।

### डि मिनौर को चौथे दौर में वॉकओवर

लंदन। बारिश के कारण लगातार दूसरे दिन विम्बलडन में खेल बाधित हो गया और मौसम विभाग का कहना है कि यह मौसम दोपहर तक बना रह सकता है। शुक्रवार को बारिश के कारण तीसरे दौर के मैच नहीं हो सके जिसमें डेनिस शापोवालोव के खिलाफ बेन शेल्टर का मुकाबला शामिल है। नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर को चौथे दौर में वॉकओवर मिला जब उनके प्रतिद्वंद्वी फ्रांस के क्वालीफायर लुकास पोउली ने चोट के कारण नाम वापिस ले लिया।

### लंदन टूर्नामेंट में 14वें स्थान पर रही दीक्षा

लंदन। भारत की दीक्षा डागर तीसरे और अंतिम दौर के 16वें होल में ट्रिपल बोगी कर बैठी, जिससे वह अरामको टीम सीरीज लंदन गोल्फ टूर्नामेंट में शीर्ष 10 में जगह नहीं बना पाई। पेरिस ओलंपिक में खेलने की तैयारी में लगी दीक्षा ने अंतिम दौर में दो ओवर 75 का कार्ड खेला जिससे वह 14वें स्थान पर रही। यह भारतीय खिलाड़ी एक समय शीर्ष पांच में जगह बनाने की स्थिति में दिख रही थी लेकिन आखिर में की गई गलती उन्हें भारी पड़ी। कट में जगह बनाने वाली एक अन्य भारतीय खिलाड़ी त्वेसा मलिक (75) संयुक्त 48वें स्थान पर रही जबकि प्रणवी उर्स पहले दौर के बाद हट गई थी। लेओना मैगुएर लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) पर जीतने वाली पहली आयरिश महिला बनीं। उन्होंने पहले से लेकर अंतिम दौर तक बढ़त बनाए रखी थी।

### युवाओं को तैयार करने के लिये रिटायर हुए जीतू

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज जीतू राय ने युवा निशानेबाजों को तैयार करने के लिये भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति ले ली। नेपाल में जन्मे 36 वर्ष के खेल रत्न और पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त राय इंचियोन एशियाई खेल 2014 में स्वर्ण जीतने वाले एकमात्र भारतीय निशानेबाज थे। इसके बाद उन्हें सेना में मानद् कप्तान बनाया गया। लखनऊ में गोरखा रेजिमेंट के साथ करीब साढे 17 वर्ष बिता चुके राय ने सोशल मीडिया पर रिटायर होने की घोषणा की। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, मैं मानद कप्तान जीतू राय, एसएम, वीएसएम, ओलंपियन निशानेबाज, पद्मश्री प्राप्त, ध्यानचंद खेलरत्न और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त। मैं आपको बताना चाहता हूं कि भारतीय सेना के साथ मेरा 17 साल छह महीने का साथ एक जुलाई 2024 को खत्म हो गया। उन्होंने कहा, सेना ने मुझे उससे ज्यादा दिया जिसका मैं हकदार था। मैं अपने सीनियर अधिकारियों, कोचों, साथियों और जूनियर को धन्यवाद देना चाहता हूं। रियो ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में आखिरी स्थान पर रहे राय ने कहा कि वह अगले साल अपनी अकादमी खोलना चाहते हैं। उन्होंने बागडोगरा से बातचीत में कहा, मैने कोचिंग में नयी पारी की शुरूआत करने के लिये सेना से सेवानिवृति ली है।

# टी-20 में जिम्बाब्वे की भारत पर जीत

एजेंसी



हरारे। शुभमन गिल की अगुआई वाली युवा भारतीय टीम बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण शनिवार को यहां पांच मैच की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में कम अनुभवी जिम्बाब्वे से 13 रन से पराजित हो गई। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को नौ विकेट पर 115 रन पर रोक दिया। पर उछाल भरी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को काफी मुश्किल आयी जिसने पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिये और पूरी टीम 19.5 ओवर में 102 रन पर सिमट गयी।

हाल में टी20 विश्व कप जीतने वाले भारत ने इस दौरे पर युवा खिलाड़ियों को उतारा था और उनके आसानी से जिम्बाब्वे पर जीत की उम्मीद थी। लेकिन जिम्बाब्वे ने तेज गेंदबाज टेंडाई चतारा (16 रन देकर तीन विकेट) और कप्तान सिंकदर रजा (25 रन देकर तीन विकेट) की बदौलत भारत को हराकर उलटफेर कर दिया। यह 2024 में भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहली हार थी। यह आठ साल में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की पहली हार भी है। इस मैच में भारत ने तीन खिलाड़ियों को पदार्पण कराया। पदार्पण करने वाले अभिषेक शर्मा (शून्य) खाता भी नहीं खोल सके और पारी के पहले ही ओवर में ब्रायन बेनेट की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग पर वेलिंगटन मास्काद्जा को कैच देकर आउट हुए। रूतुराज गायकवाड (07) ने नौ गेंद खेलकर एक चौका ही लगाया था कि ब्लेसिंग मुजारबानी की गुडलेंथ गेंद उनके बल्ले के किनारे से लगकर इनोसेंट काइया के हाथों में समां गयी। चतारा ने रियान पराग (02) और रिंकू सिंह (शून्य) दोनों को पांचवें ओवर में आउट किया जिससे भारतीय टीम का स्कोर चार विकेट पर 22 रन हो गया। कप्तान शुभमन गिल (31 रन) एक छोर पर डटे थे और दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरते देख रहे थे। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (06) के 10वें और कप्तान गिल के 11वें ओवर में आउट होते ही पूरे ओवर तक टिकने की उम्मीद भी खत्म हो गई। पर आवेश खान (16 रन) और वाशिंगटन सुंदर (27 रन) ने आठवें विकेट के लिए 23 रन जोड़कर भारत को 84 रन तक पहुंचाया।

अंतिम ओवर में भारत को 16 रन चाहिए थे और एक विकेट बाकी था जिसके गिरते ही पारी खत्म हो गई। इससे पहले बिश्नोई (13 रन देकर चार विकेट) को ऑफ स्पिनर वाशिंगटन (11 रन देकर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे जिम्बाब्वे की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद उछाल भरी पिच पर कोई मजबूत साझेदारी करने में जूझती नजर आयी।

जिम्बाब्वे ने हालांकि तेज शुरुआत की और पावरप्ले में उसने दो विकेट पर 40 रन बना लिये थे। इनोसेंट काइया के मुकेश कुमार की गेंद पर आउट होने के बाद वेस्ली मधेवेरे (21 रन) और ब्रायन बेनेट (22 रन) ने तेजी से 34 रन जोड़े। इन दोनों ने बायें हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद पर पांचवें ओवर में 17 रन जुटाये। बेनेट ने इसमें लगातार दो चौके जड़े जिससे ऐसा लग रहा था कि जिम्बाब्वे शुरूआती झटके से उबर रहा है। पर छठे ओवर में बिश्नोई ने बेनेट को अपनी गुगली पर आउट कर जिम्बाब्वे की पारी का रुख ही बदल दिया। फिर जिम्बाब्वे के तीन और बल्लेबाज पवेलियन लौट गये जिसमें मधेवेरे के अलावा ब्लेसिंग मुजारबानी और ल्यूक जोंगवे शामिल थे। कप्तान सिकंदर रजा (17 रन) के संयम से टीम ने संभलने की कोशिश की लेकिन लय खोने के कारण 41 रन पर छह विकेट गंवा बैठी। टीम में हड़बड़ाट साफ दिख रही थी।

जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कैंपबेल के बेटे जोनाथन कैंपबेल (शून्य) आवेश खान की गेंद को कवर्स की ओर भेजकर एक रन लेना चाहते थे और उनके साथी डियोन मायर्स भी तैयार थे। लेकिन कैंपबेल अचानक मन बदलकर रूक गये और रन आउट हो गये। अब जिम्बाब्वे की उम्मीदें कप्तान रजा पर लगी थीं, उन्होंने आवेश पर सिर के ऊपर से छक्का जड़कर उम्मीद जगाई। पर आवेश ने अतिरिक्त उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए रजा को जल्द ही आउट कर दिया। रजा गेंद को सही तरह से टाइम नहीं कर सके और गेंद डीप में बिश्नोई के हाथों में पहुंच गयी। वाशिंगटन ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट झटके। उन्होंने मायर्स (23 रन) और वेलिंगटन मास्काद्जा (शून्य) को पवेलियन भेजा। तमिलनाडु के इस गेंदबाज ने इस तरह टी20 में अपने 100 विकेट भी पूरे किये।

# विनेश फोगाट स्पेन ग्रां प्री के फाइनल में



मैड्रिड। पेरिस ओलंपिक जाने वाली भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को स्पेन ग्रां प्री में महिलाओं के 50 किलोवर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। बुधवार को ऐन मौके पर शेंगेन वीजा पाने वाली विनेश ने तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका सामना पूर्व में रूस की खिलाड़ी रही मारिया तियुमेरेकोवा से होगा जो अब तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर खेलती है। विनेश ने पहले क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12 . 4 से हराया। इसके बाद कनाडा की मेडिसन पार्क्स को चित किया और सेमीफाइनल में कनाडा की ही कैटी डचाक को 9 . 4 से मात दी। विनेश इसके बाद 20 दिन की ट्रेनिंग के लिये फ्रांस जायेगी।

**ओलंपिक पदक जिंदगी और समाज को बदल देता है : साक्षी**

मुंबई। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक का मानना है कि ओलंपिक पदक जीतने से सिर्फ खिलाड़ी की जिंदगी नहीं बदलती बल्कि इसका असर समाज पर भी पड़ता है जिससे बच्चों के लिए कई मौके बनते हैं। साक्षी रियो 2016 में कांस्य से ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान बनी थीं। साक्षी (31 वर्ष) ने शुक्रवार को मुंबई में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के इतर कहा, ओलंपिक का सपना सिर्फ खिलाड़ी का सपना नहीं होता बल्कि यह पूरे परिवार का सपना होता है। ओलंपिक पदक जीतने से सिर्फ खिलाड़ी का जीवन नहीं बदलता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और गांव का जीवन भी बदल जाता है। इस पहलवान ने दावा किया कि आठ साल पहले उनके पदक जीतने के बाद से उनके गृह शहर रोहतक में खेल के बुनियादी ढांचों में कई बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा, मेरे पदक जीतने के बाद कई अहम बदलाव हुए। रोहतक में छोटू राम स्टेडियम अब एसी हॉल में बदल गया है। मेरे गांव में एक स्टेडियम भी बनाया गया और उसका नाम मेरे नाम पर रखा गया है। साक्षी ने कहा, ओलंपिक पदक कई मौके बनाता है, विशेषकर बच्चों के लिए। जिससे उन्हें बेहतर सुविधाओं में ट्रेनिंग का करने को मिलती है। हरियाणा में कुश्ती का क्रेज बढ़ गया है। विश्व स्तर पर महिला पहलवान अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और काफी लड़कियां इस खेल को अपना रही हैं। साक्षी ने कहा, अब लड़कियां साबित कर रही हैं कि वे भी कुश्ती में आगे बढ़ सकती हैं।

# भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी विंबलडन से बाहर

एजेंसी

लंदन। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी जर्मनी के केविन क्राविएट्ज़ और टिम पुएट्ज़ से तीन सेटों में हारने के बाद विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल के दूसरे दौर से बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की और पहला सेट जीतकर बढ़त बनाई लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और आठवीं वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से 2 घंटे 5 मिनट तक चले मैच में 6-4 4-6 3-6 से हार गए। भांबरी और ओलिवेटी ने पहले दौर में कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक और अलेक्जेंडर शेवचेंको को हराया था। भारत की निगाहें अब रोहन बोपन्ना पर टिकी हैं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ जोड़ी बनाई है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त यह जोड़ी दूसरे दौर में जर्मनी के हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्स्टेंटिन फ्रैंटजेन से भिड़ेगी। ओलंपिक में जगह बना चुके सुमित नागल और एन श्रीराम पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।



**एशियाई बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप : ध्रुव सितवाला ने पंकज आडवाणी को हराकर खिताब जीता**

रियाद। भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी शनिवार को यहां 2024 एशियाई बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप के फाइनल में हमवतन ध्रुव सितवाला से 2-5 से हारकर खिताबों की हैट्रिक बनाने से चूक गये। ध्रुव ने पहला गेम 103 से जीतने के बाद दूसरे गेम में भी जीत हासिल कर 2-0 से बढ़त बना ली।

आडवाणी ने फिर अगले दो गेम में 82 और 60 के ब्रेक से जीतकर 2-2 की बराबरी हासिल की। पांचवां गेम काफी अहम था जिसे ध्रुव ने 100-64 से जीत लिया। आडवाणी ने छठे गेम में वापसी करने की कोशिश की लेकिन ध्रुव ने इसमें 101 के ब्रेक से स्कोर 4-2 कर दिया। इसके बाद ध्रुव को रोकना मुश्किल था जिन्होंने सातवां गेम 62 के ब्रेक से अपने करियर का तीसरा एशियाई बिलियर्ड्स खिताब जीत लिया।

# पुर्तगाल को हराकर फ्रांस सेमीफाइनल में

एजेंसी



हैम्बर्ग (जर्मनी)। फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में जगह बनाई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का खिताब के साथ टूर्नामेंट से विदाई लेने का सपना तोड़ दिया। इस मुकाबले को रोनाल्डो बनाम काइलियन एमबापे के बीच जंग के रूप में देखा जा रहा था लेकिन आखिर में फ्रांसीसी खिलाड़ी अपने आदर्श फुटबॉलर पर भारी पड़ा। दोनों टीम ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन अतिरिक्त समय तक भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें पुर्तगाल के जोआओ फेलिक्स का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया। इसके बाद थियो हर्नांडेज़ ने निर्णायक किक को गोल में बदलकर फ्रांस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। फ्रांस को यूरो 2021 के अंतिम 16 में और विश्व कप 2022 के फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां किस्मत उसके साथ थी। पुर्तगाल की इस हार से 39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूरोपीय चैंपियनशिप से भी विदा ली। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। रोनाल्डो ने रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। फ्रांस सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में मेजबान जर्मनी को हराया।

**मेरिनो के गोल से स्पेन सेमीफाइनल में, मेजबान जर्मनी बाहर**

स्टुटगार्ट (जर्मनी)। माइकल मेरिनो के अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी को 2-। से पराजित करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीम निर्धारित समय तक ।-। से बराबरी पर थी। जब मैच पेनल्टी शूटआउट की तरफ बढ़ रहा था तब स्थानापन्न खिलाड़ी मेरिनो ने 119वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। मेरिनो ने गोल करने के बाद कॉर्नर फ्लैग के पास उसी तरह से जश्न मनाया जैसे उनके पिता मिगुएल मेरिनो ने 1991 में यूएफा कप में इसी स्टेडियम में खेले गए मैच में ओसासुना की तरफ से स्टुटगार्ट के खिलाफ गोल करने के बाद मनाया था। मेरिनो ने मैच के बाद कहा, मैं जानता था कि बहुत कम समय बचा है और यह हमारी तरफ से आखिरी हमला हो सकता है। कुछ सेकेंड तक तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मैंने गोल कर दिया है। मैं बेहद खुश हूं। हमने कड़ी मेहनत की थी और हमें अपने पर भरोसा था। मेरिनो की विजयी गोल में मदद करने वाले डेनी ओल्मो ने दूसरे हाफ के शुरू में गोल करके स्पेन को बढ़त दिलाई थी। जब लग रहा था कि स्पेन निर्धारित समय में ही जीत दर्ज करने में सफल रहेगा तब फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने अंतिम मिनट में गोल करके जर्मनी के प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया था। मैच में तीनों गोल स्थानापन खिलाड़ियों ने किये। स्पेन सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना करेगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में पुर्तगाल पेनल्टी शूटआउट में हराया।

**म्यांमा के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए भारत की 23 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा**

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (भाषा) ने शनिवार को म्यांमा के खिलाफ यांगून में नौ और 12 जुलाई को होने वाले दो मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय सीनियर महिला टीम की घोषणा की। मुख्य कोच चाओबा देवी ने एआईएफएफ की विज्ञप्ति में कहा, टीम में सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का मिश्रण है। मैं टीम के संयोजन से संतुष्ट हूं।

### हमने गेंदबाजी में कुछ गलतियां कीं : राधा

चेन्नई। भारतीय स्पिनर राधा यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 12 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों ने कुछ गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। तजमिन ब्रिट्स (81) और मारिजान कैप (57) ने भारतीय गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी जिससे दक्षिण अफ्रीका चार विकेट पर 189 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में भारतीय टीम चार विकेट पर 177 रन ही बना पाई। राधा ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, यह जानना महत्वपूर्ण था कि इस विकेट पर किस लेंथ और किस गति से गेंदबाजी करनी है। हमने गेंदबाजी इकाई के रूप में कुछ गलतियां की। हमने उन्हें 10 से 15 रन अधिक बनाने दिए। हमें उन्हें यॉर्कर लेंथ पर गेंद करनी चाहिए थी। उन्होंने रविवार को होने वाले दूसरे मैच के बारे में कहा, हमें अपनी रणनीति पर अमल करना होगा और जल्द ही विकेट के व्यवहार को समझना होगा। इससे हमारे लिए काम आसान हो जाएगा। दक्षिण अफ्रीका को इससे पहले वनडे श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा था और उसकी स्टार बल्लेबाज तज़मिन ब्रिट्स ने कहा कि उनकी टीम को इस जीत की सख्त जरूरत थी जिससे उनका अगले साल बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए आत्मविश्वास बढ़ेगा। ब्रिट्स ने कहा, हमें इस तरह की जीत और टीम में आत्मविश्वास बढ़ाने की सख्त जरूरत है। इस तरह के आत्मविश्वास से हम न केवल सेमीफाइनल में जगह बना सकते हैं बल्कि विश्व कप भी जीत सकते हैं। इस मैच में जीत दर्ज करना शानदार रहा लेकिन अगले दो मैच जीतना और बेहतर होगा।

# राजावत ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को हराया



एजेंसी

कैलगरी (कनाडा)। भारत के उदीयमान खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीय और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराकर कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने शुक्रवार रात एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई। यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी चीनी ताइपे के पेई शान हसीह और एन-त्जु हंग से 18-21 21-19 16-21 से हार गई। राजावत ने एंटोनसेन को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि इस 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। राजावत दूसरी बार विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना फ्रांस के अलेक्स लेनियर से होगा। राजावत ने अच्छी शुरुआत की तथा पहले गेम में एक समय वह 7-4 से आगे थे। एंटोनसेन ने हालांकि जल्द ही स्कोर 99 से बराबर कर दिया।

भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार पांच अंक बनाए। एंटोनसेन ने फिर वापसी की कोशिश की लेकिन राजावत ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। एंटोनसेन ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी की लेकिन राजावत ने उन्हें कड़ी चुनौती दी। एक समय स्कोर 17-17 तक बराबरी पर था लेकिन डेनमार्क के खिलाड़ी ने लगातार चार अंक बनाकर मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया। तीसरे गेम में राजावत एक समय 5-। से आगे थे लेकिन एंटोनसेन इंटरवल तक 11-10 मामूली बढ़त हासिल करने में सफल रहे।

# भारतीय टीम का होगा वापसी पर जोर

एजेंसी



चेन्नई। भारतीय महिला टीम पहले मैच में 12 रन से मिली हार के बाद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में वापसी करने के लिए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना चाहेगी।

भारत को शुक्रवार को हुए पहले मैच में कैच छूटने और बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे टीम दक्षिण अफ्रीका के चार विकेट पर 189 रन के जवाब में 20 ओवर में चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका के इस मौजूदा दौरे में यह पहली जीत थी और इससे पहले उसे वनडे श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था जबकि एकमात्र टेस्ट में 10 विकेट से शिकस्त मिली थी। शुक्रवार के मैच के बाद दोनों टीमों के लिए कुछ चिंतायें बनी हुई हैं। भारत की ज्चा घोष और दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स को क्रमशः सिर में चोट और मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बयान के अनुसार ज्चा को कैच लेने में असफल रहने के बाद गर्दन में दर्द और चक्कर आया जिससे यह गेंद उनके चेहरे पर लगी।

बीसीसीआई के बयान के अनुसार, उन्हें स्कैन के लिए भेजा गया है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है। ब्रिट्स को अपने दाहिने पैर के निचले हिस्से में गंभीर चोट के कारण स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। हालांकि वह मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में आईं थी और उन्होंने पुष्टि की कि वह आगामी मैचों में खेलने के लिए तैयार हैं।

# प्रज्ञाननंदा और गुकेश टाईब्रेकर में हारे, कारुआना ने जीता खिताब

एजेंसी

बुखारेस्ट (रोमानिया)। भारत के आर प्रज्ञाननंदा और डी गुकेश को चार खिलाड़ियों के बीच खेले गए टाइब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा जिसमें दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने तीनों रैपिड गेम जीतकर सुपरबेट क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। कारुआना क्लासिकल प्रारूप में नीदरलैंड के अनीश गिरी से हार गए, जिससे मुकाबला रोचक बन गया क्योंकि गुकेश, प्रज्ञाननंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा सभी उनकी बराबरी पर पहुंच गए। प्रज्ञाननंदा मुख्य बाजी में अलीरेजा के सामने एक समय बेहद मुश्किल स्थिति में फंसे हुए थे। यदि फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लासिकल दौर की



इस बाजी को जीत जाता तो फिर वह कारुआना से आगे निकल जाते और विजेता का फैसला करने के लिए टाइब्रेकर की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन कारुआना हार गए, जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली जिससे विजेता का फैसला करने के लिए चार खिलाड़ियों के बीच टाइब्रेकर की स्थिति बन गई।

# हर जिले में सहकारी बैंक का लक्ष्य

## केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दुग्ध उत्पादन मंच बनाने पर दिया जोर

एजेंसी

गांधीनगर। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने देश के प्रत्येक जिले में एक सहकारी बैंक और एक दूध उत्पादक संघ बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में ऐसी दो लाख पंचायतों में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ज ण समितियां (पीएसीएस या पैक्स) भी स्थापित की जाएंगी, जहां कोई सहकारी संस्था नहीं है।



शाह ने 102वें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नैनो-यूरिया और नैनो-डीएपी पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी की घोषणा करने के लिए गुजरात सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र ग्रामीण और कृषि अर्थव्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, और उन्होंने सहकारी संस्थाओं के बीच सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। शाह ने कहा, केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकार ने लक्ष्य रखा है कि देश में ऐसा कोई राज्य या जिला न हो, जहां जिला सहकारी बैंक और जिला दुग्ध उत्पादक संघ न हो। आज भी देश में दो लाख पंचायतें ऐसी हैं, जहां कोई सहकारी संस्था नहीं है। अगले पांच साल में हम इन दो लाख पंचायतों में बहुउद्देशीय पैक्स बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र जल्द ही राष्ट्रीय सहकारिता नीति लाएगा। उन्होंने कहा कि देश में ।,100 नए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाए गए हैं और एक लाख से अधिक पैक्स ने नए उपनियमों को स्वीकार कर लिया है। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) 2,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी करने से अधिक सहकारी संस्थाओं के कल्याण के लिए काम कर सकेगा। उन्होंने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और राज्य सहकारी बैंकों से पैक्स और अन्य सहकारी संस्थाओं के लिए जिला या राज्य सहकारी बैंकों में अपने खाते खोलने की व्यवस्था करने का आग्रह किया, जिससे सहकारी क्षेत्र मजबूत होगा।

शाह ने कहा कि जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने और जैविक खेती करने वाले किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड (एनसीओएल) की स्थापना की है। शाह ने कहा, आज एनसीओएल द्वारा भारत जैविक आटा भी पेश किया गया है। अमूल ने भी दिल्ली में जैविक उत्पादों की एक दुकान शुरू की है। भारत जैविक और अमूल दोनों विश्वसनीय और 100 प्रतिशत जैविक ब्रांड हैं। जैविक उत्पादों पर भारत ब्रांड की मुहर, दुनिया की सबसे आधुनिक तकनीक का उपयोग करके परीक्षण करने के बाद ही लगाई जाती है। केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और उपभोक्ता सहकारी संस्थाएं भी 100 प्रतिशत एमएसपी पर चार प्रकार की दालें खरीदेंगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए सहकार से समृद्धि के मंत्र के पीछे एकमात्र उद्देश्य 30 करोड़ लोगों के जीवन में आत्मविश्वास, खुशी और समृद्धि लाना है, जो आजादी के 75 साल बाद भी पिछड़े हुए हैं। दिल्ली के मयूर विहार में अमूल की पहली एक्सक्लूसिव ऑर्गेनिक शॉप का ई-उद्घाटन करते हुए शाह ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए अमूल के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की।

# तीन नये कानूनों पर चिदंबरम की टिप्पणी आपत्तिजनक : धनखड़



तिरुवनंतपुरम। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम पर उनकी टिप्पणी कि तीन नए आपराधिक कानून अकुशल लोगों ने तैयार किए , को लेकर निशाना साधते हुए इसे अक्षम्य करार दिया और इस आपत्तिजनक और मानहानिकारक कथन को वापस लेने का अनुरोध किया। धनखड़ ने कहा कि वह सुबह एक राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र में चिदंबरम का साक्षात्कार पढ़कर दंग रह गए, जिसमें उन्होंने कहा है कि नए कानून अकुशल लोगों ने तैयार किए हैं।

उपराष्ट्रपति ने यहां भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, क्या संसद में हम अकुशल लोग हैं? यह संसद की सूझ-बूझ का अपमान है, जिसके लिए कोई माफी नहीं है...मेरे पास ऐसी सोच और एक सांसद को अकुशल कहे जाने की निंदा करने के लिए शब्द नहीं हैं।

उन्होंने कहा, मैं इस मंच से उनसे (चिदंबरम) अपील करता हूं कि कृपया संसद सदस्यों (सांसदों) के बारे में इस आपत्तिजनक, मानहानिकारक और निंदनीय टिप्पणी को वापस लें। मुझे आशा है कि वह ऐसा करेंगे। धनखड़ ने आगे कहा कि जब जानकार लोग जानबूझकर आपको गुमराह करते हैं, तो हमें सतर्क रहने की जरूरत है। उपराष्ट्रपति ने कहा, आज सुबह जब मैंने अखबार पढ़ा तो एक जानकार व्यक्ति, जो इस देश का वित्त मंत्री रह चुका है।

## संक्षेप

### यूक्रेन में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं : पुतिन

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन यदि यूक्रेन की मदद कर रहे पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को ऐसा कभी नहीं करेगा तो यह उनकी गलती है। पुतिन ने यह संदेश ऐसे समय में दिया है जब यूक्रेनी सैन्य बलों को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश मदद पहुंचाने के लिए कदम उठा रहे हैं। पुतिन ने इन नाटो सदस्यों को स्पष्ट संदेश दिया कि यूक्रेन को सैन्य सहायता मुहैया कराने पर उनका रूस के साथ संघर्ष हो सकता है जो परमाणु संघर्ष में बदल सकता है। मॉस्को ने हाल में दक्षिणी रूस में सहयोगी बेलारूस के साथ मिलकर अपने परमाणु हथियार संबंधी सामरिक तैयारी के लिए अभ्यास किया। पश्चिमी देश यूक्रेन में नाटो सैनिकों की तैनाती और रूसी क्षेत्र में सीमित हमलों के लिए उसे लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। रूस ने अपने सैन्य अभ्यास को पश्चिमी देशों के इसी कदम की प्रतिक्रिया बताया। पुतिन ने यूक्रेन में 24 फरवरी 2022 को हमला शुरू किया था और इसके बाद से वह युद्ध में पश्चिमी देशों के हस्तक्षेप को हतोत्साहित करने के लिए रूस की परमाणु ताकत का कई बार जिक्र कर चुके हैं।

# भगवान ही मुझे राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से बाहर कर सकते हैं : बाइडन

एजेंसी

वाशिंगटन। जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप के साथ राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत हुई पहली बहस में अपने खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए शुक्रवार को कहा कि वह बहस से पहले थके हुए और बीमार थे।

अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने साथ ही कहा कि केवल सर्वशक्तिमान भगवान ही उन्हें पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर कर सकते हैं। बाइडन (81) ने यह बात एक टेलीविजन चैनल को दिए साक्षात्कार में कही।

राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत अटलांटा में 27 जून को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडन की लोकप्रियता की रेटिंग गिर गई है जिसके बाद उन्हीं की पार्टी के कुछ नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया था। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का लक्ष्य लिए चुनावी मैदान में उतरे बाइडन ने ट्रंप पर आदतन झूठा होने का आरोप लगाया।

# नीट मामले में झूठ बोल रही है सरकार : खरगे

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 के मामले में केंद्र सरकार के हलफनामे को लेकर शनिवार को कहा कि लाखों युवाओं से सफ़ेद झूठ बोला जा रहा है तथा उनका भविष्य बर्बाद किया जा रहा है।

दरअसल विवादों में घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने की बढ़ती मांग के बीच, केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि इसे रद्द करना बेहद प्रतिकूल होगा और व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से इसे उत्तीर्ण करने वालों के करियर की संभावनाओं के लिए, काफी हानिकारक होगा। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार ने माननीय उच्चतम न्यायालय को बताया है कि नीट-यूजी में कोई पेपर लीक नहीं हुआ है उ लाखों युवाओं से ये सफ़ेद झूठ बोला जा रहा है। उनके भविष्य को बर्बाद किया जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि केवल कुछ जगहों पर अनियमितताएंचीटिंग हुई हैं। यह गुमराह करने वाली बात है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूरी शिक्षा प्रणाली को अपने कब्ज़े में रखकर शिक्षा माफ़िया को बढ़ावा दिया है। खरगे ने कहा, एनसीईआरटी की किताबें हों या परीक्षा में गड़बड़ी, मोदी सरकार हमारी शिक्षा व्यवस्थाओं को तबाह करने पर तुली है। उन्होंने कहा, हम दोहराते हैं कि नीट-यूजी को फिर से कराया जाए और पारदर्शी तरीके तरह से ऑनलाइन कराया जाए।

# असम बाढ़ : 30 जिलों के 24.5 में लाख लोग प्रभावित



एजेंसी

गुवाहाटी। असम में शनिवार को भी बाढ़ से स्थिति गंभीर बनी रही और प्रमुख नदियां कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं हैं। बाढ़ से 30 जिलों के 24.50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई।

इस साल बाढ़ से 52 लोग जान गवा चुके हैं जबकि भूस्खलन और तूफान से 12 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित डिब्रूगढ़ जिले से लौटे मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक की और राज्य में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा, डिब्रूगढ़ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद हमने स्वास्थ्य वित्तीय सहायता योजना असम आरोग्य निधि के साथ कुछ अन्य मुद्दों की समीक्षा की। शर्मा ने यह भी बताया कि अधिकारियों को खासतौर पर दुर्लभतम मामलों को प्राथमिकता देने और किसी मौजूदा योजना के अंतर्गत नहीं आने वालों को प्राथमिकता देने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावितों से बातचीत करने के बाद उनकी समस्याओं के निवारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को लेकर उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना इन कठिन समय में उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है। कछार, कामरूप, हैलाकांडी, होजाई, धुबरी, नागांव, मोरीगांव, ग्वालपाडा, बारपेटा, डिब्रूगढ़, नलबाड़ी, धेमाजी, बोंगाईगांव, लखीमपुर, जोरहाट, सोनितपुर, कोकराझार, करीमगंज, दक्षिण सलमारा, दरांग और तिनसुकिया जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के बुलेटिन के अनुसार सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित जिलों में धुबरी, दरांग, कछार, बारपेटा और मोरीगांव शामिल हैं। कुल 47,103 प्रभावित लोगों ने 612 शिविरों में शरण ली है।

# मेहनतकश मजदूरों को अधिकार व सम्मान दिलाना मेरा संकल्प : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान मजदूरों और उनके परिवारों का भविष्य खतरे में है।

उन्होंने यह भी कहा कि मेहनतकश मजदूरों को अधिकार, सुरक्षा और सम्मान दिलाना उनका संकल्प है। पिछले दिनों राहुल ने दिल्ली के गुरु तेग बहादुर नगर में कई दिहाड़ी मजदूरों से मुलाकात की थी। उन्होंने इसका वीडियो शनिवार को एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा, नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के दौरान भारत बनाने वालों को भयंकर कष्ट झेलना पड़ रहा है। मज़दूर एक दिन की कमाई से चार दिन घर चलाने को मजबूर हैं। बचत के नाम पर एक पाई नहीं और ब्याज भरने की चिंता में वह पेट काट कर अपना जीवन गुजार रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के मुताबिक, जीटीबी नगर में रेहड़ी-पटरी वालों और दिहाड़ी मजदूरों से मिलकर उन्हें उनके जीवन संघर्ष को क़रीब से जानने का मौका मिला। राहुल ने आरोप लगाया कि जो भविष्य का भारत बना रहे हैं, उनके अपने परिवार का भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा, भारत के मेहनतकश श्रमिकों को उनका पूरा हक़, सुरक्षा और सम्मान दिला कर रहूंगा - यह संकल्प है इस वीडियो में देखा जा सकता है कि इन श्रमिकों ने राहुल गांधी को अपनी समस्याओं, खासकर काम नहीं मिलने और परिवार चलाने में आ रही मुश्किलों से उन्हें अवगत कराया। वहीं दूसरी ओर

नयी दिल्ली। रेलगाड़ी चालकों के समूह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें हालिया रेल दुर्घटनाओं के लिए कामकाज संबंधी खराब परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया गया है।

# गाजा में बच्चों एवं संरा कर्मी समेत छह की मौत

दीर अल बलाह (फलस्तीन)। मध्य गाजा में इजराइल के हवाई हमलों में शुक्रवार को दो बच्चों और संयुक्त राष्ट्र के एक कर्मी समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी अस्तपाल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दीर अल-बलाह शहर में अल अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाजा में सलाह अल-दीन मार्ग पर मघाजी शरणार्थी शिविर के पास एक इजराइली हमले में तीन वयस्कों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों में से एक व्यक्ति ने संयुक्त राष्ट्र की वर्दी पहन रखी थी।

## इंटरटेनमेंट...

# अनंत अंबानी की शादी में परफॉर्मेंस के लिए बीबर को मिले 83 करोड़

रिपोर्ट्स के अनुसार अनंत-राधिका की संगीत सेरेमनी में परफॉर्म करने के लिए जस्टिन बीबर ने 83 करोड़ रुपए चार्ज किए। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के फंक्शंस शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को कपल की संगीत सेरेमनी हुई। सेरेमनी में इंटरनेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर ने परफॉर्म किया।





परफॉर्म करने के लिए बीबर शुक्रवार सुबह मुंबई पहुंचे और देर रात लौट भी गए। द फ्री प्रेस जनरल की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फंक्शन में परफॉर्म करने के लिए बीबर ने 83 करोड़ रुपए चार्ज किए। मुंबई के इंडउ स्थित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में हुए इस फंक्शन में अंबानी परिवार ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर लौटे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या का भी सम्मान किया। नीता और मुकेश अंबानी ने तीनों को स्टेज पर बुलाकर गले लगाया। जावेद जाफरी की बेटी अलाविया जाफरी ने परफॉर्मेंस के दौरान बीबर को गले लगा लिया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह वीडियो शेयर किया है। मुकेश अंबानी ने रोहित, सूर्या और हार्दिक को स्टेज पर बुलाकर गले लगाया। संगीत सेरेमनी में अनंत ने गोल्डन एंब्रॉयडरी वाली ब्लैक शेरवानी पहनी। वहीं राधिका हैवी एम्बेलिश्ड गोल्डन लहंगे में दिखीं। जस्टिन बीबर ने 'बेबी बेबी' और 'लव योरसेल्फ' समेत अपने कई हिट गानों पर परफॉर्मेंस दी। रिपोर्ट्स की मानें तो बीबर ने इस परफॉर्मेंस के लिए करीब 83 करोड़ रुपए चार्ज किए। संगीत सेरेमनी में सलमान खान और अर्जुन कपूर समेत कई बॉलीवुड सेलेब्स ने भी स्टेज परफॉर्मेंस दी। इस मौके पर पूरा अंबानी परिवार भी स्टेज पर नजर आया। फैमिली ने 'ओम शांति ओम' के गाने 'दीवानगी-दीवानगी' पर परफॉर्म किया। सेरेमनी में बॉलीवुड से सलमान खान, वरुण धवन, शाहिद कपूर और जान्हवी कपूर समेत कई बॉलीवुड सेलेब्स शामिल हुए। सलमान ने भी स्टेज पर 'हर दिल जो प्यार करेगा' के गाने 'ऐसा पहली बार हुआ है' पर परफॉर्म किया। इस दौरान उनके साथ अनंत, शिखर पहाड़िया और मीजान जाफरी भी स्टेज पर दिखे। 6 जुलाई को रणवीर अपना 39वां बर्थडे भी मना रहे हैं। पार्टी में वो आकाश अंबानी के साथ भी थिरकते नजर आए। स्टेज पर डांस करतीं ईशा अंबानी और एंट्री लेते मुकेश अंबानी। अंबानी फैमिली के भी सभी मेंबर्स ने स्टेज पर परफॉर्म किया। फंक्शन के दौरान नीता और मुकेश अंबानी का एक वीडियो प्ले किया गया जिसमें वो अपने नाती-पोतों पृथ्वी, आदिया, कृष्णा और वेदा के साथ नजर आए।

इस दौरान वरुण धवन, वर्ल्ड चैंपियन कैप्टन रोहित शर्मा से बात करते नजर आए। अनंत अंबानी, सलमान खान के साथ मस्ती करते नजर आए। दोनों के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। सिद्धार्थ मल्होत्रा, जान्हवी कपूर और कियारा आडवाणी भी चर्चा करते दिखे।

# 'एनिमल' के बाद मिलने लगे अच्छे प्रोजेक्ट्स- तृप्ति डिमरी



मुंबई। तृप्ति डिमरी को फिल्म 'एनिमल' से पहचान मिली थी। अब वे अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल और एमी विर्क भी लीड रोल में दिखाई देंगे। ये फिल्म 19 जुलाई को रिलीज होने वाली है। करण जौहर इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। अपनी फिल्म को लेकर तृप्ति ने दैनिक भास्कर से बातचीत की। दरअसल उन दिनों मैंने धर्मा प्रोडक्शन की टैलेंट एजेंसी को जॉइन ही किया था। एक दिन करण सर ने मिलने के लिए बुलाया। उन्होंने आनंद तिवारी सर से मिलवाया।

# केवल महिलाओं के लिए नहीं है फिल्म 'शर्मा जी की बेटी'



मुंबई। आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'शमार्जी की बेटी' हाल ही में अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हुई है। इस फिल्म की स्टोरी भी ताहिरा ने खुद ही लिखी है। फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर लीड रोल में नजर आई हैं। फिल्म की कहानी पर साक्षी तंवर ने कहा, मुझे अतुल और अनुज का कॉल आया था। उन्होंने मुझे मिलने के लिए बुलाया था और इसकी कहानी सुनाई थी। इसके बाद उन्होंने बताया कि इसे ताहिरा कश्यप खुराना डायरेक्ट करने वाली हैं। हम मिले और ताहिरा ने मुझे तुरंत स्टोरी सुनाई और मुझे ये एकदम से पसंद आ गई। इस फिल्म की कहानी वुमन एंपावरमेंट और कुछ सीरियस इश्यूज के बारे में है। मुझे यकीन है कि इस प्रोजेक्ट से महिलाएं रिलेट कर पाएंगी।

सैयामी खेर ने ताहिरा कश्यप खुराना के साथ अपने अनुभव पर कहा, 'ताहिरा ने मुझे ये फिल्म काफी साल पहले नरेट की थी। जिस समय उन्होंने इसे नरेट किया था, ये बहुत पसंद आई थी। मुझे इसकी कहानी अच्छी लगी थी और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए तैयार थी। मुझे सच में ताहिरा के साथ काम करके बहुत मजा आया है। इसके साथ ही मैं उम्मीद करती हूं कि यह फिल्म ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। अपने किरदार पर दिव्या दत्ता ने कहा, 'जब आपकी डायरेक्टर ने इतनी तैयारी कर ली है, तो सिर्फ आपको उनका हाथ थामना होता है और उस मोमेंट पर आपको अपना बेस्ट देना होता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com